दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 8 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-228 ■ पृष्ठ -16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की मां का निधन



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां और दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन का बुधवार को रांची के बरियातू रोड स्थित हिल व्यू अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ दीपक गुप्ता और डॉ उज्जवल राय ने दी। वह करीब 80 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर के बाद झारखंड के ाजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।

72वीं बीपीएससी पीटी परीक्षा टली

पटना। 72वीं बीपीएससी संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित 72वीं बीपीएससी पीटी परीक्षा अब इस तारीख को नहीं होगी। सूत्रों के मुताबिक परीक्षा को आगे बढ़ाए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, नई परीक्षा तारीख को लेकर बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। 25 अक्टूबर की तारीख आयोग के संशोधित परीक्षा कैलेंडर में प्रस्तावित की गई थी। अब इस तारीख पर भी परीक्षा नहीं होने की सूचना से अभ्यर्थियों को नई तारीख के लिए इंतजार करना होगा।

कश्मीर के कुलगाम में 5 आतंकी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में पुलिस ने सेना की राष्ट्रीय राइफल्स (फफ्र) और उफ्ढऋ के साथ संयुक्त अभियान चलाकर पांच संदिग्ध आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई खेवान चडर इलाके में की गई। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 2 पिस्तौल, 3 मैगजीन, 9 की 40 गोलियां और 3 ग्रेनेड जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ताजमुल हुसैन मीर, रहमत अली नाइकू, तेहरिम अहमद भट, मंजूर अहमद भट और किफायत अहमद डार के रूप में हुई है। ये सभी कुलगाम जिले के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा देश : मुख्यमंत्री

विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ



पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने बुधवार को राजधानी के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मशाल जलाकर सेवा ज्योति यात्रा को रवाना किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि आज का दिन विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए बिहार का समृद्ध और सशक्त होना आवश्यक है। पीएम मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 13 वर्षों तक तथा भारत के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

भाजपा कार्यालय में मोदी @25 प्रदर्शनी का उद्घाटन

भाजपा के कार्यकताओं और नेतृत्व ने हर संकट के समय देश के साथ खड़े होकर लोकतंत्र और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बिहार के लगभग 89 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। देश के 10 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में इस योजना के तहत सीधे राशि भेजी जा रही है। सीएम ने कहा कि बिहार में 1 करोड़ 81 लाख जीविका दीदियों के बैंक खातों में राशि भेजी गई है, जिससे महिलाएं स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। बिहार में 50 लाख लखपति दीदियां बन चुकी हैं। कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से पीएम मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित लोगों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल पर आधारित मोदी @ 25 प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 13 वर्षों के कार्यकाल तथा भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले 12 वर्षों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों और संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। कार्यक्रम में मंत्री नीतीश मिश्रा, सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद भीम सिंह, विधायक संजीव चौरसिया, भाजपा संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, राष्ट्रीय मंत्री सिद्धार्थ शंभू, बिहार राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण मेहता सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खाना बनाते समय सिलेंडर ब्लास्ट, महिला की मौत

फुलवारीशरीफ के ईसापुर नहर के पास हुआ हादसा



फुलवारी शरीफ (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के ईसापुर नहर पर बुधवार को मो. शहाब के मकान में खाना बनाने वाले सिलेंडर में ब्लास्ट होने से भीषण आग लग गई। हादसे में किरायेदार मो. मन्नान की पत्नी रेहाना खातून की जलकर मौत हो गई। आग की लपटों में घिरने के कारण रेहाना को बचने का मौका नहीं मिल सका। हादसे में मो. मन्नान भी पत्नी को बचाने के प्रयास में हाथ झुलसने से मामूली रूप से जख्मी हुए हैं।

बताया जाता है कि मो. शहाब के तीन तल्ले मकान में मो. मन्नान किराये पर पत्नी रेहाना खातून और तीन बच्चों के साथ रहते थे। मकान के ऊपरी तल पर छोटे से किचेन में खाना बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। विस्फोट के बाद किचेन में आग की लपटें तेजी से फैल गईं और रेहाना उसी में फंस गईं। आग से घिरी रेहाना को बाहर निकलने और संभलने का मौका तक नहीं मिला और उनकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई। घटना के समय मो. मन्नान मकान के नीचे थे. सिलेंडर ब्लास्ट और आग की जानकारी मिलते ही वे पत्नी को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन इस दौरान उनका हाथ भी झुलस गया। उनके तीनों बच्चों ने किसी तरह मकान से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। आग की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब 8 से 10 दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग बुझने के बाद रेहाना खातून का शव बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं आग में मन्नान के घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया।

दिल्ली के सीमापुरी में 5 मंजिली इमारत गिरने से 3 की गई जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के सीमापुरी इलाके में मछली मंडी के पास बुधवार को एक मंजिला इमारत अचानक गिर गई। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, हादसे में 2 बच्चों और एक गर्भवती महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, शाम तक मलबे से 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में घायल 8 लोगों को इलाज के लिए राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया है। घायलों की पहचान मोमिन मिर्जा, अबदान, अब्दुल रहमान, देव रुद्दीन, सलमा, छोटे, सकीना और समद के रूप में हुई है। यह इमारत ईदगाह मस्जिद के पास स्थित थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसा दोपहर करीब 3:10 बजे हुआ। हादसे के समय बिल्डिंग की पहली मंजिल पर एक परिवार के 4 से 5 लोग मौजूद थे।

महाराष्ट्र में इंडियनऑयल अधिकारी पर सात बार चाकू से हमला, मौत

हिंगोली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में मंगलवार को पेट्रोल पंप सील करने पहुंचे इंडियनऑयल अधिकारी महेश शेलके की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।



विवाद के बाद उन पर 7 बार चाकू से हमला किया गया। पुलिस के मुताबिक, महेश इंडियनऑयल की टीम के साथ अंबाचोंडी गांव के पेट्रोल पंप को सील करने पहुंचे थे। इसी दौरान पंप मालिक के परिवार और वहां मौजूद लोगों से उनका विवाद हो गया। महेश इंडियनऑयल में मैनेजर और फील्ड ऑफिसर थे। यह पेट्रोल पंप कुछ दिन पहले ही दोबारा शुरू हुआ था। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हत्या को निंदनीय और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम मंत्रालय और इंडियनऑयल महेश के परिवार को हर संभव मदद देंगे।

किसानों को जमीन का उचित मुआवजा दे सरकार : टिकैत

सैटेलाइट सिटी बनाने पर 2013 का सर्किल रेट नहीं चलेगा



पटना (एनएसबी)। किसान नेता राकेश टिकैत बुधवार को पटना पहुंचे। यहां सांसद सुधाकर सिंह के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार सरकार की सैटेलाइट सिटी बनाने की योजना को लेकर किसानों की जमीन के मुआवजे का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार सैटेलाइट सिटी बनाने की योजना तो बना रही है, लेकिन किसानों से जमीन लेते समय उन्हें उचित कीमत नहीं दी जा रही है।

टिकैत ने कहा कि किसानों से 2013 के सर्किल रेट के आधार पर जमीन लेने की बात की जा रही है। इतने वर्षों में हर चीज की कीमत बढ़ गई, लेकिन किसानों की जमीन का सर्किल रेट उसी हिसाब से नहीं बढ़ाया गया। सरकार को बताना चाहिए कि जमीन की कीमत बढ़ाने में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर जमीन की कीमत 2013 के हिसाब से ही रखनी है तो बाकी चीजों की कीमत भी 2013 के हिसाब से ही रखी जाए। राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों के उचित मुआवजे को लेकर उनकी लड़ाई जारी रहेगी। वह बिहार सरकार को यह बताने आए हैं कि किसानों की जमीन लेने से पहले उन्हें उचित मूल्य दिया जाना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि किसानों की जमीन के लिए 2013 का सर्किल रेट स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विद्युत सेवा बहाली में लापरवाही बरतने पर दो अधिकारी निलंबित

पटना (एनएसबी)। अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उपभोक्ता सेवाओं में अपेक्षित तत्परता नहीं बरतने एवं विद्युत सेवा बहाली में लापरवाही बरतने पर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के दो विद्युत अधिकारियों को निलंबित किया गया है। निलंबित अधिकारियों में हरिकृष्ण शरण, कनीय विद्युत अभियंता, मांझी तथा राजेश कुमार भारती, सहायक विद्युत अभियंता, छपरा (ग्रामीण) शामिल हैं। प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने कहा कि कर्तव्यों में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता और उपभोक्ता सेवा में उदासीनता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। ज्ञात हो कि ऊर्जा विभाग एवं बिजली कंपनियों द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर से प्राप्त शिकायतों का तेजी से निष्पादन करते हुए उसका गहनता से अनुश्रवण किया जा रहा है तथा शिकायतों के निवारण के लिए तत्परता से हर स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

राहुल-प्रियंका का CEC ज्ञानेश के खिलाफ दूसरे दिन धरना

CEC की नियुक्ति अवैध, इस्तीफे तक हम नहीं रुकेंगे : राहुल गांधी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। इस बार दोनों जंतर-मंतर के 200 मीटर पहले सड़क पर बैठ गए। सुरक्षा बलों ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया तो प्रियंका संविधान की कॉपी लेकर सड़क पर लेट गईं। इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ता की सुरक्षाबलों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। इससे पहले राहुल-प्रियंका विपक्षी सांसदों के साथ सागर रत्ना रेस्टोरेंट में लंच के बाद जंतर-मंतर के लिए निकले थे। लंच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिया था। इस लंच में सपा के नेता नहीं पहुंचे। एक दिन पहले इंडिया ब्लॉक के 200 से ज्यादा सांसदों ने संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था, लेकिन उन्हें पहले ही रोक दिया गया। इसके बाद राहुल और प्रियंका ने आकाशवाणी परिसर में 8 घंटे धरना दिया था। इस दौरान राहुल और प्रियंका को दो बार हिरासत में लिया गया। आकाशवाणी परिसर में जबरन घुसने पर दोनों के खिलाफ ऋक्षफ दर्ज की गई है।

तीसरी बार राहुल गांधी हिरासत में

पश्चिम चंपारण में तार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

नरकटियागंज (पश्चिमी चंपारण)। शिकारपुर थाना क्षेत्र के शेरहवा पीपरा गांव में 11 हजार वोल्ट के हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान खिरिया गांव निवासी दीपक यादव और शेरहवा पीपरा निवासी किशुन चौधरी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार शेरहवा पीपरा गांव निवासी जयराम चौधरी के घर पर छठियार (छठी का उत्सव) का कार्यक्रम था। दीपक यादव और किशुन चौधरी बोलेरो से रात करीब नौ बजे उसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में बागीचा के पास सड़क ढलाई के लिए एक मिक्सर मशीन खड़ी थी, जिससे मार्ग पूरी तरह से बाधित था।

पटना-लखनऊ इंडिगो फ्लाइट पर गिरी आकाशीय बिजली

सरोजनी नगर (एजेंसी)। पटना से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट बुधवार शाम खराब मौसम के बीच करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। इससे विमान की नोज क्षतिग्रस्त हो गई। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। विमान में सवार सभी160 यात्री सुरक्षित रहे। इंडिगो की फ्लाइट 6ए925 ने बुधवार दोपहर करीब 3:10 बजे पटना एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए उड़ान भरी थी।

भारत के विकसित होने तक न थकूंगा, न रुकूंगा : प्रधानमंत्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम मोदी ने बुधवार को अपने सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में एक नारे का 19 बार जिक्र किया। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कई बार कहा वी विल डू इट, पीएम ने कहा, 'जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक न थकूंगा, न रुकूंगा।ह्णउन्होंने कहा, ह्यमैं महत्वाकांक्षा नहीं, मिशन के लिए जीता हूं। जिसने मुझे गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया। जिसने मेरा विरोध किया, उसने लोकतंत्र की शक्ति समझाई।ह्ण उन्होंने कहा कि 25 साल पीछे मुड़कर देखने पर उपलब्धियों से ज्यादा कृतज्ञता का भाव आता है। हर घटना ने कुछ सिखाया और नम्र होना सिखाया। ईश्वर से यही मांगा कि सीखने की इच्छा कभी कम न हो। मोदी ने कहा कि हमने इस राष्ट्र में जन्म लिया है, ये एहसास ही अमृत है। इसके सामने सत्ता सुख कुछ नहीं है। पद-प्रतिष्ठा तो कहीं भी मिल सकती है, लेकिन भारत जैसी पुण्यभूमि नहीं मिलेगी। 25 सालों का आकलन इससे नहीं होगा कि मैं कहां पहुंचा, बल्कि इससे होगा कि मेरा देश कहां पहुंचा।

सीतामढ़ी में हत्या के तीन आरोपियों का पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार के सीतामढ़ी जिले में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में दिनेश यादव हत्याकांड से जुड़े तीन आरोपी घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घटनास्थल से तीन सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, बुधवार की रात जिला आसूचना इकाई (डीआईयू) को गुप्त सूचना मिली थी कि दिनेश यादव हत्याकांड के आरोपी सुनील कुशवाहा और उसके साथी रीगा-परसौनी थाना क्षेत्र में देखे गए हैं। सूचना मिलते ही आसपास के सभी थाना क्षेत्रों को हाई अलर्ट कर दिया गया। संदिग्ध अपराधियों की घेराबंदी के लिए रीगा थानाध्यक्ष, डीआईयू की टीम और दिनेश यादव हत्याकांड की जांच के लिए गठित विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) ने रीगा-परसौनी रोड पर सघन गश्त शुरू की।

8 सीटों पर बागियों ने बढ़ाई NDA की टेंशन

एमएलसी चुनाव : सीएम सम्राट चौधरी ने बनाई डैमेज कंट्रोल की रणनीति



पटना (एनएसबी)। विधान परिषद चुनाव में स्नातक एवं शिक्षक कोटे की आठों सीट पर एनडीए के मतों में बिखराव को रोकने के लिए बुधवार की शाम बागियों को साधने की रणनीति बनी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में लोक सेवक आवास में हुई बैठक में तय हुआ कि सभी दल अपने-अपने बागियों को नौ अक्टूबर से पहले नामांकन वापस करना सुनिश्चित करें।

सीएम ने नौ अक्टूबर को बुलाई एनडीए विधान मंडल दल की बैठक : विदित हो कि नौ अक्टूबर नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है। साथ ही शुक्रवार की शाम में नामांकन वापसी की समय सीमा समाप्त होने के उपरांत चार बजे से एनडीए विधान मंडल दल की बैठक बुलाई गई है। इसके साथ ही एनडीए के पांच दलों के नेताओं को आवश्यकता के अनुसार प्रत्याशियों से साथ विचार-विमर्श कर क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए बुलाने का प्रस्ताव भी मांगा गया।

एनडीए की बैठक दोनों उप मुख्यमंत्री के साथ पांचों दल के नेता हुए सम्मिलित : बैठक में उप मुख्यमंत्री द्वय विजय कुमार चौधरी एवं बिजेंद्र प्रसाद यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं पार्टी के विधानसभा में मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया उपस्थति रहे।

इनके अलावा जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, रालोमो की ओर से पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, लोजपा (रा) की ओर से दो मंत्री संजय कुमार एवं संजय कुमार सिंह की सहभागिता रही।

खबरें : एक नजर में

पटना स्नातक एमएलसी चुनाव : जन सुराज प्रत्याशी अनुज सिंह के पक्ष में उतरे अनंत सिंह, फतुहा से बख्तियारपुर तक रोड शो, जेसीबी से हुई पुष्प वर्षा

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार डा. अनुज सिंह के पक्ष में माहौल बनाने और तकों से समर्थन जुटाने के लिए बुधवार को जदयू के बाहुबली विधायक अनंत कुमार सिंह ने फतुहा से लेकर



जदयू के बाहुबली विधायक अनंत कुमार सिंह ने फतुहा से लेकर बख्तियारपुर तक सघन जनसंपर्क अभियान चलाया।

बख्तियारपुर तक सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कई स्थानों पर उन्हें देखने और स्वागत करने के लिए सड़कों पर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

'जेसीबी से की गई पुष्प वर्षा, जगह-जगह जोरदार स्वागत' : दौरे के क्रम में खुसरूपुर प्रखंड के गोबिंदपुर और बैकुंठपुर में विधायक अनंत सिंह का काफिला पहुंचते ही स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष निलेश रंजन के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने अनंत सिंह का अभिनंदन किया। ग्रामीणों व समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया,कार्यकर्ताओं द्वारा जेसीबी की मदद से उनके काफिले पर पुष्प वर्षा की गई।

'पूर्व एमएलसी बाल्मीकि सिंह भी रहे साथ' : इस जनसंपर्क अभियान में अनंत सिंह के साथ पूर्व विधान पार्षद एवं बख्तियारपुर से जन सुराज के पूर्व प्रत्याशी रहे बाल्मीकि सिंह भी कदम से कदम मिलाकर चलते दिखे। नेताओं ने रास्ते भर तक मतदाताओं से संवाद स्थापित कर जन सुराज प्रत्याशी अनुज सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। समर्थकों के भारी उत्साह और स्थानीय नेताओं की एकजुटता से इलाके का चुनावी तापमान गरमा गया है।

10 को बापू सभागार में होगा राज्यस्तरीय 'सेवा ही संकल्प' कार्यक्रम, 'केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और शिक्षा मंत्री होंगे शामिल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्यस्तरीय 'सेवा ही संकल्प' कार्यक्रम का आयोजन 10 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 : 30 बजे होगी। बुधवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई।

कार्यक्रम के दौरान 'सेवा चित्र' एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

'सेवा ही संकल्प' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना, रचनात्मकता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनकी रचनात्मक सोच को भी मंच प्रदान किया जाएगा।

दशहरा को लेकर खुसरूपुर थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, पंडालों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। दशहरा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को खुसरूपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फतुहा एसडीपीओ-2 संजीव कुमार ने की। बैठक को नगर पंचायत अध्यक्ष मिंटू कुमार, अंचल पदाधिकारी रविन्द्र कुमार चौपाल और कनीय विद्युत अभियंता संजीव कुमार ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर पुअनि शिवजी यादव, शकील अंसारी, झूलन पासवान सहित बड़ी काली पूजा समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, बड़ी दुर्गा पूजा समिति के शंकर प्रसाद एवं सुमन कुमार, बैकठपुर से आजादी पासवान,अजय कुमार आजाद और विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने पूजा समितियों को सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन से विस्तार से अवगत कराया और नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ संजीव कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी पूजा समितियों को बिजली विभाग और अगिशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी सूरत में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई कानून का उल्लंघन करता हुआ पाया गया, तो डीजे को तुरंत जब्त कर कार्रवाई की जाएगी।

हेमू का शौर्य और पराक्रम देता है स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा : संजय सरावगी

सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य 'हेमू' के दिल्ली विजय एवं राज्यारोहण विजय उत्सव में उमड़ा जनसैलाब

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भाजपा बिहार वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को राजधानी के विद्यापति भवन में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य 'हेमू' के दिल्ली विजय एवं राज्यारोहण विजय उत्सव तथा सेवा संकल्प के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रो. (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन की उपस्थिति से विद्यापति भवन परिसर उत्सवमय रहा।

कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा विधायक संजय सरावगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सम्राट हेमू का अदम्य साहस, असाधारण युद्ध कौशल और राष्ट्र स्वाभिमान के लिए उनका संघर्ष भारतीय इतिहास की गौरवशाली विरासत है। उनका शौर्य और पराक्रम आज भी देश के स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सम्राट हेमू की वीरता और संघर्ष को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद भीम सिंह, विधायक संजय गुप्ता एवं जीवन कुमार ने भी सम्राट हेमू के साहस,



लोगों ने सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य 'हेमू' के शौर्य एवं राष्ट्र के प्रति योगदान को नमन किया।

पराक्रम एवं ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए उनके जीवन को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताया।

प्रदेश संयोजक प्रो. (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन सेवा, राष्ट्र स्वाभिमान और सामाजिक सहभागिता का संदेश देता है। वाणिज्य प्रकोष्ठ व्यापारियों, उद्यमियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों को संगठन से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

प्रदेश सह-संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता ने कहा कि 7 अक्टूबर का अवसर इतिहास और वर्तमान की दो प्रेरणादायी यात्राओं को स्मरण करने का अवसर है। एक ओर सम्राट हेमू की दिल्ली विजय एवं राज्यारोहण की गौरवशाली स्मृति और दूसरी ओर सेवा एवं संकल्प की 25 वर्षों की यात्रा।

पूर्व मंत्री प्रो. (डा.) सीता सिन्हा एवं प्रो. (डा.) दिवाकर प्रसाद, प्राचार्य, बी.डी. कॉलेज एवं सीनेट सदस्य, पूर्णिया विश्वविद्यालय ने भी सम्राट हेमू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य प्रवक्ता नरेश महतो ने कार्यक्रम में बड़ी जनसहभागिता को उत्साहजनक बताया।

इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक राजेश्वर प्रसाद राजेश, नितिन कुमार रिंकू, इंद्रभान सिंह, सुशील कुमार सिंह, मनु चौधरी, कृष्ण कुमार आजाद, सौरभ भगत, ओमप्रकाश गुप्ता, चितरंजन महतो एवं नागेंद्र बाबा, कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ताय क्षेत्रीय प्रभारी रामजी प्रसाद जायसवाल, देवेंद्र कुमार गुप्ता, मिंटू जायसवाल, मनोज गुप्ता, सुंदर साहू, धर्मवीर सिंह, राकेश कुमार गुप्ता एवं आनंद पराशर मिश्राय महिला प्रदेश सह-संयोजक अमृता गुप्ता तथा महिला प्रभारी नीलम गुप्ता, जय श्री भौमिक एवं शालिनी शेखर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

घूस लेने और मारपीट के आरोप में दारोगा लाइन हाजिर, विशेष टीम गठित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। रामकृष्णानगर थाना के एक पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल होने के बाद सिटी एसपी ईस्ट ने बड़ी कार्रवाई की है। मारपीट और वसूली के आरोप में दारोगा को लाइन हाजिर कर डी एस पी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई है। रामकृष्णानगर थाने से जुड़ा हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें रामकृष्णानगर थाना के पुलिस दीदी थप्पड़ काण्ड के आईओ दारोगा सौरव पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। इतना ही नहीं, आरोप यह भी है कि पुलिस कर्मी ने उक्त व्यक्ति से अवैध रूप से पैसे (रिश्वत) लेकर उसे छोड़ा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), शैलजा के कार्यालय द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। पुलिस प्रशासन ने साफ किया कि पुलिस विभाग में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या अनुशासनात्मक उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उच्च अधिकारियों ने वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों को बेहद गंभीरता से लिया है और मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश जारी कर दिए। विज्ञप्ति के मुताबिक वायरल वीडियो की सच्चाई और आरोपों की तह तक पहुंचने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, सदर, पटना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है। यह टीम पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट (प्रतिवेदन) प्राप्त होते ही आरोपी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध आगे की कड़ी कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने त्वरित एक्शन लिया है। संबंधित पुलिस पदाधिकारी कर्मी के विरुद्ध प्राथमिक अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस त्वरित कार्रवाई से पटना पुलिस ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि कानून का उल्लंघन करने वाले चाहे आम नागरिक हों या पुलिसकर्मी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

जोड़ों का संरक्षण और प्रारंभिक उपचार थीम पर विशेषज्ञों ने दी सलाह

पटना (दैनिक नवसंदेश)। इंडियन अर्थोपेडिक रूमेटोलजी एसोसिएशन द्वारा ग्लोबल अर्थोपेडिक फोरम और फिजियो हेल्पिंग हैंड के सहयोग से यारपुर, पटना स्थित अक्षत सेवा सदन में एक विशाल गठिया (आर्थराइटिस) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम पूरे देश में इंडियन ऑर्थोपेडिक रूमेटोलजी डे के रूप में मनाए जाने वाले 7 अक्टूबर के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को हड्डियों और जोड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम जोड़ों का संरक्षण और प्रारंभिक उपचार रखी गई थी।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि बदलती जीवनशैली में जोड़ों की समस्याओं से बचने के लिए दैनिक जीवन में नियमित व्यायाम और संतुलित पौष्टिक आहार को शामिल करना अनिवार्य है। समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने की इस पहल की सराहना की और बेहतर खान-पान पर जोर दिया।

डा. एस.एस. झा , एसोसिएशन के संरक्षक ने कहा देश की 1 प्रतिशत आबादी रूमेटाइड आर्थराइटिस से पीड़ित देश के मौजूदा चिकित्सा आंकड़ों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत की लगभग 1 प्रतिशत आबादी रूमेटाइड आर्थराइटिस (आमवात



इंडियन ऑर्थोपेडिक रूमेटोलजी डे पर अक्षत सेवा सदन में जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री।

गठिया) से पीड़ित है, जिसके लिए सही समय पर उचित देखभाल और चिकित्सा प्रबंधन बेहद जरूरी है।

विशिष्ठ अतिथि प्रेम सिंह, गोल्डमैन ने कहा वर्तमान में खराब जीवनशैली के कारण बुजुर्गो के साथ-साथ युवा भी तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं।

ग्लोबल अर्थोपेडिक फोरम के अध्यक्ष डा. सरसिज नयनम ने कहा कि यदि बीमारी के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर तुरंत इलाज शुरू कर दिया जाए, तो जोड़ों में होने वाली शारीरिक विति को पूरी तरह से रोका जा सकता है। जोड़ प्रत्यारोपण होना चाहिए

डा. अमूल्य कुमार सिंह - इंडियन अर्थोपेडिक रूमेटोलजी एसोसिएशन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्य व्याख्यान देते हुए कहा, भारतीय आबादी में घुटने और कूल्हे की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। लेकिन मरीजों को यह समझना होगा कि जइंट रिप्लेसमेंट (जोड़ प्रत्यारोपण) हमेशा इलाज का अंतिम विकल्प होना चाहिए।

जेन जी का आंदोलन और उसके बाद विषय पर राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। गांधी संग्रहालय, पटना में जन अभियान, बिहार द्वारा जेन जी का आंदोलन और उसके बाद विषय पर एक राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित किया गया जिसमें इसके द्वारा तैयार एक आधार पत्र भी पेश किया गया।

स्वागत भाषण कमरेड नंदकिशोर सिंह, जो इसके वर्तमान संयोजक हैं, के द्वारा दिया गया। अपने स्वागत भाषण के अंत में उन्होंने कन्वेंशन को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक चार सदस्यीय अध्यक्ष मंडल (सीसीआई के साथी सतीश, जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी के साथी कृष्ण मुरारी, जनवादी लोकमंच के साथी रामपुकार और नागरिक अधिकार रक्षा मंच के साथी संजय श्याम) का प्रस्ताव दिया जिसका कन्वेंशन में भाग ले रहे साथियों ने तालियों के द्वारा समर्थन किया।

सभा की शुरुआत आधार पत्र के साथ की गई जिसे पेश करने का काम सर्वहारा जनमोर्चा के साथी अजय सिन्हा ने किया।

जन अभियान, बिहार के घटक संगठनों की तरफ से इस कन्वेंशन को संबोधित करने वालों के नाम इस प्रकार हैं - जनवादी लोक मंच से साथी बलदेव झा, सीपीआई (एमएल) से साथी अशोक बैठा, नागरिक अधिकार रक्षा मंच से साथी रंजीत, कम्युनिस्ट सेंटर अफ इंडिया से साथी पार्थ सरकार, जन मुक्ति संघर्ष वाहिनी से साथी मणिलाल, एम सीपीआई (यू) के साथी प्रो कृष्णा नंदन सिंह, सीपीआई (एमएल)-एनडी से रामचन्द्र सिंह तथा सर्वहारा जनमोर्चा से साथी मंटू। इन सबने आधार पत्र की बातों का समर्थन करते यह कहा कि जेन जी आंदोलन एक ऐतिहासिक आंदोलन है जिसने मोदी सरकार को माकूल चुनौती दी है, लेकिन यह भी कहा कि आगे दिशा का सवाल प्रमुख होने वाला है।

जन अभियान, बिहार के घटक संगठनों के अलावा आमंत्रित संगठनों के निम्नलिखित साथियों ने भी इस महती कन्वेंशन को संबोधित किया - फिलहाल पत्रिका की संपादिका प्रीति सिन्हा, आइसा से साथी मनीषा, दिशा छात्र संगठन से साथी ऋत्विक, श्रम मुक्ति संगठन से साथी राश बिहारी चौधरी, जन संघर्ष मोर्चा से प्रदीप मेहता, आईडीएसओ से साथी पवन कुमार, छात्र युवा मंच से छोटू हमब्रेम, कहानीकार चितरंजन भारती, शिक्षक चंद्रभूषण प्रसाद सिंह, आदि। इन सबने भी जाने जी आंदोलन के महत्व को रेखांकित किया। कन्वेंशन में जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा (विकल्प) के साथियों द्वारा सभा में जोशीले क्रांतिकारी गीतों की भी प्रस्तुति की गयी।

अंत में, आगे संघर्ष को और तेज करने और सरकारी दमन का विरोध करते नारों के साथ कन्वेंशन का अपरा लगभग 4 :30 अंत किया गया।

जमीन से जुड़े धोखाधड़ी मामले में एक साल से फरार आरोपित गिरफ्तार, शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने दबोचा, न्यायिक हिरासत में भेजा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शास्त्रीनगर थाना पुलिस टीम ने केस संख्या 36/ 2023 में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी मुकेश सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामला शास्त्रीनगर स्थित सरदार पटेल भवन के पीछे करीब 22 हजार वर्गफीट जमीन से संबंधित कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। जांच के अनुसार, आरोपी मुकेश सिंह ने उक्त संपत्ति के संबंध में मेसर्स भव्या कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के साथ डेवलपमेंट एग्रीमेंट किया था। आरोप है कि एग्रीमेंट के बाद उसने कंपनी को संपत्ति का कब्जा नहीं सौंपा तथा बाद में उसी संपत्ति पर मेसर्स बालाजी होम्स के साथ भी डेवलपमेंट एग्रीमेंट कर लिया। मामले की जांच के दौरान मेसर्स बालाजी होम्स के मालिक दीपक सागर की संलिप्तता भी सामने आई थी। उसे कुछ माह पूर्व गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह जमानत पर है। आरोपी मुकेश सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम करीब एक वर्ष से लगातार प्रयास कर रही थी। विभिन्न स्थानों पर कई बार छापेमारी एवं तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान आरोपी बार-बार अपना मोबाइल नंबर और ठिकाना बदलकर पुलिस से बचता रहा। लगातार अनुसंधान, तकनीकी एवं खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी का सुराग प्राप्त किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे 5 अक्टूबर की सुबह न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में अनुसंधान जारी है। पुलिस द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी

इफको की संस्था आईएफएफडीसी के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में हुए सह नामांकित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। किसानों के विकास और वन संपदा के संरक्षण के क्षेत्र में देश की अग्रणी सहकारी संस्था इफको ने इंडियन फार्म फरेस्ट्री डेवलपमेंट को-ऑपरेटिव लिमिटेड में बिहार के मनीष सिंह को अपने निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में सह-नामांकित किया है। मनीष सिंह वर्तमान में भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं गुजरात के प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं।

आईएफएफडीसी की प्रबंध निदेशक माधवी एम् विप्रदास द्वारा जारी पत्र के अनुसार, यह नामांकन



मनीष सिंह।

25 सितंबर, 2026 को गुरुग्राम स्थित मुख्यालय में आयोजित निदेशक मंडल की 129वीं बैठक में सर्वसम्मति से किया गया। गौरतलब है कि आईएफएफडीसी देश भर में वेस्टलैंड विकास, कृषि वानिकी और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। मनीष सिंह को इफको द्वारा आईएफएफडीसी में निदेशक नियुक्त किया गया है।

मनीष सिंह ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए देश के सहकारिता मंत्री अमित शाह, इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी, आईएफएफडीसी के अध्यक्ष, निदेशक मंडल, प्रबंध निदेशक एवं इफको के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसान और पर्यावरण - यही भारत का भविष्य हैं। मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन मैं पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ करूंगा। बिहार सहित देश के किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्ष की जनसेवा यात्रा राष्ट्र सेवा और समर्पण की प्रेरणादायी गाथा : डा. प्रेम कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रारंभ हुई और देश के प्रधानमंत्री के रूप में अनवरत जारी 25 वर्षीय गौरवशाली जनसेवा यात्रा के पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि यह ढाई दशकों का गौरवपूर्ण कालखंड भारतीय लोकतंत्र में सेवा, संकल्प और समर्पण की एक अद्वितीय गाथा है। प्रधानमंत्री ने इन 25 वर्षों में 'राष्ट्र प्रथम' के अटल मंत्र को जीवन का ध्येय बनाकर कार्य किया है। मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात में सुशासन और विकास का मॉडल प्रस्तुत करने से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाने तक, उनकी हर पहल में अंत्योदय का भाव और अंतिम व्यक्ति के उत्थान की चिंता सर्वविदित है। गरीब कल्याण, किसान सम्मान, नारी सशक्तिकरण, युवा शक्ति और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उनके द्वारा लिए गए निर्णयों ने करोड़ों देशवासियों के जीवन में आशा और विश्वास का नया संचार किया है।



डा. प्रेम कुमार।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल सत्ता की नहीं, बल्कि राष्ट्र-साधना की प्रेरणादायी आधारशिला है। नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत आज आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। अध्यक्ष ने इस ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर पर प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सुदीर्घ, यशस्वी जीवन एवं निरंतर राष्ट्रसेवा हेतु ईश्वर से मंगलकामना की है।

खबरें | खास-खास

काव्य में नूतनता आकर्षण के लिए आवश्यक किंतु प्रयोग सीमा में हो

साहित्य सम्मेलन में गजल-संग्रह 'सिद्धेश्वर की आजाद गजलें' का हुआ लोकार्पण, हुई चर्चा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। काव्य में नूतनता काव्य-साहित्य में पाठकों की रूचि बढ़ाने में महवपूर्ण भूमिका अदा करती है। समृद्ध काव्य-कल्पनाएँ कविता का ऋंगार करती हैं। यही कवि की शक्ति भी है। ऋंगार से कविता रूपवती होती है और प्रयोग से आकर्षक । किन्तु प्रयोग इस प्रकार का न हो, जो कविता को छिन्न-भिन्न कर दे। यह ध्यान रहे कि कविता का सौंदर्य ही पाठकों को कर्षित करता है। सौंदर्य-विहीन सपाट कविताएँ हृदय में उतर नहीं पातीं। इसीलिए काव्य-शास्त्र में अलंकार, प्रतीक, शब्द-संयोजन, छंद और काव्य-कल्पनाओं पर बल दिया गया है।



सिद्धेश्वर के गजल-संग्रह 'सिद्धेश्वर की आजाद गजलें' के लोकार्पण-समारोह में अतिथि।

यह बातें बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित सुप्रसिद्ध कवि-चित्रकार सिद्धेश्वर के गजल-संग्रह सिद्धेश्वर की आजाद गजलें के लोकार्पण-समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि सिद्धेश्वर एक परिश्रमी और काव्य-निष्ठा से समृद्ध कवि हैं। गजलें भी आजाद हो सकती हैं, यह इनके विचार में आया और उसे व्यक्त करने की चेष्टा कर रहे हैं। हिन्दी-उर्दू के गजलकार इसे किस रूप में देखेंगे, यह समय निश्चित करेगा, किंतु गजलकार को शुभकामनाएँ प्राप्त होनी चाहिए।

पुस्तक का लोकार्पण करते हुए, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने गजल कहने की परंपरा और गजल के स्वरूप पर विस्तार से चर्चा की और इस पुराने स्वरूप से सिद्धेश्वर किस प्रकार अलग हुए हैं, इसे रेखांकित किया।

समारोह के मुख्य अतिथि और बिहार विधान परिषद के सदस्य डा राज वर्धन आजाद ने कहा कि गजलकार सिद्धेश्वर जी ने गजल के पारंपरिक बंधन को एक सीमा तक तोड़ने की कोशिश की है, जिसे स्वीकार किया जा सकता है।

वरिष्ठ साहित्यकार और गोष्ठी के मुख्य-वक्ता डा किशोर सिन्हा का विचार था कि इश्क से आरम्भ हुई आज के दौर में पहुँची गजल के मिजाज में बदलाव आते रहे हैं। देखने में यह पुस्तक एक पत्रिका जैसी दिखती है। अपने चित्रों से सजी और बहुरंगी होने के कारण देखने में अवश्य ही यह पुस्तक अच्छी लगती है।

कवि मधुरेश नारायण, अमरेन्द्र कुमार उन्मेष, रामयतन यादव, डा ऋचा वर्मा, डा अंकेश कुमार, डा विद्या चौधरी, डा अर्चना त्रिपाठी, भगवान शंकर, धनंजय कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा कवि को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर लोकार्पित पुस्तक के कवि सिद्धेश्वर ने कहा कि अपनी प्रस्तुति, कलात्मकता और आकार-प्रकार की ष्टि से संसार का अनूठा गजल-संग्रह है। अतिथियों का स्वागत राजप्रिया रानी ने तथा मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने किया। डा नागेश्वर प्रसाद यादव, ई अशोक कुमार, इन्दुभूषण सहाय, डा पंकज कुमार पाण्डेय, संजय कुमार शुक्ल, धनंजय कुमार, अभिराम बुद्धवाहा,शिव कुमार, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

पितृपक्ष पर अशोक नगर में गूंजे भक्ति के स्वर

छपरा/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। पितृ पक्ष के पवित्र अवसर पर छपरा जिले के अशोक नगर में एक भव्य एवं अलौकिक भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान स्व रामरंगीला सिंह और उनकी धर्मपत्नी स्व लालमती देवी की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र इंजीनियर ललित कुमार सिंह तथा पुत्रवधू कार्यपालक दंडाधिकारी वीणा सिंह की ओर से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में भक्ति संगीत की सुरमयी तानों और भजनों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। इस दौरान पूरा अशोक नगर क्षेत्र भक्तिमय माहौल और जयकारों से गुंजायमान रहा। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक संध्या में समाज की कई प्रमुख हस्तियों और अधिकारियों ने शिरकत की। स्व सिंह दंपति को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए परिवार के सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पौत्री इंजीनियर सौम्या राज एवं उनके पति मेजर एपी सिंह, पौत्री डा. तान्या राज एवं उनके पति मेजर आरआर राठौर, तथा पौत्र डा. साईं श्रवण सहित कई प्रबुद्धजनों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्यों द्वारा स्व रामरंगीला सिंह और स्व लालमती देवी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों की पावन स्मृति में ऐसा आयोजन करना भारतीय संस्ति और उच्च पारिवारिक संस्कारों का जीवंत उदाहरण है। इंजीनियर ललित कुमार सिंह और कार्यपालक दंडाधिकारी वीणा सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और पूर्वजों के प्रति अपनी अपार श्रद्धा व्यक्त की। जागरण के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।



स्व. रामरंगीला सिंह व स्व. लालमती देवी की स्मृति में भव्य जागरण आयोजित।

बिहार वूमेन्स अचीवर अवार्ड सीजन-2 का आयोजन, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। इवेंटजिक मीडिया और इवेंटजिक मीडिया आउटडोर के संयुक्त तत्वावधान में होटल मौर्या में बिहार वूमेन्स अचीवर अवार्ड सीजन-2 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च शिक्षा विभाग एवं विधि विभाग के मंत्री संजय सिंह टाइगर ने किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य संजय मयूख, बिहार महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा, पटना की पूर्व महापौर सीता साहू, समाजसेवी डा. कुमार राजेश रंजन, समाजसेवी किसलय किशोर और कार्यक्रम संयोजक चंदन राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संजय सिंह टाइगर ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी मेहनत तथा साहस के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर रही हैं। जिस समाज में महिलाएं सशक्त और शिक्षित होती हैं, वह समाज और देश हमेशा आगे बढ़ता है। उन्होंने बिहार की प्रतिभावान महिलाओं को सम्मानित करने की पहल की सराहना की। संजय मयूख ने कहा कि भारत की बेटियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज के विकास में योगदान दे रही हैं। सीता साहू ने सभी सम्मानित महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। बिहार महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी है। परिवार से प्रोत्साहन मिलने पर महिलाएं अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ

संक्षिप्त खबरें

गोपालपुर में आज अखंड रामायण पाठ

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर गांव स्थित जय राम भवन में गुरुवार से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अखंड रामायण पाठ का शुभारंभआज से शुरू होगा। आयोजक शैलेश कुमार पांडेय एवं गोनू पांडेय ने बताया कि रामचरितमानस के अखंड पाठ का उद्देश्य परिवार एवं समाज में सुख, शांति, समृद्धि और मंगल की कामना करना है।

प्रखण्ड मुख्यालय में महागठबंधन नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन

चरपोखरी (भोजपुर)। प्रखण्ड मुख्यालय में केन्द्र सरकार के खिलाफ राज्य व्यापी आह्वान पर बुधवार को महागठबंधन के नेताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नेताओं एवं कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में राजद के निवर्तमान अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, जिला पार्षद सदस्य आरती देवी, भाकपा माले के प्रखंड सचिव महेश प्रसाद, कांग्रेस अध्यक्ष ददन सिंह, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह यादव, राजकुमार पासवान, शंभू यादव, पूर्व प्रमुख चंद्रमा राम, हरिचरण सिंह, लालबाबू यादव, धर्मेंद्र यादव एवं आलमगीर अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।



दो बदमाश देसी शराब व बाइक साथ गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 50 लीटर देसी शराब के साथ दो अपराधिक इतिहास वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से शराब ढोने में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। यह कार्रवाई चांदी के समीप से की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव गांव निवासी स्व. गोधन यादव के पुत्र वीरेंद्र यादव उर्फ लंगड़ा और महेंद्र यादव उर्फ बनरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों को 50 लीटर देसी शराब और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। भाकपा माले, राजद, कांग्रेस, वामदल सहित महागठबंधन से जुडे अन्य दलों के कार्यकताओं पीरो में विरोध मार्च निकालकर नरेंद्र मोदी, अमित शाह और मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के द्वारा पूरे देश में एसआईआर के जरिए लगभग 13 करोड़ 16 लाख मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। त्रिसदस्यीय चुनाव आयोग के दो सदस्यों की असहमति को दरकिनार कर फार्म 6 में मनमाने ढंग से भाजपा को फायदा पहुंचाने कि नियत से बदलाव किए गए। जो सरासर लोकतंत्र की हत्या करने जैसा कदम है। सभा का संचालन व अध्यक्षता मनीर आलम ने किया। कार्यक्रम में राजद के पूर्व अध्यक्ष मदन सिंह, कार्यवाह अध्यक्ष सुसील यादव, यशवन्त यादव, विजय यादव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सलाम कुरैशी, भाकपा माले नेता हरेराम राय, पूर्व विधायक चन्द्रीप सिंह, दिनेश्वर राम, देवराज सिंह, दुदुन सिंह, मो शाहिद हुसैन, रामबाबू चन्द्रवंशी, मुकेश देव, हरिमोहन सिंह, मनोज राम, मुन्ना यादव, रबनवाज खान, कुणाल सिंह, रामानुज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अधीक्षक ने शहरी क्षेत्र का लिया जायजा

पूरे शहरी क्षेत्र के यातायात व्यवस्था की गहन समीक्षा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा को मद्देनजर रखते हुए मंगलवार की देर रात पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने विधि-व्यवस्था और सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिकोण से शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया, उन्होंने शहर के त्रिभुवन मोड, रेलवे स्टेशन, कतीरा मोड, पकड़ी चैक, मौलाबाग, गिरजा मोड, चंदवा मोड, ओवरब्रिज, धोबी घाट घूमकर जायजा लिया। इसके अलावे श्री दीक्षित द्वारा विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान पूरे शहरी क्षेत्र के यातायात व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। साथ ही यातायात में प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं व उनके स्वास्थ्य स्थिति की जांच कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु , थानाध्यक्ष नरेंद्र राम एवं नवादा थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत सहित उन पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



ट्रेन से गिरकर रोहतास के युवक की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर मंगलवार की दोपहर पटना-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर रोहतास निवासी युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृतक रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के इटवा गांव निवासी रंग बहादुर सिंह का 40 वर्षीय पुत्र पप्पू सिंह है। वह पटना जंक्शन से पटना-कोटा एक्सप्रेस द्वारा आरा आ रहा था। जैसे ही आरा स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन रुकी, तो उतरने के दौरान ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रेल पुलिस द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बुजुर्ग की आहर में डूबने से मौत

आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। चरपोखरी थाना क्षेत्र के बेतारी गांव में मंगलवार की शाम मवेशी चराने गए एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के बेतारी गांव निवासी स्व.जई राम के 69 वर्षीय पुत्र जगदीश राम है। वह पेशे से किसान थे। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम वह मवेशी (भैंस) चराने के लिए बधार में गए हुए थे। जब वह मवेशी को लेकर वापस लौटने के क्रम में आहर को पार कर रहे थे। इस दौरान वह आहर में डूब गए। जिससे उनकी मौत हो गई। काफी प्रयास के बाद उनके शव को पानी से बाहर निकल गया।

140 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

आरा/तरारी (दैनिक नवसंदेश)। तरारी थाना पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कपूरडिहरा गांव में मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 140 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वह तरारी थाना क्षेत्र के कपूरडिहरा गांव निवासी स्व. कपिल सिंह का पुत्र शंभू सिंह है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी।

ठनका गिरने से अधेड़ की मौत, महिला समेत दो घायल

आरा/संदेश (दैनिक नवसंदेश)। संदेश थाना क्षेत्र के कोसडीहरा गांव के बधार में बुधवार की सुबह ठनका गिरने से एक अधेड़ की मौत हो गई। उनके साथ खड़ी महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से सदर अस्पताल लाया गया। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के कोसडीहरा वार्ड नंबर-3 निवासी राम अयोध्या सिंह के 41 वर्षीय पुत्र राज बिहारी सिंह है।

बिजली ऑफिस में चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोइलवर थाना क्षेत्र स्थित बिजली कार्यालय में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कोइलवर वार्ड संख्या-08 निवासी मनीष कुमार, पिता उपेंद्र राय, सोनू कुमार, पिता पिंटू राय तथा कोइलवर वार्ड संख्या-06 निवासी अंकित कुमार गुप्ता, पिता विनोद गुप्ता के रूप में हुई है।

महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं के अधिकारों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कथित वोट चोरी की निष्पक्ष जांच कराने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के मत का सम्मान सर्वोपरि है। मतदाता सूची और मतदान प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का चुनाव आयोग को स्पष्ट जवाब देना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। नेताओं ने मांग किया कि तत्काल ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जाए और देश द्रोह के मुकदमे में जेल भेजा जाए, नही तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में माले प्रखंड सचिव भोला यादव, राजद प्रखंड नंदकुमार यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राकेश पांडेय, चंदेश्वर मास्टर, जयकुमार यादव, बिनोद सिंह, आरवाईए प्रखंड सचिव अखिलेश कुमार, अध्यक्ष अप्पू यादव, राज्य कमिटी सदस्य अमित यादव, भूषन यादव, वीरेन्द्र राम, सुनील पासवान, रमेश चैधरी, उदय पाल, परमात्मा यादव, वकील शर्मा, रामकेवल राम, राजू यादव, रंजन यादव, पवन चैधरी, संजीत यादव, वीरा साह सहित दर्जनों नेता मौजूद थे।



13वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

आरा (दैनिक नवसंदेश)। कृषि विज्ञान केंद्र, भोजपुर में 13वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. आर.एन. सिंह, सहनिदेशक, प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर ने की और डॉ. डी.वी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर-अटारी, पटना ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जिले के किसानों के हित में संचालित विभिन्न गतिविधियों, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर, डॉ. शोभा रानी ने केंद्र द्वारा संचालित सभी गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने किसानों की स्थानीय समस्याओं के समाधान तथा नवीन कृषि तकनीकों को खेत स्तर तक पहुंचाने के लिए केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. आर.एन. सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर की गतिविधियों एवं कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों तक वैज्ञानिक तकनीकों को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को और अधिक सक्रियता, गंभीरता एवं तत्परता के साथ कार्य करने तथा किसानों की आय बढ़ाने वाली तकनीकों के व्यापक प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने फसल विविधीकरण, उन्नत कृषि तकनीक, उद्यानिकी, मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण तथा कृषि आधारित आय-वर्धक गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। डॉ. डीवी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर-अटारी, पटना ने केंद्र की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए किसान-केंद्रित प्रसार कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने वैज्ञानिक तकनीकों के प्रक्षेत्र प्रदर्शन, प्रशिक्षण तथा उनके प्रभाव का नियमित मूल्यांकन करते हुए अधिक से अधिक किसानों तक तकनीकी जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में सुश्री सुरभि, डीडीएम, नाबार्ड, विभूति पांडेय, एलडीएम, सोमपाल गंगवार और राजीव रंजन कुमार राणा, उप परियोजना निदेशक, सहायक निदेशक मृदा संरक्षण, आदि अधिकारियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



जिला न्यायाधीश ने पीरो में व्यवहार न्यायालय के लिए चिह्नित जमीन का किया मुआयना

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। व्यवहार न्यायालय के भवन निर्माण के लिए चिह्नित भूमि का जिला न्यायाधीश धर्मेन्द्र कुमार सिंह व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा मुआयना किया गया। बुधवार को पीरो पहुंचे जिला न्यायाधीश श्री सिंह ने पीरो नगर से सटे गंगाटोला में चिह्नित जमीन पर जाकर वहां आने जाने के रास्ते, जमीन की प्रकृति सहित कई अन्य आवश्यक जानकारी ली। मौके पर मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय, व्यवहार न्यायालय के अवर न्यायाधीश भूपेंद्र नाथ त्रिपाठी, मुंसिफ कुंदन पासवान आदि ने जिला न्यायाधीश को व्यवहार न्यायालय भवन के लिए चिह्नित जमीन के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। जमीन के अवलोकन के पश्चात जिला न्यायाधीश ने अनुमंडल कार्यालय के भवन में तत्काल संचालित व्यवहार न्यायालय में न्यायाधीश के चैम्बर, इजराइल, सिरिस्ता आदि का अवलोकन किया। साथ ही व्यवहार न्यायालय में दर्ज विभिन्न वाद आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पीरो बार एसोसिएशन की ओर से जिला न्यायाधीश व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी का स्वागत किया गया। मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता वरुणजय कुमार, अंचलाधिकारी रविश कुमार, पीरो बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अयोध्या तिवारी, सचिव श्यामानंद पांडेय, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार राय सहित कई अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।



'मेरे सपनों का भारत' चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। ह्यसेवा ही संकल्प हैह्न अभियान के तहत बुधवार को हरिनारायण प्लस टू विद्यालय, शाहपुर पट्टी स्थित सरस्वती विद्या निकेतन में ह्यमेरे सपनों का भारतह्न विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों व कल्पनाओं के माध्यम से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. विष्णु शंकर सिंह, कन्या मध्य विद्यालय शाहपुर के प्राचार्य राजेंद्र ओझा, लेखापाल सुशील विक्रांत एवं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय शाहपुर की डॉ. शशि सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी 8 अक्टूबर को आरा स्थित राजकीय बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर प्रतिमा मिश्रा, प्रतिभा श्रीवास्तव, उमेश पांडेय, प्रदीप कुमार, सगीर आलम, अजनबी चैबे, राजेश, अमित, दिलीप एवं रियाज वारिस खान सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।



चाय नगरी दुकान में पुलिस ने की छापेमारी, चार गिरफ्तार

हथियारो की खरीद-बिक्री की सूचना पर छापेमारी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नगर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद बिक्री एवं तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को दबोच लिया। वही एक देशी कट्टा बरामद किया। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को नगर थाना को गुप्त सूचना मिली कि मीरगंज सुधा डेयरी बुथ के सामने चाय नगरी दुकान में 4 लड़के अवैध देशी कट्टा लेकर बैठे हैं और उसकी खरीद-बिक्री करने वाले है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई तथा मीरगंज स्थित चाय नगरी पहुंचकर उक्त स्थान की विधिवत घेराबंदी की गई। पुलिस की घेराबंदी देखकर वहां मौजूद चारों लड़के भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें सशस्त्र बल के सहयोग से मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़का डुमरा गांव निवासी प्रभात कुमार का पुत्र प्रियांशु कुमार, नगर थाना क्षेत्र के भलुहीपुर मोहल्ला निवासी दीपक साह का पुत्र ईशु कुमार, मगहिया टोली निवासी रिंकू सिंह का पुत्र देव कुमार एवं रामगढ़िया निवासी संजय चैधरी का पुत्र आर्यन कुमार है।

प्रोपर्टी डीलर को गोली मारने के मामले में दो मुख्य आरोपित गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। गजराजगंज ओपी क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र छह घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बक्सर जिले के नैनीजोर थाना अंतर्गत महुआर गांव निवासी मोहन यादव का पुत्र ब्रजेश यादव तथा भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के चमरपुर गांव निवासी रामबालक यादव का पुत्र मंजय यादव है। घटना का मुख्य कारण आपसी विवाद और पैसों का लेन-देन था। प्रॉपर्टी डीलर गोली कांड मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जख्मी डीलर राजू कुमार यादव के बयान पर पांच नामजद एवं एक अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद बक्सर जिले के नैनीजोर थाना क्षेत्र के महुआर गांव निवासी बृजेश यादव एवं शाहपुर थाना क्षेत्र के चमरपुर गांव निवासी मंजय यादव को गिरफ्तार कर

छह घंटे के भीतर गोलीकांड का सफल उद्भेदन

लिया। इनमें बृजेश यादव जख्मी प्रॉपर्टी डीलर राजू कुमार यादव का साला एवं मंजय यादव साढु बताया जा रहा है। दर्ज प्राथमिकी में जख्मी प्रॉपर्टी डीलर के द्वारा बताया गया है कि उनका साला बृजेश यादव एवं साधु मंजय यादव पहले जमीन खरीद-बिक्री में पार्टनर थे। उनसे पूर्व से ही लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। इसे लेकर कल उनके घर के पास पंचायती भी हुई थी। उसी विवाद के कारण उनके द्वारा गोली मारने का आरोप लगाया है। गोलीकांड का पुरा घटनाक्रम सड़क के किनारे लगे सीसीटीवी में कैद हो चुकी थी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि प्रॉपर्टी डीलर राजू कुमार यादव सड़क किनारे खड़े होकर एक व्यक्ति से बातचीत कर रहे है। तभी एक बाइक सवार दो युवक के उनके पास बाइक रोकते हैं और ताबड़तोड़ में गोली मार देते हैं।

आरा के पकड़ी चौक अब कहलाएगा 'सेवा ज्योति चौक'

राष्ट्रीय सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर निकली ह्यसेवा ज्योति यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को कार्यकर्ता साथियों ने सामूहिक रूप से सुना

प्रतीक राज एवं आदित्य सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ यात्रा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को भोजपुर भाजपा द्वारा 'राष्ट्रीय सेवा के 25 वर्ष विकसित भारत का संकल्प' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के उपरांत भोजपुर भाजपा द्वारा 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहर के नागरी प्रचारिणी सभागार से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पकड़ी चैक पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर पकड़ी चैक का नामकरण 'सेवा ज्योति चौक' के रूप में किए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में जगन्नाथ ठाकुर पूर्व प्रदेश महामंत्री, रत्नेश कुमार, एमएलए, पूर्व सांसद मीना सिंह, विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुगार्राज, आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रतीक राज एवं सह-संयोजक आदित्य सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भोजपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं एवं गणमान्य सदस्यों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों की जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा को प्रेरणादायी बताते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।यात्रा में सीडी शर्मा, धीरेंद्र सिंह, प्रहलाद राय, सूर्यकांत पांडेय, ममता सिंह, मिथलेश कुशवाहा, उदय सिंह, कौशल विद्यार्थी, वंदना राजवंशी, आलोक अंजन, अंकित तिवारी, पुतुल गुप्ता, संजय सिंह, जीतू चैरसिया, मधु मिश्र, ज्योति कुशवाहा, राजेंद्र तिवारी, विष्णु मिश्रा, हरेंद्र पांडेय, अशोक वर्मा सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।



करंट की चपेट में आने से पति की मौत, पत्नी घायल

आरा/संदेश (दैनिक नवसंदेश)। संदेश थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव में बुधवार की शाम विद्युत करंट की चपेट में आने से पति की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। बचाने के क्रम में मृतक की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव निवासी स्व. जीता सिंह का 35 वर्षीय पुत्र दिनेश सिंह है। जबकि घायल उसकी 30 वर्षीय्या पत्नी पुष्पा देवी है। मृतक के भतीजे इंदल कुमार ने बताया कि वापस घर लौट रहे थे। घर के बाहर ही बिजली का खंभा गड़ा है और तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ा था। जैसे ही वह घर के पास पहुंचे, तो उसी विद्युत प्रवाहित तार के स्पर्श में आ गए और छटपटाने लगे। उन्हें छटपटाता देखा उनकी पत्नी पुष्पा देवी बचाने आई तो, वह भी घायल हो गई। इसके बाद गंभीर हालत में दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख दिनेश सिंह को मृत घोषित कर दिया।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने व उपद्रवी तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

दरभंगा (एनएसबी)। शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय स्थित डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति सदस्यों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।बैठक में दुर्गापूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, मूर्ति विसर्जन, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

सदस्यों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गापूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में शांति समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन वैकल्पिक पार्किंग, जलजमाव एवं पानी, साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पहुंच पथ एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया । जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है। इसलिए किसी भी पूजा

पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा एवं अग्नि सुरक्षा यंत्र लगाना अनिवार्य



जिला शांति समिति की बैठक में डीएम एसएसपी व अन्य।

- डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, संवेदनशील स्थलों पर 24 घंटे पुलिस की निगरानी : एसएसपी
- विसर्जन मार्ग का अनुपालन एवं सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य
- जिला शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय

पंडाल में किसी राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी से संबंधित पोस्टर, बैनर या प्रचार सामग्री नहीं लगाए। उन्होंने सभी पूजा समितियों से आदर्श आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की। जिलाधिकारी ने जिला अग्निशमन पदाधिकारी को जिले के सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पूजा पंडालों में आवश्यक अग्नि सुरक्षा यंत्र उपलब्ध रखने को अनिवार्य बताया।कार्यपालक अभियंता विद्युत को सभी पूजा पंडालों में विद्युत तार, कनेक्शन एवं अन्य विद्युत व्यवस्थाओं की जांच करने का निर्देश दिया गया,ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने सभी पूजा समितियों को पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा सीसीटीवी निगरानी संबंधी साइनेज प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही पूजा समितियों के वॉलिंटियर्स की सूची थाना स्तर पर उपलब्ध कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, रोशनी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यक संख्या में प्रशिक्षित गोताखोरों को पूर्व से चिन्हित रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान पूर्व से निर्धारित मार्ग का ही अनुपालन किया जाएगा। विसर्जन जुलूस के मार्ग एवं समय का पालन पूजा समितियों को अनिवार्य रूप से करना होगा।जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को सभी प्रमुख पूजा पंडालों में आवश्यक मेडिकल किट उपलब्ध कराने तथा डीएमसीएच में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति एवं आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह अलर्ट मोड में रखा जाए। दुर्गापूजा के दौरान श्रद्धालुओं एवं आम लोगों की सुविधा तथा यातायात व्यवस्था को देखते हुए शहर में चल रहे एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य को आवश्यक अवधि के लिए अवरुद्ध रखा जाएगा ताकि आवागमन में कठिनाई न हो। उन्होंने आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए कंट्रोल रूम का गठन करने का भी निर्देश दिया। बताया गया कि 17 अक्टूबर को सप्तमी तथा 18 से 20 अक्टूबर तक अष्टमी, नवमी एवं दशमी का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पूजा पंडालों एवं विभिन्न स्थलों पर पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला ने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा तथा 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था की जाएगी।बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रेणु देवी, नगर आयुक्त गरिमा लोहिया, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर कुमार गौरव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य श्याम किशोर प्रधान, रीता सिंह, मो. असलम, नवीन खटीक, अंकुर गुप्ता, शशि कुमार नीलू, मोहम्मद नफीस उल हक रिंकू, राम मनोहर प्रसाद, अमर राम, राकेश दास, सुभाष महतो, अवधेश कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद यादव, नवीन सिन्हा, अजय कुमार जालान, तरुण कुमार सहित अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

स्नातक व शिक्षक निर्वाचन के मतगणना स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की मतगणना को लेकर बुधवार को जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने मतगणना स्थल नया खेल भवन का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल पर उपलब्ध स्थान, मतगणना कक्ष, आवश्यक आधारभूत सुविधाओं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा मतगणना प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से प्राप्त की और कई निर्देश दिए।जिला पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को मतगणना कार्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप समय से करने को कहा। कर्मियों एवं संबंधित व्यक्तियों के प्रवेश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग सहित संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

टियर गैस के कारण बीएमपी के 35 जवान डीएमसीएच में भर्ती

दरभंगा (एनएसबी)। डीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग में डॉक्टर यूं सी झा के यूनिट में 35 बीएमपी के जवान भर्ती हुए हैं।उनके पदाधिकारी का कहना है कि टियर गैस के रिसाव के कारण ऐसा हुआ है। जवान की स्थिति को खराब होता देख वहां से उन्हें बीएमपी भान के द्वारा डीएमसीएच के इमरजेंसी भाग में भर्ती कराया गया है। उनके साथ पदाधिकारी लोग भी आए हुए हैं। डीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग बीएमपी का छावनी बना हुआ है।डॉक्टर के द्वारा समुचित इलाज किया जा रहा है।कुछ की स्थिति काफी खराब है जिसमें राखी कुमारी सालों कुमारी स्वीटी कुमारी प्रिया कुमारी प्रियंका कुमारी लक्ष्मी कुमारी हिना कुमारी प्रिया कुमारी एवं ललित पासवान सतेंद्र सिंह एवं अन्य लोग भर्ती हैं। सभी को लगाकर 35 बीएमपी जवान डीएमसीएच इमरजेंसी में भर्ती है।

जिला दुर्गा पूजा समन्वय समिति ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, सफाई और यातायात सुचारू रखने की मांग रखी


नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते मनीष जायसवाल एवं अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से दुर्गा पूजा संपन्न कराने को लेकर जिला दुर्गा पूजा समन्वय समिति ने यातायात प्रभारी और नगर आयुक्त को संयुक्त ज्ञापन सौंपा है। अध्यक्ष मनीष जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील राय, महासचिव मुकेश महासेठ, कार्यकारी महासचिव धरम कुमार और कोषाध्यक्ष निखिल कुमार ने ज्ञापन में कहा है कि शहर और उसके आसपास 55 से अधिक सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडालों में सप्तमी से विसर्जन तक शहर में मेले का माहौल रहता है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। इसको लेकर समिति ने पूजा के दौरान भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगाने, वैकल्पिक रास्ते तय किया जाए। उन्होंने कहा है कि भंडार चौक, लोहिया चौक, पंडासराय गुमटी, नाका 6 और कटहलबाड़ी चौक पर यातायात पुलिस की तैनाती और रूट डायवर्ट किया जाए ताकि एलिवेटेड रोड के निर्माण के कारण लगने वाले जाम से बचा जा सके। इसके अलावा शहर के विभिन्न हिस्सों जैसे सैदनगर, धरमपुर, लक्ष्मीसागर, चूनाभट्ठी, और शुभंकरपुर, रतनोपट्टी में जलजमाव, कीचड़ और टूटे कलवर्ट की समस्या को दूर किया जाए । समिति ने पंडालों के पास ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, खराब स्ट्रीट लाइट्स को ठीक करने, छठी पोखर पर रावण वध के दौरान साफ-सफाई रखने, सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने तथा आवारा पशुओं पर रोक लगाने की मांग प्रशासन से की है।

पैदल मार्च निकाला गया

केवटी (एनएसबी)। वोट चोरी के विरोध में इंडिया गठबंधन के द्वारा राज्यव्यापी आह्वान के दौरान प्रखंड क्षेत्र के रनवे चौक से प्रखंड मुख्यालय तक भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य धर्मेश यादव के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान राजद, कांग्रेस सहित कई पार्टी के लोग मौजूद थे। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय के सामने इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फुक कर विरोध प्रदर्शन किया।

इंडिया महागठबंधन ने किया पुतला दहन एसआईआर के विरोध में किया प्रदर्शन


पुतला दहन करते इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता।

बेनीपुर (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर बुधवार को इंडिया महागठबंधन के तत्वावधान में "ज्ञानेश भागो - लोकतंत्र बचाओ" अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया।महागठबंधन कार्यकताओं ने एसआईआर के नाम पर वोटबंदी और लोकतंत्र पर हमले का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सह महागठबंधन संयोजक नीलांबर यादव ने की। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से मतदाता सूची में हेरफेर कर गरीब, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़ों के वोट काटने की साजिश कर रही है, जिसे गठबंधन सफल नहीं होने देगा।विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष देवकी नंदन ठाकुर, शैलेन्द्र मोहन ठाकुर, राजेन्द्र दास, रामनरेश यादव, राजद नगर अध्यक्ष गयासुद्दीन उर्फ तनवीर, पूर्व मुखिया गयासुद्दीन, हीरा खां, महेश सहनी, भोगेंद्र यादव, प्रमोद झा, शिवकुमार ठाकुर, रणधीर पासवान समेत राजद, कांग्रेस, सीपीआई,सीपीएम के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पत्रकारों ने मनाया मांग दिवस, सुरक्षा और पेंशन योजना में सरलीकरण की मांग


एसडीओ को ज्ञापन सौंपते पत्रकार।

बेनीपुर (एनएसबी)। इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन एवं बिहार जर्नलिस्ट वर्किंग यूनियन के निर्देश पर बेनीपुर पत्रकार संघ द्वारा मांग दिवस का आयोजन किया गया। आशापुर स्थित कोसी निरीक्षण भवन में आयोजित बैठक में पत्रकारों ने अपनी सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर के पत्रकारों के लिए पत्रकार पेंशन सम्मान निधि योजना की नियमावली को सरलीकृत करने की मांग उठाई, ताकि बिना वेतन-मानदेय के समाज सेवा में जीवन समर्पित करने वाले पत्रकारों का बुढ़ापा सम्मानजनक तरीके से व्यतीत हो सके। पत्रकारों ने रसूखदारों और शासन-प्रशासन द्वारा पत्रकारों को धमकी देने, झूठे मुकदमों में फंसाने और प्रताड़ित करने पर स्थाई रोक लगाने की भी मांग की। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रेस क्लब निर्माण के लिए भूमि आवंटन की मांग की गई। इस दौरान पत्रकार संघ ने महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री के नाम ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा को सौंपा।मौके पर पत्रकार संघ के अध्यक्ष सतीश चंद्र झा, सचिव राजेश कुमार झा उर्फ रतन सुबोध नारायण पाठक, नलिनी झा, लालटूना झा, गगनेन्द्र झा, दीपक कुमार झा सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में आज शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने, विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक समय पर पहुंचाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा करते हुए नियमित रूप से उपस्थिति की निगरानी करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षकों की समयबद्ध उपस्थिति एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग आवश्यक है। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय भवन, कक्षाओं, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली तथा जिन विद्यालयों में किसी प्रकार की कमी है, वहां आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।उन्होंने विद्यालयों में चल रहे निर्माण एवं मरम्मति कार्यों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसमें पाठ्य-पुस्तक, छात्रवृत्ति, पोशाक, साइकिल, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर सहित शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

बिहार में क्षेत्रीय भाषा में पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई के निर्णय से मैथिली भाषा का होगा विस्तार : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार में पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई शुरू करने का निर्णय एक ऐतिहासिक पहल है। बिहार सरकार के इस पहल से मैथिली भाषा का संरक्षण संवर्धन तथा विस्तार होगा। बिहार सरकार के इस पहल के लिए भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि बिहार सरकार के द्वारा पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को मैथिली, भोजपुरी, बज्जिका, मगही और अंगिका में से एक अतिरिक्त भाषा पढ़ाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है जिससे आने वाले समय में साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के बीच मैथिली भाषा का तेजी से विस्तार होगा।

सांसद डा ठाकुर ने मैथिली भाषा के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र तथा राज्य की एनडीए सरकार को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि मैथिली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाना, सीबीएसई बोर्ड में शामिल होना, मैथिली भाषा में संविधान का विमोचन, सरकारी कार्यालयों में मैथिली भाषा को आधिकारिक माध्यम बनाना, केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल करना, शिक्षक बहाली में मैथिली भाषा की रिक्तियों को चिन्हित कर विज्ञापन के जरिए शिक्षक बहाली की पहल करना जैसे अनेकों उदाहरण इस बात के प्रमाण है कि भाजपा तथा एनडीए के शासन में मैथिली भाषा का सर्वांगीण विकास हुआ है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि आने वाले समय में मिथिला क्षेत्र के युवाओं के लिए मैथिली भाषा रोजगार का सशक्त माध्यम बनेगी।


डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद।

- बिहार में सरकारी स्कूलों में पहली से पांचवीं तक मैथिली सहित अन्य क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई के निर्णय पर सांसद ने जताया हर्ष

इंडिया गठबंधन ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफे की मांग

बिरौल (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय बिरौल में इंडिया गठबंधन द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह एवं ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष कैलाश कुमार ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्यासी अफजल अली खान ने कहा कि देश में अराजक स्थिति है लोकतंत्र का दमन किया जा रहा है। वोट चोरी चुनाव आयोग की मिलीभगत से किया जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को पार्टी हित में उपयोग किया जा रहा है। पूर्व प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ कैलाश कुमार चौधरी ने कहा कि महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में चुनी हुई सरकार को गिराया गया। बंगाल चुनाव में खुलेआम चुनाव आयोग की मदद से सत्ता हासिल की गई। झारखंड और दिल्ली सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र किया गया। इस अवसर पर कम्युनिस्ट नेता रघु झा,राजद नेता जयप्रकाश पासवान,भाकपा माले अंचल मंत्री बैद्यनाथ यादव,पूर्व प्रमुख गणेश पासवान,पूर्व उप प्रमुख रामचरित्र राम,अंकुर कुमार,बलराम बाला,लाल बहादुर सदा, बीलेत मंडल,अजय चौधरी, संजीव यादव,सुनीता देवी,सुखिया देवी, भीखो राजा,अब्दुल हमजा,लालबाबू, अकिल अहमद सहित दर्जनों उपस्थित थे।


पुतला दहन करते इंडिया गठबंधन के नेता।

पत्रकार सम्मान पेंशन की शर्तों में बदलाव के लिए मंत्री को दिया ज्ञापन

- 20 वर्ष की पत्रकारिता सेवा को मिले प्राथमिकता, वेतन पर्ची की अनिवार्यता समाप्त करने का आग्रह


मंत्री को ज्ञापन देते समाजसेवी।

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना को अधिक व्यापक और व्यवहारिक बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के दरभंगा जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी ने राज्य सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री को आवेदन देकर पत्रकार पेंशन नियमावली की कंडिका 7(बी) एवं 7(सी) में संशोधन की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि पत्रकार सम्मान पेंशन योजना का उद्देश्य लंबे समय तक पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे वरिष्ठ पत्रकारों को वृद्धावस्था में सम्मानजनक आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान पात्रता शर्तों के कारण बड़ी संख्या में ऐसे पत्रकार योजना के लाभ से बाहर हो रहे हैं, जिन्होंने दशकों तक समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं एवं अन्य मीडिया संस्थानों में काम किया है।आवेदन में वर्ष 2026 में प्राप्त आवेदनों का हवाला देते हुए कहा गया है कि राज्य स्तर पर कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 53 नए तथा 27 पुराने आवेदन शामिल थे। स्क्रीनिंग के बाद मात्र 13 पत्रकारों को पेंशन तथा दो मामलों में पारिवारिक पेंशन की अनुशंसा किए जाने की जानकारी दी गई है।आवेदनकर्ता का कहना है कि बड़ी संख्या में आवेदन कंडिका 7(बी) एवं 7(सी) में निर्धारित शर्तों को पूरा नहीं करने के कारण आगे नहीं बढ़ सके। इससे यह सवाल उठता है कि वर्षों तक पत्रकारिता करने वाले जमीनी और ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को योजना का लाभ किस प्रकार मिल सकेगा।

आवेदन में कहा गया है कि जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर कार्य करने वाले अनेक पत्रकारों को उनके संस्थानों से नियमित वेतन-पर्ची नहीं मिलती रही है। कई पत्रकारों ने वर्षों तक मानदेय, कमीशन या अन्य व्यवस्था के तहत काम किया है। ऐसे में केवल वेतन पर्ची अथवा बैंक खाते में वेतन भुगतान को पत्रकारिता सेवा का प्रमाण मानना व्यावहारिक नहीं है। मांग की गई है कि पत्रकारिता सेवा के प्रमाण के रूप में प्रकाशित समाचारों का रिकॉर्ड, संस्थान का अनुभव प्रमाण-पत्र, पत्रकार पहचान-पत्र, निर्वाचन आयोग से संबंधित मीडिया पहचान-पत्र, प्रेस संबंधी दस्तावेज तथा संपादक अथवा संबंधित मीडिया संस्थान की प्रमाणित अनुशंसा को भी मान्यता दी जाए। जिस पत्रकार ने लगातार या कुल मिलाकर 20 वर्ष अथवा उससे अधिक समय पत्रकारिता को दिया है, उसके पूरे सेवाकाल का समग्र मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

बिहार इंडिपेंडेंट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा किया गया सम्मानित

दरभंगा (एनएसबी)। पाँच अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर बिहार इंडिपेंडेंट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा राम संसदीय सभागार, पटना के प्रांगण में आयोजित शिक्षक सम्मान सह अभिनंदन दिवस में दरभंगा जिला अंतर्गत पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के सदस्यों-

अध्यक्ष एच. एन. कश्यप

निदेशक स्वामी विवेकानंद मिशन स्कूल, पथरा, खिरमा, दरभंगा, संघ के सचिव अखिलेश भट्ट, निदेशक आशा कमल पब्लिक स्कूल, हरपुर संघ के मीडिया प्रभारी हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव, निदेशक डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल, बाकरगंज, दरभंगा प्राचार्य, रूना कुमारी, नुसरत प्रवीण, संगीता कुमारी, पिंकी परवीन, सानिया परवीन, गुड़िया कुमारी,बालकुंज पब्लिक स्कूल, दरभंगा के निदेशक तरुण कुमार मंडल, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के निदेशक रमेश कुमार साहू एवं सुनील कुमार मंडल, प्रियदर्शी कुमार सिंह, मणिकांत लाल दास, अक्षय कुमार, अजीत कुमार सहित लगभग बीस स्कूलों के निदेशकों को 'विशिष्ट शिक्षक सम्मान' के रूप में सम्मानित किया गया।इस आयोजन के लिए पब्लिक स्कूल एसोसिएशन, दरभंगा ने बिहार इंडिपेंडेंट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, पटना को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।


सम्मानित होते शिक्षक एवं अन्य ।

बिविप चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम व एसएसपी ने कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारी के साथ की बैठक



बैठक करते डीएम व एसएसपी।

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद निर्वाचन-2026 के सफल, सुचारु एवं शांतिपूर्ण संपादन को लेकर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र कुमार ने सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी जवाबदेही एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

विदित हो कि जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 32 मतदान केंद्र हैं, जिनमें 24 मूल तथा 8 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 23 मतदान केंद्र हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर चार मतदान कर्मी एवं एक माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। रिजर्व कर्मियों सहित निर्वाचन कार्य में 300 से अधिक कर्मी लगाए जाएंगे। निर्वाचन कर्मियों का प्रशिक्षण डीआरडीए सभा कक्ष में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 5, 6 एवं 7 अक्टूबर को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को निर्वाचन आयोग की मार्गदर्शिका के अनुरूप उनके कार्य एवं दायित्व, मतदान प्रक्रिया तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया। कर्मियों को प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का व्यवहारिक रूप से उपयोग करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया का सफलतापूर्वक संपादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि कर्मियों का दूसरा प्रशिक्षण 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को डीआरडीए सभा कक्ष में आयोजित होगा। प्रशिक्षण कार्य के सुचारु संपादन के लिए पर्याप्त संख्या में मास्टर ट्रेनरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से सभी मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

मधुबनी (एनएसबी)। सरकारी योजनाओं का निर्बाध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने तथा क्रियान्वयन में उत्पन्न बाधाओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से अंतर्विभागीय साप्ताहिक समन्वय बैठक बुधवार को जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, जनसमस्याओं के निष्पादन, सहयोग एवं विकास शिविरों की समीक्षा तथा आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आपसी समन्वय सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि जिलांतर्गत पंचायतों में आयोजित किए जा रहे विकास शिविर एवं सहयोग शिविर के लिए प्रखंडवार नोडल पदाधिकारी नामित किए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने सभी नोडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि उनके क्षेत्राधीन प्रखंड में कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। इसके लिए नोडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का नियमित विजिट करें तथा क्षेत्र मे योजनाओं की प्रगति, लाभुकों की योजनावार स्थिति की गहन समीक्षा एवं सर्वेक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिया कि क्षेत्र में ऐसे योग्य एवं पात्र व्यक्तियों की पहचान की जाए, जिन्हें अब तक किसी कारणवश सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। ऐसे लाभुकों का नाम, पता, संबंधित योजना का नाम सहित स्पष्ट विवरण तैयार कर तीन दिनों के भीतर प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक उसका लाभ सुनिश्चित हो।

जनसमस्याओं के वास्तविक समाधान पर विशेष जोर

जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने सहयोग एवं विकास शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यद्यपि पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में विभागवार एवं प्रखंडवार प्राप्त आवेदनों का अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन किया गया है। उन्होंने सहयोग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन एवं आम जनता की समस्याओं/शिकायतों के समाधान की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आगाह एवं अलर्ट किया कि केवल आवेदन का निस्तारण कर देना पर्याप्त नहीं है। सिंगल स्टार रेटिंग एवं सिटिजन



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

फीडबैक को गंभीरता से लेते हुए जनता की शिकायत का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन के निष्पादन की गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारी की होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई आवेदन किसी अन्य अधिकारी, विभाग पटना से संबंधित है, तो उसे संबंधित पदाधिकारी को तत्काल फॉरवर्ड किया जाए तथा आवेदन के संबंध में स्पष्ट टिप्पणी भी अंकित की जाए। इससे निर्धारित टाइमलाइन के अनुरूप आवेदन का वास्तविक निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि जनसमस्याओं के समाधान में कोताही अथवा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रपत्र ह्यकह्न गठित करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी। भूमि संबंधी शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अपर समाहर्ता, राजस्व को बेनीपट्टी अंचल की पूरी टीम को जिला मुख्यालय बुलाकर गहन समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता से संबंधित भूमि विवाद एवं शिकायतें अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए। ऐसे मामलों का नियमानुसार पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

प्रोजेक्ट निर्माण में उत्पन्न बाधा का संबंधित एसडीओ करेंगें त्वरित समाधान

बैठक में जिले में आधारभूत संरचनाओं के विकास एवं विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ अंतर्विभागीय समन्वय को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि बड़े अथवा छोटे किसी भी प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में यदि अतिक्रमण अथवा अन्य स्थानीय समस्या के कारण बाधा उत्पन्न होती है, तो संबंधित कार्यपालक अभियंता तत्काल संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं के निर्माण में उत्पन्न स्थानीय बाधाओं का त्वरित समाधान कराकर योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराना संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अपने क्षेत्राधीन अंचलों के कार्यों की नियमित समीक्षा एवं सतत प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया, ताकि स्थानीय कारणों से किसी भी महत्वपूर्ण परियोजना का निर्माण कार्य बाधित न हो। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विकास योजनाओं की गति बनाए रखने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। बैठक में अपर समाहर्ता आपदा, अपर समाहर्ता राजस्व, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

संक्षिप्त खबरें

22 वारंटी को किया गया गिरफ्तार

मधुबनी (एनएसबी)। पुलिस महानिदेशक बिहार, पटना के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निर्देशन के आलोक में दिनांक-06.10.2026 को गंभीर शीर्ष के कांडो हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, पुलिस पर हमला इत्यादी के कांडो मे प्राथमिकता के आधार पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई करने को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में 22 वारंट, 15 इश्तेहार, 03 कुर्की एवं 120 सम्मन का किया गया निष्पादन। साथ हीं साथ कुल-40 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-08, हत्या के प्रयास के कांड में गिरफ्तारी-02, आर्म्स एक्ट के कांड में गिरफ्तारी-01, महिला उत्पीड़न के कांड में-01, एक्ट के कांड में-03, वारंट में-22 एवं अन्य कांड में गिरफ्तारी-03 अभियुक्त शामिल हैं। साथ हीं साथ जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 80 वाहनों से- 1,09,500/- रुपया जुमार्ना वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी/विदेशी शराब-280 लीटर, 50 ग्राम ब्राउन शुगर, 01 देशी कट्टा, 02 मोटरसाईकिल एवं 06 साईकिल बरामद।

इंडिया समन्वय समिति मधुबनी का आज प्रतिरोध मार्च



बैठक करते।

मधुबनी (एनएसबी)। इंडिया गठबंधन समन्वय समिति मधुबनी का लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के तहत कॉंग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित हुई, बैठक में राजद, कॉंग्रेस,माले, माकपा, भाकपा, बीआईपी सभी दलों के नेताओं सामिल हुए, बैठक की अध्यक्षता समन्वय समिति मधुबनी के संयोजक बीर बहादुर राय ने किया। बैठक में राजद के पूर्व विधायक रामशीष यादव मैजूद थे, इंडिया समन्वय समिति के नेताओं ने कहा कि आज वह सभी लोग लोकतंत्र बचाने में संघर्ष कर रहे हैं, नेताओं ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र का गला घोंट रहे हैं, मोदी जी और अमित शाह देश के सभी संवैधानिक संस्था को बर्बाद कर दिया, माननीय सुप्रीम कोर्ट का जो टिप्पणी आया है वह काफी चिंता का सवाल खड़ा करता है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अविलंब बर्खास्त करने,एस आई आर पर रोक लगाने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा मनमर्जी तरीके से प्रपत्र 6 फॉर्म को लागू करने, दिल्ली और मुंबई में चल रहे आंदोलनकारियों पर दमनात्मक कारवाई के खिलाफ , पत्रकारों के साथ पुलिस पदाधिकारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर मुकदमा दर्ज करने, मतदाता सूची से हटाए गए सभी लोगों को नाम जोड़ने, बिहार सहित अन्य राज्यों में दुबारा चुनाव कराए जाने को लेकर दिनांक 08-10-26 को टॉऊन क्लब मैदान से समाहरणालय पर प्रतिरोध मार्च के साथ मोदी का पुतला दहन किया जाएगा जिसमें सैकड़ों संख्या में इंडिया गठबंधन के नेता लोग शिरकत करेंगे। बैठक में राजद के रामशीष यादव, राजकुमार यादव, कॉंग्रेस के टेक नाथ पाठक,महंथ गोपाल दास,अकिल अंजुम,माले जिला सचिव धुव्र नारायण कर्ण , माकपा के गणपति झा, दिलीप झा, सत्यनारायण यादव सीपीआई के सत्यनारायण राय, राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित अन्य नेता मौजूद थे ।

प्रखंड स्तर पर आयोजित भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता



सम्मानित करते बच्चे को।

खजौली (एनएसबी)। मेरे सपनों का भारत, सेवा चित्र अभियान के तहत प्रखंड स्तर पर आयोजित भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। प्रखंड स्तर पर चयनित छात्र गुरुवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। स्थानीय महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय खजौली में आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल आए छात्र-छात्राओं को बीडीओ सह प्रभारी बीइओ चन्दन कुमार द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। इस दौरान वर्ग नौ से 10 भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः हिमांशु शर्मा, खुशी कुमारी एवं सुरुचि कुमारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय आई। वहीं वर्ग छह से आठ में आस्था समृद्धि, सौरभ कुमार सिंह एवं निमी कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आई। इसी तरह चित्रकला में भी अनुपम कुमारी, वन्दना कुमारी, ऋचा झा, रणवीर सिंह पटेल ने आकर्षक चित्र बनाकर प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया। इस अवसर बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरुरत उसे उचित अवसर देने की है। इस मौके बड़ी संख्या में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

पूजा समिति की बैठक : इंद्र मोहन झा फिर बने अध्यक्ष

■ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए होगी विशेष इंतजाम : अध्यक्ष



बैठक के बाद पूजा।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के परसौनी उत्तरी पंचायत स्थित बलि लाल झा तालाब के भिंडा पर अवस्थित शिव दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता इंद्र मोहन झा ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी समिति के कार्यों की सराहना करते हुए. उसी समिति को 2026 की दुर्गा पूजा श्रद्धापूर्वक संपन्न कराने को लेकर अपनी मोहर लगा दी. साथ ही सभी पुराने व नए पदाधिकारी को उनके कार्यों की जिम्मेदारी सोप दी गई।

जानकारी हो कि परसौनी में 44 वर्षों से पारंपरिक और भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन होता आ रहा है. पूर्व की भाति इस वर्ष भी सर्वसम्मति से स्थानीय समाजसेवी इंद्र मोहन झा को पूजा समिति का अध्यक्ष, बसंत कुमार झा को महासचिव एवं मुरली झा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया. बैठक में विचार विमर्श के बाद दुर्गा पूजा 2026 को शांतिपूर्ण श्रद्धा भाव से संपन्न कराने को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गए. इसके अलावा कमेटी को सुचारू रूप से चलने, मेले के व्यवस्था को भव्य रूप देने, श्रीमद् देवी भागवत कथा सुचारू रूप से कराने, कलश यात्रा के साथ मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने पर विचार की गई. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि इस वर्ष भी पूजा और मेले का आयोजन पूरी तरह शांति सौहार्द और भव्यता के साथ किया जाएगा. श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे. इस मौके पर समिति के कई लोग उपस्थित थे।

नरेंद्र मोदी, अमित शाह व ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन

लदनियां (एनएसबी)। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा के सवाल पर इंडिया गठबंधन के देशव्यापी विरोध दिवस पुतला दहन के कार्यक्रम के तहत लदनियां प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित खाद्दी भंडार के निकट स्थित गांधी स्मारक के समीप इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक राजद के प्रखंड अध्यक्ष जिला परिषद सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष झमेली महरा के अध्यक्षता में इंडिया महागठबंधन के कार्यकताओं ने नरेंद्र मोदी अमित शाह ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर एस ए आर रद्द करने का मांग किया और ज्ञानेश कुमार की इस्तीफा तक संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया । उक्त कार्यक्रम में जिला राजद उपाध्यक्ष विष्णु देव भंडारी, पूर्व प्रखंड प्रमुख भोगेंद्र यादव, पूर्व मुखिया अमर बहादुर कामत, मुखिया नवीन कुमार, बिनोद यादव, पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार, सरपंच विरेंद्र कुमार, जगदीश यादव, राम कुमार राय, मुकेश कुमार,प्रणव कुमार पप्पू, प्रमोद यादव कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष ध्यानी यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू कुमारी यादव,



प्रदर्शन करते राजद कार्यकर्ता।

वकील झा सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। नेता व कार्यकताओं ने चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री, एवं गृहमंत्री के विरोध में गगनभेदी नारे लगाए। नेताओं ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की इस्तीफा की मांग किया।

दिनदहाड़े फायरिंग से दहला लदनियां

बाइक सवार अपराधियों ने कॉलेज कर्मी को मारी गोली



जख्मी युवक।

लदनियां (एनएसबी)। लदनियां थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े गोलीबारी की वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। लदनियां थाना क्षेत्र के चिकानोटवा गांव में बाइक सवार दो अपराधियों ने स्कूटी से जा रहे एक कॉलेज कर्मी को गोली मार दी।

जख्मी युवक की पहचान भुतहा गांव निवासी केशवर सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि केशवर सिंह कॉलेज में डाटा आपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। जो कॉलेज परिसर में ही महाविद्यालय नियंत्रण शिक्षकों के देखरेख में अवैध साइबर कैफे चला कर छात्रों एवं अभिभावकों से एक ओर जहां अवैध राशि का उगाही कर रहा था वहीं दूसरी ओर छात्रों और अभिभावकों के साथ गलत व्यवहार कर रहा था। इतना ही नहीं इनका रिश्ता कई प्रकार के अवैध कारोबार से जुड़े रहने का भी चर्चा समाज में हो। रहा है, कारण इससे पूर्व भी मारपीट एवं जनलेवा हमला हो चुका है। परिवारिक सूत्रों के अनुसार कार्यालय सहायक अपने स्कूटी से बाजार दुध लेने लदनियां जा रहे था, वहीं इनके विरुद्ध हर गतिविधि पर नजर रखने वाले बाइक सवार दो अपराधियों ने उनका पीछा किया और चार गोलियां का तरतराहत को लोगों ने सुना।इस दौरान एक गोली उनकी पीठ में लगी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने जब घटना स्थल पर पहुंचा तो केशवर सिंह को घायल अवस्था में देखकर उसे अस्पताल पहुंचाया। लदनियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लदनियां में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल मधुबनी रेफर किया गया। घायल युवक के नजाकत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि गोलीबारी करने वाले अपराधियों की पहचान की जा सके। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। फिलहाल गोलीबारी के कारणों और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की जांच जारी है। घटना थाना क्षेत्र से चार किलोमीटर है। और जिला पदाधिकारी, जिला पुलिस कप्तान सहित जिला के दर्जनों अधिकारी और पुलिसकर्मी के आगमन से ठीक पूर्व का है।

सेवा ज्योति मशाल से गूंजा मधुबनी, विकसित भारत 2047 का लिया संकल्प

मधुबनी(एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को मधुबनी में भाजपा की ओर से सेवा ज्योति मशाल स्थापित की गई। इस अवसर पर सेल टैक्स चौराहा का नामकरण सेवा ज्योति चौक किए जाने के साथ विकसित भारत 2047 संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ आम नागरिकों ने भाग लिया।

सेवा ज्योति मशाल यात्रा थाना मोड़ से शुरू होकर सेवा ज्योति चौक पहुंची। यहां सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव, विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभांशु झा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य देवेंद्र कुमार यादव, पूर्व विधान पार्षद सह जिला प्रभारी अर्जुन सहनी तथा झंझारपुर भाजपा जिला प्रभारी ज्योति नारायण मंडल सहित अन्य नेताओं ने मशाल प्रज्वलित की। संकल्प सभा में सेवा ज्योति यात्रा के जिला संयोजक सह



कार्यक्रम में उपस्थित नेता।

कार्यक्रम प्रभारी एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंजीनियर चंद्रवीर यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प पत्र का वाचन कराया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन भी कार्यकताओं एवं आम लोगों ने सुना। सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत और विश्व के ऐसे नेता हैं, जिनका लगातार 25 वर्षों का सार्वजनिक सेवा कार्यकाल रहा है। उनके नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के जीवन में सकारात्मक

■ सेल टैक्स चौराहा का नामकरण सेवा ज्योति चौक, हजारों लोगों ने लिया विकसित भारत का संकल्प

बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि आवास, बिजली, शौचालय, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को मिला है। शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीटों की वृद्धि और नए विश्वविद्यालयों की स्थापना भी हुई है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भारत ने दुनिया के कई देशों तक वैक्सीन पहुंचाई। राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदमों से देश के स्वाभिमान को मजबूती मिली है। ईडब्ल्यूएस के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लाभ पहुंचाने के साथ करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की दिशा में भी काम हुआ है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर चंद्रवीर यादव ने किया। मौके पर विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर, विधायक सुजीत पासवान, मधुबनी नगर निगम के मेयर अरुण राय, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री डॉ. किरण कुमारी झा, जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य देवेंद्र कुमार यादव, झंझारपुर के जिलाध्यक्ष बच्चा बाबू कामत, पूर्व विधान पार्षद विनोद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भोगेंद्र ठाकुर सहित कई नेता मौजूद रहे। इस दौरान जिला महामंत्री रंजीत यादव, सुबोध चौधरी, सरोज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अमरनाथ प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, प्रमोद सिंह, जिला मंत्री संजय महतो, दीप्ति रावत, आईटी सेल के आदित्य झा, दीपक यादव, हीरालाल, रणधीर ठाकुर सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

नीमा के बिहार जोन से डॉ विपिन बिहारी बने इलेक्शन कमिश्नर

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) की राज्य शाखाओं के लिए इलेक्शन कमिश्नर की नियुक्ति में बिहार जोन से डॉ. विपिन बिहारी का चयन किया गया है। संगठन में मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को बिहार के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इलेक्शन कमिश्नर के रूप में डॉ. विपिन बिहारी को संगठन की राज्य शाखाओं से संबंधित चुनावी प्रक्रिया के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखना उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल होगा। उनके चयन से नीमा में बिहार जोन की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को भी मजबूती मिली है।



डॉ विपिन बिहारी के चयन पर नीमा के चीफ इलेक्शन कमिश्नर नागपुर डॉ रविंद्र बोथरा सहित डॉ वेद प्रकाश, डॉ अमित दुबे, डॉ. जय प्रकाश गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ आलोक कुमार मिश्रा, डॉ. प्रेमलता, डॉ. दिनेश्वर प्रसाद, डॉ. खुशबू लवली, डॉ. मिथलेश कुमार, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. विकेश समेत अन्य चिकित्सकों ने उन्हें बधाई दी। वहीं, बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक दिवाकर कुमार ने भी डॉ. विपिन बिहारी को शुभकामनाएं दीं है।

मुजफ्फरपुर में सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा की बैठक, यूजीसी के निर्णय के खिलाफ आक्रोश मार्च की तैयारी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा की 51 सदस्यीय कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक छाता चौक स्थित चित्रगुप्त एसोसिएशन सभागार में



बैठक को संबोधित करते मोर्चा के संयोजक अमर बाबू।

आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक रघुनंदन प्रसाद सिंह अमर बाबू ने की, जबकि संचालन शशि कुमार सिंह ने किया। बैठक में यूजीसी के कथित सवर्ण-विरोधी निर्णय को लेकर आक्रोश जताया गया और इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के निर्णय से समाज में असंतोष और विभाजन बढ़ सकता है। बैठक में एससी/एसटी एक्ट की समीक्षा, वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में बदलाव और आरक्षण का आधार आर्थिक स्थिति को बनाने की मांग उठाई गई, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही सभी वर्गों के लिए समान अवसर और समान अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक में विधान परिषद चुनाव के बाद आक्रोश मार्च निकालने की तैयारियों और रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मोर्चा ने विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिला अधिकारी के माध्यम से सौंपने का निर्णय लिया। संगठन को प्रखंड स्तर तक मजबूत करने के लिए जल्द ही संयोजक मंडलियों की घोषणा करने और प्रखंड स्तर पर तैयारियां तेज करने की सहमति बनी। बैठक में 51 सदस्यीय कोर कमेटी का औपचारिक गठन भी किया गया। मोर्चा संयोजक रघुनंदन प्रसाद सिंह ने कहा कि संगठन का विस्तार प्रखंड स्तर तक किया जा रहा है और आक्रोश मार्च शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाएगा। बैठक में शशि कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, भैरव प्रसाद सिंह, परशुराम झा, मनोज श्रीवास्तव, अजीत कश्यप, महंत मृत्युंजय दास, संजय कुमार सिंह, विश्वंभर कुमार पप्पू, गणेश प्रसाद सिंह, मुकेश झा, मुरारी झा, अरविंद कुमार पांडे, विपिन शाही, वेद प्रकाश सिंह सहित अन्य प्रखंड प्रतिनिधि और सदस्य शामिल हुए।

छठ से पहले जर्जर सड़कों की मरम्मत को लेकर विधायक ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ प्रखंड क्षेत्र की जर्जर सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान रेवा रोड एनएच-722 से करजा रोड नंबर-दो के अलावा खलीलापुर-महमदपुर की क्षतिग्रस्त सड़कों का जायजा लिया।



अधिकारियो के साथ सड़कों का निरिक्षण करते विधायक।

विधायक ने सड़क की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण को अभी मात्र ढाई वर्ष ही हुए हैं और फिलहाल इनके मेंटेनेंस का समय है। ऐसे में सड़क के क्षतिग्रस्त होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि दशहरा, दीपावली और छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व सामने हैं। पर्व के दौरान ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। विधायक ने ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों को छठ पर्व से पहले हर हाल में जर्जर सड़कों की मरम्मत पूरी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने और निर्माण के बाद सड़क के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। मौके पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता धीरेंद्र कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, संवेदक गुड्डू सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, मनोज कुमार सिंह, प्रेम सिंह, चंदन गुप्ता, महेश महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पुत्री से प्रेम प्रसंग को लेकर 14 साल के छात्र की हत्या कर पोखर में फेंका शव, तीन आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के कटरा थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय लापता छात्र का शव बरामद होने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक विधि-विरुद्ध बालिका भी शामिल है। पकड़े गए आरोपियों में मदन दास और रीता देवी शामिल हैं, जो कटरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। घटना के पीछे जो वजह सामने आई है, उसमें आरोपी की बेटी के साथ मृतक छात्र का प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी प्रेम प्रसंग से नाराज होकर आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों ने गला दबाकर 14 वर्षीय छात्र की हत्या कर दी और फिर शव को पोखर में फेंक दिया था। पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है और घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना को पति-पत्नी और उनकी बेटी ने अंजाम दिया था। कटरा थाना क्षेत्र की निवासी रंजू देवी ने कटरा थाने में अपने 14 वर्षीय पुत्र की गुमशुदगी को लेकर 5 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस को बताया गया था कि उनका बेटा रविवार को गेहूं पिसाने के लिए निकला था और वापस नहीं लौटा। इधर, पुलिस भी लापता किशोर की लगातार तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान कटरा थाना क्षेत्र के देवगन एनएच के पास एक तालाब से मंगलवार को उसका शव बरामद किया गया। शव की पहचान लापता किशोर के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने मामले की आगे की जांच और कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आरोपी मदन दास को गिरफ्तार किया। जब मदन दास से सघन पूछताछ की गई तो उसने घटना की वजह बताई और अपनी बेटी के साथ मृतक के प्रेम प्रसंग तथा घर में उसके आने-जाने की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि उसके मना करने के बाद भी वह उसकी बेटी से अलग नहीं हो रहा था, जिस कारण उसने उसे रास्ते से हटाने का मन बनाया और फिर मृतक छात्र की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को दूर ले जाकर एक पोखर में फेंक दिया। आरोपी ने कहा कि वह अपनी बेटी के साथ मृतक की नजदीकी से बेहद नाराज था। इस मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि गिरफ्तार पति पत्नी और बेटी को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

बिहार विधान परिषद् के तिरहुत स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन संपन्न

स्नातक क्षेत्र के लिए 20, शिक्षक के 11 प्रत्याशी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद् द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 के तहत तिरहुत प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया के समापन तक तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 20 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। जबकि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 अभ्यर्थियों ने चुनाव के लिए नामांकन किया है। भारत निर्वाचन आयोग के तय कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 06 अक्टूबर 2026 थी।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते तिरहुत प्रमंडल के निवार्ची पदाधिकारी-सह-आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह।

तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र सीट पर कुल 20 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है, जिनमें विमोहन कुमार, वंशीधर ब्रजवासी, सादात खईयाम, राजीव कुमार, राकेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, अभिषेक झा, रवि कृष्णन रश्मि, प्रणय कुमार, विनोद शर्मा, ऋषि कुमार अग्रवाल, बालक नाथ सहनी, राम प्रवेश कुमार, राजन कुमार, शिवेश कुणाल सिंह, अवधेश प्रसाद सिंह, रश्मि विनायक गौतम, राजा केशरी, बासकित कुमार शर्मा और असेश्वर राय शामिल हैं। जबकि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र सीट पर कुल 11 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है, जिसमें श्याम नन्दन कुमार यादव, नरेन्द्र प्रसाद सिंह, भूषण कुमार झा, राजेश राठौड़, प्रेम कुमार, डॉ.अभय नाथ सिंह, संजय कुमार सिंह, अमित कुमार, कुमारी रूपम, कृष्ण नन्दन त्रिवेदी एवं पूर्णिमा मिश्रा शामिल है। प्रमंडलीय आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह नें बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उपर्युक्त जानकारी देते हुए बताया कि 09 अक्टूबर 2026 तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इसके बाद चुनाव मैदान में डटे अंतिम प्रत्याशियों की सूची और उन्हें आवंटित चुनाव चिह्न स्पष्ट हो जाएंगे। निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरा करने के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। तिरहुत प्रमंडल के निवार्ची पदाधिकारी-सह-आयुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 22 सितंबर 2026 को जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदानः 23 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) को सुबह 08 बजे से शाम 04 बजे तक होंगी। जबकि मतगणना 27 अक्टूबर 2026 को होगा।उन्होंने बताया कि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 8760 मतदाता (पुरुष 6508, महिला 2249) तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 143991 मतदाता (पुरुष 97998, महिला 45970) अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। स्नातक निर्वाचन के लिए 145 मतदान केंद्र (मूल 89 + सहायक 56) और शिक्षक निर्वाचन के लिए सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिला में 58 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। निगरानी के लिए उड़नदस्ता और वीडियो सर्विलांस टीम तैनात की गई है। वहीं सभी 28 विधानसभा क्षेत्रों में 84 फ्लाइंग स्क्वाड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक विज्ञापनों (टीवी, केबल, रेडियो, सिनेमा, सोशल मीडिया) के लिए एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है।

23 सितंबर को शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 8760 मतदाता 58 मतदान केन्द्रो पर तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 143991 मतदाता 145 मतदान केंद्रों पर करेंगे मतदान

सोशल मीडिया पर भ्रामक/उत्तेजक पोस्ट पर आईटी एक्ट 2000 की धारा 69 के तहत कार्रवाई होगी। वहीं शिकायत के लिए प्रमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष का नंबर *0621-2213962* और जिला संपर्क केंद्र का टोल फ्री नंबर *1950* जारी किया गया है।

तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के तीन नामांकन अस्वीकृत

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। आयुक्त कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर में 29 सितंबर से 6 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए गए, जिसमें तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से कुल 20 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जबकि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से 11 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार संवीक्षा के दौरान तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के तीन अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत कर दिए गए।

अस्वीकृत नामांकन पत्रों में राकेश कुमार सिंह, अवधेश प्रसाद सिंह एवं असेश्वर राय के नाम शामिल हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत अब अभ्यर्थिता वापस लेने की प्रक्रिया होगी। अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद चुनाव मैदान में बचे अभ्यर्थियों की स्थिति स्पष्ट होगी।

महागठबंधन के कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस के नेतृत्व मे प्रदर्शन जुलुस निकाल सीईसी गृहमंत्री और प्रधानमंत्री का पुतला जलाया



मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। महागठबंधन के आवाहन पर बुधवार को कुढ़नी प्रखंड मुख्यालय से कुढ़नी प्रखंड कांग्रेस के प्राभारी सुशील कुमार शाही के नेतृत्व में महागठबंधन के घटक दलों के कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन जुलुस निकाला। यह प्रदर्शन जुलुस विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः प्रखण्ड मुख्याल पर पहुंचा, जहाँ जुलुस मे शामिल महागठबंधन के कार्यकर्ताओ ने कुढ़नी प्रखंड मुख्यालय के गेट पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कर चुनाव आयोग एवं केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस कार्यक्रम में कुंदनी प्रखण कोंग्रेश कमिटी के प्रभारी सुशील कुमार शाही, प्रखण्ड अध्यक्ष त्रिभुवन पटेल, प्रखण्ड मीडिया प्रभारी महात्मा अनिल कुमार सिंह, तुर्की मंडल अध्यक्ष सोनू कुमार, महासचिव प्रमोद राम, उपाध्याक्ष जलालउदिन सिद्दकी, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र चौधरी, महासचिव राम प्रताप सिंह पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ लाल बाबू सिंह, पंचायत अध्यक्ष सचिन कुमार, पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पटेल, मंडल अध्यक्ष आयुष कौशल, जिला मीडिया प्रभारी चंदन यादव, सकलदीप कुशवाहा, शिवचन्द्र माझी, नवीन कुमार, राकेश पासवान, प्रखण अध्यक्ष त्रिभुवन पटेल आदि शामिल थे।

अंदर से बंद था मंदिर का दरवाजा और फर्श पड़ा था पुजारी का शव

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बालू घाट रोड स्थित मंदिर में बुधवार की सुबह मंदिर के बंद दरवाजे के बावजूद मंदिर के अंदर 80 वर्षीय महंत का शव पड़ा मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की खबर फैलते ही मंदिर पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वही मामले की जानकारी मिलने के बाद सिकंदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अंदर से मंदिर का दरवाजा बंद रहने की स्थिति मे मंदिर के महंथ की मौत को संदेहास्पद मानते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध मे स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार की सुबह काफी देर तक मंदिर का दरवाजा बंद देख और पूजा पाठ नहीं होने की स्थिति में आसपास के लोगों को शंका हुई। जब लोग मंदिर के पास पहुंचे और अंदर देखा तो महंत का शव अंदर फर्श पर पड़ा था। मृतक पुजारी की पहचान 80 वर्षीय महंत महावीर दास के रूप में हुई है। महंत के मुंह से झाग निकल रहा था। बताया गया कि महंत महावीर दास लंबे समय से इसी मंदिर में रहकर देखरेख और पूजा-पाठ का काम करते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार वह मंदिर परिसर में अकेले रहते थे। बताया गया कि पिछले कुछ महीनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी और उनका इलाज भी चल रहा था। घटना को लेकर पंडित रंजीत नारायण तिवारी ने बताया कि उन्हें बुधवार सुबह महंत महावीर दास की मौत की जानकारी मिली।

मौत के कारण की जांच करेगी फॉरेंसिक टीम, मुँह से निकल रहा था झाग

उन्होंने कहा कि महंत लंबे समय से मंदिर में रहते थे और धार्मिक कार्यों में लगे रहते थे। वह यहां अकेले रहते हुए पूजा-पाठ किया करते थे। पंडित रंजीत नारायण तिवारी के मुताबिक महंत पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे और दवाएं भी ले रहे थे। उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह पुलिस जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना देने के साथ अन्य महंतों को भी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि महंत के अंतिम संस्कार और साधुओं से जुड़े धार्मिक रीति-रिवाजों को लेकर स्थानीय लोगों के साथ बातचीत के बाद निर्णय लिया जाएगा।

उनके अनुसार, उनके संज्ञान में महंत का किसी व्यक्ति से किसी तरह का विवाद होने की जानकारी नहीं है। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। वहीं सिकंदरपुर थानाध्यक्ष राकेश मोहन ने बताया कि मंदिर परिसर में एक महंत का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मंदिर का गेट अंदर से बंद था और शव फर्श पर पड़ा हुआ था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि एफएसएल की टीम को मामले की जांच के लिए लगाया गया है। पुलिस घटना से जुड़े सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मौत का वास्तविक कारण जांच और आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

मुजफ्फरपुर के मुशहरी अंचल अधिकारी निलंबित

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने मुशहरी के अंचल अधिकारी महेंद्र कुमार शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभाग ने यह कार्रवाई उनके खिलाफ प्राप्त शिकायतों और जांच में सामने आए गंभीर आरोपों के आधार पर की है। सरकारी आदेश के अनुसार, शुक्ला पर नामांतरण (म्यूटेशन) से जुड़े आवेदनों के निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन नहीं करने, नामांतरण प्रक्रिया के दौरान मृत महिला से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने, दाखिल-खारिज मामलों में आपत्ति के बाद दस्तावेजों में परिवर्तन की शिकायत और आपत्तियों के निपटारे में अनियमितता के आरोप हैं। इसके अलावा केस संख्या 5451/2024-25 में दाखिल दस्तावेजों में परिवर्तन के बावजूद मामले का निष्पादन किए जाने तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित समय में सूचना उपलब्ध नहीं कराने के आरोप भी लगाए गए हैं। आदेश में अंचल स्तर से संबंधित विभागीय कार्यों, दाखिल-खारिज, एलपीसी और आधार सीडिंग जैसे कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता का भी उल्लेख किया गया है।



मुशहरी के निलंबित अंचल अधिकारी महेंद्र कुमार शुक्ला।

विभाग को प्राप्त एक अन्य मामले में फर्जी तरीके से कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर दाखिल-खारिज करने और भू-माफियाओं से कथित सांठगांठ जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। सरकार ने प्रशासनिक प्राधिकार द्वारा लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9(1) के तहत महेंद्र कुमार शुक्ला को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, सारण प्रमंडल, छपरा निर्धारित किया गया है।

आपसी विवाद में पति की हत्या कर बच्चों के साथ फरार हुई आरोपी पत्नी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। साहेबगंज थाना क्षेत्र के रूप छपरा पंचायत के मोरहर मोरई गांव में 4 अक्टूबर को हुई वीरेंद्र राम की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी लालसा देवी को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद वह अपने बच्चों को लेकर फरार हो गई थी। ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान मृतक की पत्नी को हत्या के मामले में आरोपी मानते हुए उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि घटना के बाद लालसा देवी मौके से फरार है। इसके बाद उसके रिश्तेदारों के घरों पर छापेमारी की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ज्ञात हो कि बीते 4 अक्टूबर को मोरहर मोरई गांव में वीरेंद्र राम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर में मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एसडीपीओ सरैया अभिजित कौर भी घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो मृतक के कुछ लोगों और अपनी पत्नी के साथ विवाद होने की जानकारी सामने आई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में लालसा देवी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की निष्काम सेवा समर्पण और राष्ट्र निर्माण की यात्रा अत्यंत प्रेरणादायी : डॉ दिलीप

'सेवा ज्योति चौक' पर मशाल जुलूस का हुआ भव्य समापन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मरीन ड्राइव स्थित कम्युनिटी हॉल में बुधवार को 'विकसित भारत संकल्प सभा' एवं 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने वर्चुअल माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का ओजस्वी संबोधन सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल सहित संगठन के कई वरिष्ठ नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री दिलीप जयसवाल।



सेवा संकल्प सभा में शामिल पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा एवं अन्य।



नगर के सेवा ज्योति चौक पर सेवा ज्योति मशाल को स्थापित करते अतिथि गण।

इस दौरान संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की निष्काम सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की यात्रा हर भारतीय नागरिक के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। 'सेवा ज्योति यात्रा' के माध्यम से जन भागीदारी के इस पावन संकल्प को घर-घर तक पहुँचाने का यह प्रयास विकसित भारत के निर्माण को एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। इसके पश्चात सेवा और समर्पण का संदेश देता हुआ एक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। यह पदयात्रा मरीन ड्राइव से प्रारंभ होकर जिलाधिकारी आवास के आगे स्थित चौक तक पहुँची, जहाँ इस जुलूस का समापन हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं एवं नेताओं ने सर्वसम्मति से उस चौक का नाम 'सेवा ज्योति चौक' रखा और वहाँ मशाल को स्थापित किया।

इस अवसर पर बरूराज विधायक अरुण सिंह, नगर विधायक रंजन कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, प्रदेश मंत्री मनोज चौधरी राज्य 20 सूत्री समिति सदस्य व पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, पूर्व सांसद अजय निषाद, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, डिप्टी मेयर मोनालिसा,

जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष अशोक झा, सुरेश कुमार, इंद्रा सिंह, रितु आनंद, फेकू राम, जिला महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा, मंत्री परितोष सिंह, बिकाऊ यादव, पूनम वर्मा, रितु आनंद, कृष्णा महतो, डॉ साकेत शुभम ठाकुर, मीडिया प्रभारी रंजन कुमार ओझा, दीपक शर्मा, जुनैद खान अरविंद सिंह जिला पश्चिमी के उपाध्यक्ष तेज नारायण शर्मा, केशव चौबे, पश्चिमी महामंत्री सम्राट कुमार गुप्ता उपेंद्र पासवान बिंदेश्वर साहनी। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिवाकर शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनालिसा राय, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष कुंदन कुमार, किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज सिंह, ओमकार पासवान सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, जिला एवं विधानसभा प्रभारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पश्चिम जिला अध्यक्ष हरिमोहन चौधरी द्वारा की गई, जबकि मंच संचालन भाजपा पूर्वी जिला अध्यक्ष विवेक कुमार ने किया।

जिलाधिकारी ने चोरौत प्रखंड-अंचल कार्यालयों का किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक निर्देश

कायाकल्प अभियान को धरातल पर उतारें

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा बुधवार को चोरौत प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में संचालित प्रशासनिक कार्यों, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आमजन से संबंधित सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकासात्मक एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि काया कल्प अभियान को धरातल पर उतारने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में इसके अतिरिक्त डिग्री कॉलेज, विभिन्न पेंशन योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति, महादलित टोलों में शौचालय निर्माण, पंचायत सरकार भवन निर्माण की स्थिति, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण इत्यादि को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कार्यालयों में संधारित विभिन्न पंजियों का भी अवलोकन किया। इस क्रम में कैश बुक, आगत-निर्गत पंजी, उपस्थिति पंजी सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उनके संधारण एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अभिलेखों को नियमानुसार अद्यतन रखने तथा कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने का निर्देश दिया।



निरीक्षण के दौरान चोरौत प्रखंड कार्यालय में विकासात्मक एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया व उपस्थित अन्य।

उन्होंने दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं राजस्व से जुड़े अन्य मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लंबित मामलों का नियमानुसार एवं समय-सीमा के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक के पश्चात जिलाधिकारी ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण किया तथा विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों में संचालित कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों से उनके कार्यों की जानकारी ली और निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने का भी निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। मौके पर निदेशक एनइपी शशिकांत शर्मा, बीडीओ एवं सीओ चोरौत के साथ प्रखंड के प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला भाजपा ने निकाली सेवा ज्योति कलश यात्रा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को भाजपा द्वारा आयोजित ह्यसेवा ज्योति कलश यात्राह्न के तहत शंकर चौक डुमरा के समीप स्टेडियम के पास सभा हुई। इसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने नागरिकों और भाजपा कार्यकताओं को संबोधित किया।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और जनकल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का अवसर हैं। सेवा ज्योति कलश यात्रा के माध्यम से समाज में सेवा और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसेवा लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण की भावना पहुंचाने के लिए सभी को निरंतर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीतामढ़ी जिला भाजपा अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने की। इस अवसर पर बलराम मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती गायत्री देवी, अनील राम, बैधनाथ प्रसाद भाजपा विधायक, अर्जून राय पूर्व सांसद, पूर्व विधायक नगीना देवी, राम नरेश यादव, मुन्ना सिंह यादव, प्रो. उमेश चन्द्र झा, विशाल कुमार, भाजपा महामंत्री चुनचुन सिंह, संदीप राय, सुभाष केशरी, नवेन्दू कुशवाहा, दर्शन कुमार, संजीव सिंह, अविनाश कुमार, विशाल कुमार सिंह, प्रिंस तिवारी, गौरव कुमार सिंह, आनंद भूषण, अजीत कुमार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उमेश गिरी, रमण कुमार श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता के अलावा भाजपा के जिला पदाधिकारी, पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

नगर निगम कर्मियों की सात सूत्री मांगों पर सहमति बोनस देने में नगर आयुक्त ने जताई असमर्थता

सीतामढ़ी (एनएसबी)। नगर निगम कर्मचारी संघ, सीतामढ़ी की ओर से कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर नगर आयुक्त को सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा गया। मांग-पत्र पर हुई वार्ता में नगर आयुक्त ने बोनस की मांग को छोड़कर शेष सभी मांगों को अविलंब पूरा कराने का भरोसा दिया। बोनस की मांग पर उन्होंने असमर्थता व्यक्त की। संघ द्वारा सौंपे गए मांग-पत्र में नगर निगम कार्यालय परिसर में निगम में कार्यरत एनजीओ का कार्यालय खोलने, सभी कर्मचारियों को नियमित करने, कर्मचारियों का ईपीएफ नियमित करने तथा निगम कर्मियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग की गई है। इसके अलावा आगामी ठंड को देखते हुए सभी सफाई कर्मचारियों को गर्म वर्दी उपलब्ध कराने, एनजीओ के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों का पहचान-पत्र निर्गत करने तथा प्रत्येक वर्ष कम से कम एक माह का वेतन बोनस के रूप में देने की मांग शामिल है। संघ का कहना है कि निगम में कार्यरत कर्मी लंबे समय से विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं। मांगों के समाधान से कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। मांगों को लेकर हुई वार्ता में नगर आयुक्त ने एनजीओ कार्यालय, कर्मचारियों के नियमितीकरण, ईपीएफ, आयुष्मान कार्ड, सफाई कर्मियों को गर्म वर्दी तथा एनजीओ कर्मियों के पहचान-पत्र से संबंधित मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। हालांकि, एक माह के वेतन के बराबर बोनस देने की मांग को स्वीकार करने में उन्होंने असमर्थता जताई। वार्ता में नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चन्दन राउत, संरक्षक सह मंत्री संजय कुमार पप्पू, अरुण चौबे, कालिका नंदन प्रसाद, रामप्रवेश साह, रामबृक्ष राउत, मिलन देवी सहित अन्य नगर निगम कर्मचारी मौजूद थे।

एनजीओ कर्मियों को पहचान-पत्र, ईपीएफ व आयुष्मान कार्ड सहित अन्य मांगें जल्द पूरी कराने का भरोसा



नगर आयुक्त को मांग पत्र सौंपते नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, मंत्री व अन्य प्रतिनिधि।

केंद्र सरकार के विरुद्ध महागठबंधन ने बैरगनिया में किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। महागठबंधन के आह्वान पर बुधवार को प्रखंड कॉंग्रेस कार्यालय से कार्यकताओं ने सड़को पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। प्रखंड कॉंग्रेस के अध्यक्ष संतोष पासवान, राजद अध्यक्ष हरदेव नारायण साह, देवेंद्र कुमार सिन्हा, रमाकांत राय के नेतृत्व में निकाली गई। प्रदर्शन जुलूस काली चौक के रास्ते पटेल चौक पहुँची जहां केंद्र के मोदी,अमित शाह सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई,ततपश्चात पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। आंदोलन में रामस्वार्थ बैठा, राहुल खान, सुरेश यादव, रूदल राम, संजय यादव, दानिश खान, नरेश गिरी, राकेश मंडल, अफरोज खान, शेख सादाब आदि शामिल थे।



सड़क पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करते महागठबंधन के कार्यकर्ता।

एशियन मास्टर्स स्विमिंग चैम्पियनशिप में मुजफ्फरपुर के तैराकी प्रशिक्षक सत्यनारायण प्रसाद एवं कुंदन राज का चयन, बंगलोर रवाना

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। एशिया एक्वेटिक्स, स्विम्मिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं कर्नाटक स्विम्मिंग एसोसिएशन के संयुक तत्वावधान में बंगलोर के पादुकोण द्रविड़ सेंटर स्पोर्टस एक्सीलेंस में 4 से 10 अक्टूबर तक चलने वाली सेकेंड एशियन मास्टर्स स्विमिंग चैम्पियनशिप के लिये भारतीय टीम में मुजफ्फरपुर जिले के तैराकी प्रशिक्षक सत्यनारायण प्रसाद एवं कुंदन राज (शारीरिक शिक्षक, उच्च विद्यालय देवरिया) को शामिल किया गया है। दोनों प्रशिक्षक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने बंगलोर रवाना हो गये हैं। इस खबर से जिले के तैराकों एवं खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। दोनों तैराकों को सफल प्रदर्शन के लिए जिला खेल पदाधिकारी राजेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार अरविंद सिन्हा, जिला तैराकी संघ के चेयरमैन राजेश कुमार, अखिलेश कुमार, कुमार आदित्य, निशांत राज, अभाष कुमार समेत कई खेल प्रेमियों ने शुभकामनायें दीं हैं।

पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे तीन अपराधी मुठभेड़ में घायल

777 कारतूस बरामद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। रीगा थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात विशेष कार्यबल, बिहार एवं जिला आसूचना इकाई की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, रीगा थाना अंतर्गत रसीदपुर-गजपुरवा सीमा क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीनों अपराधी गोली लगने से घायल हो गए।



पुलिस द्वारा बरामद कारतूस एवं अन्य सामान।

घायलों की पहचान सुनील कुमार उर्फ सुनील कुशवाहा, मणि शंकर सिंह एवं इंदल कुमार उर्फ इंदल महतो के रूप में हुई है। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां बेहतर उपचार के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से 777 जिंदा कारतूस, 12 खोखे, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

तीनों का लंबा आपराधिक इतिहास : पुलिस के मुताबिक मणि शंकर सिंह के विरुद्ध बेलसंड, परसौनी, पिपराही एवं रीगा थानों में हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। इंदल कुमार उर्फ इंदल महतो के विरुद्ध परसौनी, सीतामढ़ी नगर, रुन्नीसैदपुर एवं रीगा थानों में हत्या, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। वहीं सुनील कुमार उर्फ सुनील कुशवाहा के विरुद्ध बथनाहा, रीगा, परसौनी, पुपरी एवं डुमरा थानों में हत्या, हथियार अधिनियम सहित कई आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

अमृत सरोवर परिसर में विकसित होंगी आधुनिक एवं जनोपयोगी सुविधाएं : तनय सुल्तानिया

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के चोरौत प्रखंड के महादेव चौक स्थित अमृत सरोवर परिसर को आकर्षक, सुविधायुक्त एवं जनोपयोगी स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं को लेकर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे परिसर का बारीकी से जायजा लिया तथा प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति एवं तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से ली।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अमृत सरोवर परिसर में प्रस्तावित सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर परिसर को आम लोगों के लिए बेहतर एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के साथ ही इसके उद्घाटन की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई की जाए।

अमृत सरोवर परिसर में लोगों की सुविधा एवं मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए सभी योजनाओं के अभिसरण से ग्राम संगठन के लिए भवन,ग्रामीण हाट, सामुदायिक शौचालय,आंगनवाड़ी केंद्र विवाह भवन, शौचालय एवं चेंजिंग रूम, यात्री शेड, गेट संख्या-1 एवं 2, वाहन पार्किंग, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, ग्रामीण पार्क, विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मंच, महादेव मंदिर का विकास, मार्ट एवं सामुदायिक भवन सहित कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रस्तावित हैं। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान परिसर की उपयोगिता, सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं जनसुविधाओं का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर परिसर का समग्र विकास होने से यह क्षेत्र स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण जनोपयोगी एवं आकर्षक स्थल के रूप में विकसित होगा। स्थल निरीक्षण के दौरान निदेशक, एनईपी संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



अमृत सरोवर परिसर का जायजा लेते जिलाधिकारी व अन्य।

जिलाधिकारी ने बर्री बेहटा पंचायत में मुक्ति धाम का किया निरीक्षण : जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने बुधवार को चोरौत प्रखंड के बर्री बेहटा पंचायत में हरही नदी के किनारे निर्मित मुक्ति धाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों से निर्माण कार्य की जानकारी ली। मुक्ति धाम का निर्माण 15वें वित्त आयोग, छठी वित्त आयोग एवं मनरेगा की योजनाओं के तहत कराया गया है। जिलाधिकारी ने परिसर की स्वच्छता, रखरखाव एवं जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने किया पंथपाकर नया टोल स्थित प्रा. विद्यालय का औचक निरीक्षण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के बथनाहा प्रखंड के पनदौल पंथपाकर नया टोल स्थित प्राथमिक विद्यालय में राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। सांसद ने कक्षा में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, ईमानदारी, संस्कार, स्वच्छता एवं नैतिक मूल्यों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और नैतिक शिक्षा भी जरूरी है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षकों से भी शैक्षणिक गतिविधियों एवं बच्चों की प्रगति की जानकारी ली। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी ने पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र से राज्य सभा सांसद धर्मशीला गुप्ता एवं भाजपा अध्यक्ष मनीष गुप्ता का स्वागत किया।



विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार विनोद कुमार कौशिला कुमारी शिवाणी कुमारी वंदना भारती उपस्थित ग्रामीण समाजसेवी डॉ राजीव, प्रसिद्ध दांत चिकित्सक डॉ प्रीति, रोहन, केशारिका सहित रसोइया सफाईकर्मी आदि ने प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी के पहल पर सांसद के साथ विद्यालय परिसर में फलदार और फूलदार वृक्षारोपण किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण जरूरी है।

वायरल वीडियो मामले में जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, आरोपी को किया गिरफ्तार

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो वायरल होने की सूचना जिला प्रशासन के संज्ञान में आने के पश्चात मामले का त्वरित सत्यापन कराया गया। सत्यापन के क्रम में पाया गया कि उक्त वीडियो परिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवपट्टी गांव के वार्ड संख्या-02 स्थित संस्कृत विद्यालय के समीप का है।

वीडियो में एक व्यक्ति द्वारा छोटे बच्चों के साथ आपत्तिजनक एवं अमानवीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल जिला पुलिस को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

मामले में परिहार थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वीडियो में संलिप्त व्यक्ति श्रवण महतो, पिता-आस नारायण महतो, निवासी महादेवपट्टी, वार्ड संख्या-05, थाना परिहार, जिला सीतामढ़ी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 316(2), 115(2), 126(2), 125(2), 109(1) तथा किशोर न्याय (देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी आपत्तिजनक अथवा भ्रामक सामग्री की सूचना मिलने पर उसका सत्यापन कर आवश्यकतानुसार तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

सुशासन और विकास की थीम पर रंगों के जरिये विकास यात्रा का आकर्षक प्रदर्शन

सेवा संकल्प-2026 के तहत रंगोली कार्यक्रम आयोजित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सेवा संकल्पझ2026 के तहत बुधवार दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) द्वारा 25 साल, 25 उपलब्धियाँ सेवा, सुशासन और विकास की थीम पर भव्य एवं आकर्षक रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विगत वर्षों में जनकल्याण, सुशासन एवं विकास के विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों को कला एवं रंगों के माध्यम से जनसामान्य के समक्ष प्रभावी एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत करना था।



रंगोली कार्यक्रम में विकास के विविध आयामों को अत्यंत रचनात्मक एवं कलात्मक तरीके से उकेरा गया। रंगोली के माध्यम से विशेष रूप से गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, शिक्षा का विस्तार, स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास तथा सुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से संबंधित रंगोलियाँ रहीं। रंगोली के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखना भी समान रूप से आवश्यक है।

इस अवसर पर नगर परिषद के पदाधिकारी ने कहा कि कला संवाद एवं जनजागरूकता का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल जनसामान्य में सरकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि जनभागीदारी की भावना भी सुदृढ़ होती है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए स्थानीय स्तर पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समावेशन एवं सुशासन जैसे क्षेत्रों में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। आईसीडीएस आँगनवारी सेविका द्वारा आयोजित यह रंगोली कार्यक्रम इसी उद्देश्य से नागरिकों को जागरूक, प्रेरित एवं सहभागी बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर दिव्यांगन केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर शांति नगर, डुमरा रोड स्थित दिव्यांगन केंद्र में सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लायंस क्लब सीतामढ़ी यूथ, आरोग्या फाउंडेशन एवं सक्षम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में पुनर्वास विशेषज्ञ एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राजेश कुमार सुमन ने अभिभावकों को राष्ट्रीय न्यास के अंतर्गत संचालित निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने योजना की पात्रता, उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आर्थिक लाभ तथा योजना से जुड़ने की प्रक्रिया के बारे में अभिभावकों को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया।



कार्यक्रम में सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राजेश कुमार सुमन व अन्य।

वहीं स्टेट नोडल समन्वयक राहुल रंजन ने कानूनी संरक्षकता योजना की उपयोगिता एवं आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अधिकारों, हितों एवं भविष्य की सुरक्षा के लिए कानूनी संरक्षकता महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की पूरी प्रक्रिया भी अभिभावकों को समझाई।

इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार सुमन ने कहा कि ह्यसेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए उपचार और पुनर्वास के साथ उनके अधिकारों एवं भविष्य की सुरक्षा पर भी समान रूप से ध्यान देना जरूरी है। सरकार द्वारा संचालित योजनाएं तभी प्रभावी होंगी, जब पात्र परिवारों को उनकी सही जानकारी होगी और वे उनका लाभ उठा पाएंगे। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा जानकारी के अभाव में अपने अधिकारों और सुविधाओं से वंचित न रहे।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ केक काटकर विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस मनाया गया तथा उन्हें उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। अभिभावकों ने निरामया एवं कानूनी संरक्षकता से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक सह विशेष शिक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मधुरिमा रानी, डॉ. शिप्रा, डॉ. साक्षी, प्रियंका, नीतू, ममता, संगीता, अंजली एवं बाबन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, बच्चे एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

बच्चे को गढ़ने में हम चूक रहे हैं

जब किसी बच्चे के व्यवहार में बदलाव दिखाई देता है, पढ़ाई के प्रति उसकी रुचि कम होती है, वह अनुशासन से दूर जाने लगता है, मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में अधिक समय बिताता है, झूठ बोलने लगता है या अपने परिवार और समाज से दूरी बनाने लगता है, तो अक्सर पहला सवाल यही उठता है बच्चा बिगड़ गया है। लेकिन क्या सचमुच केवल बच्चा ही इसके लिए जिम्मेदार है यह सवाल जितना सरल दिखाई देता है, उसका उत्तर उतना ही गंभीर और व्यापक है।

बच्चे समाज का आईना होते हैं। वे केवल किताबों से नहीं सीखते, बल्कि घर, विद्यालय, पड़ोस, मित्रों, सोशल मीडिया और अपने आसपास के व्यवहार से भी सीखते हैं। इसलिए यदि किसी बच्चे के आचरण में नकारात्मक परिवर्तन आता है तो केवल उसे दोषी ठहराने के बजाय यह देखना जरूरी है कि उसके आसपास का वातावरण कैसा है और उसे सही दिशा देने में परिवार, विद्यालय तथा समाज की भूमिका कितनी प्रभावी रही है। सबसे पहली जिम्मेदारी परिवार की है। आज बदलती जीवनशैली में माता-पिता के पास बच्चों के लिए समय कम होता जा रहा है। कई घरों में बच्चों की जरूरतें पूरी करने को ही अभिभावक अपना कर्तव्य समझ लेते हैं। अच्छे कपड़े, महंगा मोबाइल, बेहतर स्कूल और जेब खर्च उपलब्ध करा देना पर्याप्त नहीं है। बच्चे को सबसे अधिक आवश्यकता समय, संवाद, संस्कार और भावनात्मक सुरक्षा की होती है। माता-पिता यदि बच्चे से बातचीत ही नहीं करेंगे, उसकी परेशानियों को नहीं सुनेंगे और उसकी दुनिया को समझने का प्रयास नहीं करेंगे तो वह अपनी समस्याओं का समाधान बाहर तलाशेगा।

यह भी समझना होगा कि बच्चों पर हर समय डांट और नियंत्रण रखने से समस्या का समाधान नहीं होता। अनुशासन जरूरी है, लेकिन अनुशासन और कठोरता में अंतर है। बच्चे को यह महसूस होना चाहिए कि गलती होने पर उसे सुधारा जाएगा, अपमानित नहीं किया जाएगा। जिस घर में संवाद समाप्त हो जाता है, वहां बच्चों और अभिभावकों के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ने लगती है। विद्यालय की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है। विद्यालय बच्चों को ज्ञान के साथ व्यवहार, जिम्मेदारी, अनुशासन, सह-अस्तित्व और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने का भी स्थान है। शिक्षक बच्चों के व्यवहार में आने वाले बदलाव को जल्दी पहचान सकते हैं। किसी विद्यार्थी का अचानक चुप हो जाना, पढ़ाई से विमुख होना, लगातार अनुपस्थित रहना या साथियों से अलग-थलग पड़ना किसी समस्या का संकेत हो सकता है। ऐसे समय में केवल दंड देने के बजाय संवाद और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

आज मोबाइल फोन और सोशल मीडिया बच्चों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। तकनीक स्वयं समस्या नहीं हैय समस्या उसका अनियंत्रित और अनुचित उपयोग है। इंटरनेट ज्ञान का विशाल माध्यम है, लेकिन उसी के साथ उसमें ऐसी सामग्री भी उपलब्ध है जो बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास को प्रभावित कर सकती है। इसलिए केवल मोबाइल छीन लेना समाधान नहीं है। बच्चों को डिजिटल दुनिया का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग सिखाना होगा। अभिभावकों को भी यह समझना होगा कि बच्चों की अनलाइन दुनिया से पूरी तरह अनजान रहकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती।

बच्चों के बिगड़ने में संगति की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। किशोरावस्था में मित्रों का प्रभाव बहुत बढ़ जाता है। बच्चा अपने साथियों से स्वीति चाहता है। यदि उसे सकारात्मक संगति मिलती है तो उसका व्यक्तित्व मजबूत हो सकता है, लेकिन गलत संगति उसे धीरे-धीरे गलत रास्ते की ओर ले जा सकती है। इसलिए बच्चों के मित्रों को लेकर केवल संदेह करने के बजाय उनसे मित्रवत संवाद करना अधिक प्रभावी है।

समाज की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। हम अक्सर बच्चों से आदर्श व्यवहार की अपेक्षा करते हैं, लेकिन स्वयं उनके सामने क्या उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं, इस पर विचार नहीं करते। यदि बच्चे घर और समाज में झूठ, हिंसा, अपशब्द, लालच, दिखावा और असम्मान को सामान्य व्यवहार के रूप में देखते हैं, तो उनसे केवल किताबों में लिखे आदर्शों के अनुसार व्यवहार करने की उम्मीद करना कठिन है। बच्चे उपदेश से अधिक व्यवहार से सीखते हैं। माता-पिता यदि ईमानदारी की बात करते हुए स्वयं झूठ बोलेंगे, शिक्षक यदि अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए स्वयं नियमों की अनदेखी करेंगे और समाज यदि सम्मान की बात करते हुए दूसरों का अपमान करेगा, तो बच्चे के सामने विरोधाभासी संदेश जाएगा। एक और गंभीर समस्या है बच्चों की तुलना। देखो, वह कितना अच्छा पढ़ता है, तुम उससे क्यों नहीं सीखते, तुम कभी आगे नहीं बढ़ोगे। इस तरह के वाक्य बच्चों के आत्मविश्वास को कमजोर कर सकते हैं। हर बच्चा अलग क्षमता, रुचि और व्यक्तित्व लेकर पैदा होता है। उसे दूसरे बच्चे की नकल बनाने के बजाय उसकी क्षमता को पहचानने और विकसित करने की जरूरत है।

दवा खरीद में बड़ा गड़बड़झाला



प्रमोद भार्गव।

सर्वोच्च न्यायालय ने कैंसर की दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) और सरकारी खरीद मूल्य के बीच बड़े अंतर को अजूबा करार दिया है। यह अंतर 10 गुना से भी ज्यादा है। 2,700 रुपये की खुदरा बिक्री वाली कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 रुपये अंकित होने पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पहले तो इसे 'दिन-दहाड़े डकैती' कहा और फिर 29 सितंबर 2026 को हुई सुनवाई में इस भारी अंतर को दो टूक शब्दों में 'कत्लेआम' यानी 'सामूहिक संहार' तक कहने में संकोच नहीं किया। दवा कारोबारियों, निजी अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की खरीद करने वाले जिम्मेदार लोगों के लिए इससे तीखी टिप्पणी और क्या हो सकती है । अदालत ने यह सवाल भी खड़ा किया कि 'इतना पैसा कहां जा रहा है और फायदा किसे हो रहा है' । यह टिप्पणी सीधे-सीधे दवा उत्पादकों, निजी अस्पतालों के मालिकों एवं चिकित्सकों तथा सरकारी खरीद में लिप्त जिम्मेदार लोगों का अमानवीय चेहरा सामने लाती है।

यह विडंबना तब है, जब भारत सरकार एक दवा, एक मूल्य और एक गुणवत्ता नीति से जुड़ा कानून फरवरी 2025 में पूरे देश में लागू कर चुकी है। इस नियम के तहत खुदरा और थोक दवा विक्रेताओं तथा ई-फार्मेसी के लिए दवाओं की मूल्य सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य है, ताकि रोगियों को तय दामों पर ही उचित गुणवत्ता वाली मानक दवाएं मिल सकें। परंतु शीर्ष न्यायालय की इस तीखी प्रतिक्रिया से साफ है कि दवा विक्रेताओं और सरकारी दवा खरीद से जुड़े अधिकारियों ने इस कानून को बट्टे खाते में डाल दिया है। कॉरपोरेट अस्पताल अब सेवा नहीं, उद्योग बन गए हैं। यहां तक कि ये अस्पताल मरीजों को अपने परिसर में स्थित मेडिकल स्टोर से ही दवाएं खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। यदि कोई रोगी बाहर से दवा लाने को कहता है, तो अस्पताल उपचार की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेने की बात कहकर एक तरह से धमकी देते हैं। जबकि इनमें से ज्यादातर अस्पताल आयुष्मान भारत और अन्य सरकारी लाभार्थी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत भी उपचार करते हैं। यानी दवा उत्पादकों और अस्पतालों की मनमानी कानून के अस्तित्व में आने के बाद भी बनी हुई है। फार्मा कंपनियां अपनी दवाओं के मूल्य का निर्धारण किस आधार पर करती हैं, यह भी एक बड़ा सवाल है। साफ है कि जब दवाएं आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे में आती हैं, तो फिर एमआरपी पर आधारित यह छद्म मूल्य व्यवस्था कैसे और क्यों बनी हुई है जबकि स्वस्थ रहना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वेक्षण रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाओं को आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर बाहर किया जा रहा है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि दवाओं की महंगाई का कारण उनमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में डूब जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करतीं और दवाओं की कीमत कई सौ गुना तक अधिक रख देती हैं। यहां तक कि नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी अपने उत्पादों की कीमतें लागत से दो सौ से पांच सौ गुना तक अधिक रख रही हैं। ये महंगे दवा उत्पाद सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार के बूते खपाए जाते हैं।

इस धोखाधड़ी को लेकर कैग ने सरकार को दवा मूल्य नियंत्रण अधिनियम में संशोधन का सुझाव दिया था। ऐसे ही सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने देशभर में फैले सीजीएचएस के 1,200 अस्पतालों, 200 जांच केंद्रों, 500 वेलनेस सेंटरों और 8,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों तक एक मूल्य पर एक दवा पहुंचाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

इसके पहले नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने भी देशी-विदेशी दवा कंपनियों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी गई उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। यह गोलमाल प्रत्यक्ष रूप से ग्राहकों के साथ तो हो ही रहा है, अप्रत्यक्ष रूप से सरकार को राजस्व की हानि के रूप में भी नुकसान पहुंचा रहा है। इस धोखाधड़ी को लेकर कैग ने सरकार को दवा मूल्य नियंत्रण अधिनियम में संशोधन का सुझाव दिया था। ऐसे ही सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने देशभर में फैले सीजीएचएस के 1,200 अस्पतालों, 200 जांच केंद्रों, 500 वेलनेस सेंटरों और 8,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों तक एक मूल्य पर एक दवा पहुंचाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। हालांकि, इस योजना पर प्रभावी अमल के लिए सरकार को मजबूत और पारदर्शी नेटवर्क बनाना होगा, जिसके लिए विश्वसनीय आंकड़े भी जरूरी हैं। दवा वितरण के लिए बोली के आधार पर भागीदारी करने वाले विक्रेताओं के चयन में तकनीकी योग्यता से कहीं ज्यादा ईमानदारी के मानदंडों पर ध्यान देने की जरूरत है। दवा क्रय समिति को भी ऐसी दवाएं खरीदनी चाहिए, जो उपचार में प्रभावी और कीमत में सस्ती हों। आखिरकार, सरकार का उद्देश्य आम आदमी को सस्ती, असरकारी और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना ही है।

चूंकि देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्यों के अधिकार क्षेत्र में है, इसलिए यदि उन्हें भी इस योजना में भागीदार बना लिया जाए, तो दवा वितरण का दायरा बढ़ेगा और इसका लाभ पाने वाले रोगियों की संख्या भी बढ़ जाएगी।

इंसान की जीवन रक्षा से जुड़ा दवा कारोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय और अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैरजरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा बन गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। दरअसल, वर्तमान में दवा कारोबार मुनाफे की हवस की गिरफ्त में तो है ही, निजी चिकित्सालयों का उद्योग रोगी पैदा करने और उन्हें रोगी बनाए रखने का काम भी कर रहा है। इसलिए चिकित्सकों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे दवा कारोबार के हितों की पूर्ति में लिप्त हैं। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि चिकित्सक ज्ञान तो निश्चित रूप से उच्च चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त करते हैं, लेकिन चिकित्सा सेवा में आने के बाद उनके इस ज्ञान का अपहरण दवा उद्योग कर लेता है। नतीजतन, ज्यादातर डॉक्टर पर्चे पर वही दवाएं लिखते हैं, जिनके बारे में उन्हें दवा कंपनियों के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) बताते हैं और बदले में कमीशन तथा उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का व्यवसाय जीवन रक्षा का माध्यम है। यह मानवीय संवेदना और करुणा की रक्षा करने वाला नैतिक पेशा है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ाने के लिए। किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है। इस अविश्वास के चलते ही अस्पतालों में चिकित्सकों और रोगियों के परिजनों के बीच मारपीट तथा ज्यादा धन वसूलने को लेकर विवाद सामने आ रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में शीर्ष न्यायालय की 'डकैती' और 'सामूहिक संहार' जैसी टिप्पणियों को बेवजह की प्रतिक्रिया नहीं कहा जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के 25 साल पूरे, हर साल 250 स्कॉलरशिप देने और नेशनल रिसर्च प्लेटफॉर्म बनाने की घोषणा

हैदराबाद/ मोहाली,(दैनिक नवसंदेश) । फाइनेंशियल टाइम्स ग्लोबल एमबीए रैंकिंग्स 2026 में भारत में पहले और दुनिया में 12वें स्थान पर रहे इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ने अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर आईएसबी/25 के तहत कई दीर्घकालीन पहलों की घोषणा की गई। इन पहलों का उद्देश्य मैनेजमेंट शिक्षा को अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचाना और भारत में रिसर्च और शिक्षण क्षमता को मजबूत करना है।

आईएसबी 25 स्कॉलर्स प्रोग्राम के तहत आईएसबी हर साल 250 स्कॉलरशिप देगा। ये स्कलरशिप आईएसबी के प्रमुख पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीपी) और पीजीपी इन मैनेजमेंट फर यंग लीडर्स (पीजीपी वाईएल) कोर्स के लिए दी जाएंगी। स्कॉलरशिप छात्रों की योग्यता और आर्थिक जरूरत के आधार पर दी जाएगी। इसके तहत छात्रों को फीस में 100 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आईएसबी

ISB 25

में अलग-अलग क्षेत्रों के प्रतिभाशाली छात्रों को अवसर देना है। अलग-अलग आर्थिक, भौगोलिक और प्रोफेशनल बैकग्राउंड वाले होनहार छात्रों को विश्वस्तरीय मैनेजमेंट शिक्षा मिल सके, इसके लिए यह प्रोग्राम शुरू किया गया है।

इसके साथ ही आईएसबी इंडिया रिसर्च कॉमन्स नाम से राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च प्लेटफॉर्म शुरू करेगा। इसके माध्यम से देशभर के स्कॉलर्स को चुनिंदा डेटा सेट, रिसर्च टूल्स, रिसर्च मेथडोलॉजी से जुड़े संसाधन और एआई आधारित रिसर्च सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही नया नेशनल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से आईएसबी देशभर के मैनेजमेंट शिक्षण संस्थानों के साथ अपनी शिक्षण पद्धति, क्लासरूम में पढ़ाने के तरीके और टेक्नोलॉजी की मदद से शिक्षा देने के तरीके साझा करेगा। इस तरह पिछले 25 सालों में आईएसबी द्वारा विकसित क्षमताओं का लाभ देश के व्यापक शैक्षणिक क्षेत्र को मिल सकेगा। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन प्रोफेसर मदन पिल्लुतला ने कहा, आईएसबी/25 सिर्फ हमारे 25 साल के सफर का जश्न मनाने का मौका नहीं है, बल्कि यह भविष्य के लिए हमारी प्रतिबद्धता तय करने का अवसर भी है।

एक आवाज, एक जिंदगी और अनगिनत एहसास

राजीव मंडल

लेखक प्रदीप कुमार शुक्ला रचित 'जगजीत-जिंदगी का सफर' दरअसल जगजीत सिंह की जिंदगी के सारे पहलू को देखने, समझने और परखने का एक भगीरथ प्रयास ही माना जाएगा। जगजीत सिंह को सुनना जितना आसान है, उन्हें समझना उतना ही कठिन।

प्रमोद कुमार शुक्ल की पुस्तक इसी कठिन काम की कोशिश करती है आवाज के पीछे छिपे उस इंसान को तलाशने की, जिसकी गजलों में प्रेम भी था, अकेलापन भी और जिंदगी का गहरा यथार्थ भी। उनकी आवाज में जितनी मिठास थी, उतनी ही गहराई भी, जितनी सहजता थी, उतना ही दर्द भी। सबसे बड़ी खासियत ये है कि उन्होंने गजल को महफिलों और चुनिंदा श्रोताओं की दुनिया से निकालकर आम आदमी के ड्राइंगरूम, उसकी तन्हाई और उसकी स्मृतियों तक पहुंचाया। यही वजह है कि जगजीत सिंह केवल एक गायक नहीं रहे, बल्कि कई पीढ़ियों की भावनाओं की आवाज बन गए।

प्रदीप कुमार शुक्ला की पुस्तक 'जगजीत-जिंदगी का सफर' इसी लोकप्रिय आवाज के पीछे के जीवन को समझने की कोशिश है। पुस्तक का महत्व इस बात में है कि जगजीत सिंह की चर्चा केवल उनके गीतों और गजलों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उनके जीवन-सफर को व्यापक संदर्भ में देखने की कोशिश करती है।

जगजीत सिंह की कहानी दरअसल एक ऐसे कलाकार की कहानी है जिसने अपनी अलग राह खुद बनाई। संगीत की दुनिया में पहचान बनाने का संघर्ष, अपनी शैली विकसित करने की जिद, चित्रा सिंह के साथ उनका संगीत और जीवन-संबंध, लोकप्रियता का विस्तार और निजी जीवन की वे त्रासदियां जिन्होंने उनके व्यक्तित्व को भीतर तक प्रभावित किया । इन सबको समझे बिना जगजीत सिंह को पूरी तरह समझ पाना संभव नहीं।

पुस्तक की सबसे बड़ी कसौटी भी यही है कि लेखक जगजीत सिंह की लोकप्रिय छवि से आगे कितना जा पाते हैं। किसी महान कलाकार की जीवनी तब महत्वपूर्ण बनती है जब वह केवल उपलब्धियों की सूची न रहकर उसके मनुष्य होने की कहानी भी कहे। जगजीत सिंह के मामले में यह और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि उनकी गायकी में जीवन के सुख-दुख, प्रेम, विरह, अकेलापन और टूटन लगातार दिखाई देते हैं। इस मामले में लेखक सफल रहे हैं।

जगजीत सिंह की गायकी की खासियत उनकी सादगी थी। उन्होंने गजल को जटिल प्रस्तुति से मुक्त करते हुए उसकी भावनात्मक शक्ति को आम श्रोता तक पहुंचाया। उनकी आवाज में शब्दों को महत्व मिलता था और शब्दों में छिपे भाव आवाज के माध्यम से श्रोता तक पहुंचते थे। 'कागज की कश्ती', 'होठों से छू लो तुम', 'बात निकलेगी तो फिर' जैसे गीतों और गजलों ने उन्हें लोकप्रिय तो बनाया ही, उनके साथ एक भावनात्मक रिश्ता भी कायम किया।

लेकिन किसी कलाकार की लोकप्रियता और उसकी महानता एक ही चीज नहीं होती। इसलिए इस पुस्तक को पढ़ते हुए यह देखना भी जरूरी है कि लेखक जगजीत सिंह के संगीत को केवल लोकप्रियता के पैमाने से देखते हैं या उसके कलात्मक और सांगीतिक महत्व की भी पड़ताल करते हैं। यही वह बिंदु है जहां एक



पुस्तक समीक्षा

पुस्तक : जगजीत -जिंदगी का सफर

लेखक : प्रमोद कुमार शुक्ल

प्रकाशक : इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा

प्रकाशन वर्ष : 2026

पृष्ठ संख्या : 112

मूल्य : र. 245

जीवनी सामान्य प्रशंसात्मक लेखन से गंभीर अध्ययन में बदलती है। 'फिल्मी सफर' अध्याय में लेखक ने उनके इस पहलू को बखूबी समेटने की कोशिश की है।

जगजीत सिंह के जीवन का निजी पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। चित्रा सिंह के साथ उनका संबंध, दोनों का साझा संगीत-सफर और फिर जीवन में आए वे मोड़, जिन्होंने दोनों को भीतर से बदल दिया। इन प्रसंगों को संवेदना और गरिमा के साथ देखना आवश्यक है।

विशेष रूप से पुत्र विवेक की असमय मृत्यु के बाद जगजीत सिंह के जीवन और संगीत में आए बदलाव को केवल एक दुखद घटना के रूप में नहीं, बल्कि एक कलाकार के भीतर के गहरे टूटाव के रूप में समझने की जरूरत है।

यहीं पुस्तक की संवेदनशीलता की परीक्षा होती है। 'जैसा पिता, वैसा बेटा' और 'पत्नी का सहयोग' अध्याय में लेखक ने संजीदगी और संवेदनशील होकर कलम चलाई है। किसी महान कलाकार के निजी दुख को पाठकीय कौतूहल या सनसनी में बदल देना आसान है, मुश्किल यह है कि उस दुख की मानवीय गहराई को महसूस करते हुए उसे शब्द दिया जाए। प्रदीप जी ने निःसन्देह बेबाकी, समझदारी और गंभीरता से जगजीत सिंह के जीवन के अनछुए पक्ष को उकेरा है।

वाकई लेखक ने जगजीत सिंह के समय को अच्छे से पकड़ा है। क्योंकि जगजीत सिंह की यात्रा केवल एक व्यक्ति की यात्रा नहीं थी। यह भारतीय संगीत की बदलती दुनिया, रिकॉर्डिंग तकनीक के विकास, कैसेट संस्कृति के विस्तार, निजी एलबमों की लोकप्रियता और गजल के बदलते श्रोता वर्ग की कहानी भी है।

इस दृष्टि से जगजीत सिंह को समझना भारतीय लोकप्रिय संगीत के एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को समझना भी है।

पुस्तक की भाषा और प्रस्तुति का मूल्यांकन बेहतरीन है और लेखक ने तथ्यों और भावनाओं के बीच कितना संतुलन बनाया है। अच्छी जीवनी की विश्वसनीयता उसके निष्पक्ष दृष्टिकोण से बढ़ती है। जगजीत सिंह जैसे लोकप्रिय और भावनात्मक रूप से जुड़े कलाकार पर लिखते हुए यह चुनौती और बड़ी हो जाती है, और लेखक इस मामले में सफल हुए हैं।

अंततः 'जगजीत-जिंदगी का सफर' को केवल जगजीत सिंह के जीवन की घटनाओं का संकलन मानना पर्याप्त नहीं होगा। यह पुस्तक पाठक को उस आवाज के पीछे मौजूद मनुष्य तक पहुंचने का अवसर देती है। एक ऐसा मनुष्य जिसने दूसरों के दर्द को अपनी आवाज दी और अपनी निजी पीड़ा को भी संगीत की संवेदना में बदल दिया।

जगजीत सिंह चले गए, लेकिन उनकी आवाज नहीं गई। शायद यही किसी कलाकार की सबसे बड़ी सफलता है। जब किसी व्यक्ति के जाने के बाद भी उसके स्वर लोगों की निजी स्मृतियों, प्रेम, विरह और अकेलेपन का हिस्सा बने रहें, तो वह कलाकार व्यक्ति से कहीं बड़ा हो जाता है।

जगजीत सिंह की जिंदगी का सफर इसलिए खत्म नहीं हुआ। वह आज भी उनकी आवाज के साथ जारी है। प्रदीप कुमार शुक्ला की यह पुस्तक उसी जारी सफर को शब्दों में पकड़ने का एक प्रयास है।

सैमसंग सीरीज भारत में उपलब्ध, मल्टी-बाय ऑफर्स और नो-कस्ट ईएमआई का लाभ

पटना (दैनिक नवसंदेश) सैमसंग इंडिया ने अपनी नई गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी के मुताबिक, यह उसकी अब तक की सबसे दमदार और बहुउपयोगी टैबलेट सीरीज है। इसमें बेहद पतले डिजाइन के साथ दमदार परफर्मेंस और लेटेस्ट गैलेक्सी एआई दिया गया है। नए टैबलेट ग्रे और सिल्वर रंगों में उपलब्ध होंगे।

गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज खरीदने वाले ग्राहकों को कई फायदे मिलेंगे। इनमें टैबलेट और चुनिंदा स्मार्टफोन (जैसे गैलेक्सी जेड फोल्ड 8, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस 25 अल्ट्रा या एस 25प्लस) की खरीद पर 15,000 रुपये तक की छूट, चुनिंदा वेअरेबल्स पर 15 प्रतिशत की छूट, प्रो कीबोर्ड कवर पर 30 प्रतिशत की छूट, 5,000 रुपये तक का बैंक कैशबैक, 5,000 रुपये तक का अपग्रेड बोनस और चुनिंदा बैंक व एनबीएफसी पार्टनर्स के जरिए 24 महीने तक नो-कस्ट ईएमआई शामिल है।

स्मिथ एंड जोन्स ने अभिनेत्री रसिका दुगल के साथ लान्च किया नया कैंपेन, उपभोक्ताओं को उनके अदरक-लहसुन पेस्ट के बारे में जागरूक करने की पहल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रमुख फूड ब्रांड स्मिथ एंड जोन्स ने अभिनेत्री रसिका दुगल के साथ अपना नया कैंपेन लांच किया है। भारत का नंबर-1' कुकिंग पेस्ट यानी स्मिथ एंड जोन्स जिंजर गार्लिक पेस्ट बनाने वाले इस ब्रांड के नए कैंपेन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बड़े ही मजेदार और दिलचस्प अंदाज में समझाना है कि उन्हें पेस्ट खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



द वूम्ब द्वारा तैयार इस कैंपेन में एक आसान विजुअल टेस्ट के जरिए उपभोक्ताओं को बेहतर अदरक-लहसुन पेस्ट की पहचान करना सिखाया गया है

आज मार्केट में अदरक-लहसुन पेस्ट के ढेरों विकल्प मौजूद हैं, लेकिन ग्राहकों के लिए यह समझ पाना आज भी मुश्किल है कि कौन सा उत्पाद बेहतर है। इसी उलझन को दूर करने के लिए इस कैंपेन में एक आसान विजुअल टेस्ट दिखाया गया है। इसके जरिए उपभोक्ता बिना किसी झंझट के एक गाढ़े, असली पेस्ट और पानी जैसे पतले पेस्ट का फर्क साफ देख सकते हैं, ताकि वे सोच-समझकर सही खरीदारी कर सकें। इस पूरे कैंपेन का दिलचस्प निचोड़ यही है -हो गया न पेस्ट का पेस्ट और पानी का पानी।

कैंपेन के बारे में, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की प्रेसिडेंट (पैकेज्ड फूड्स, कैपिटल फूड्स एंड सोलफुल) सुश्री दीपिका भान ने कहा, रसोई में कुछ नया ट्राई करना या अलग-अलग चीजों के साथ नए प्रयोग करना कई बार लोगों को थोड़ा उलझन भरा लगता है। लेकिन स्मिथ एंड जोन्स के साथ हम कुकिंग को बहुत आसान और मजेदार बनाना चाहते हैं। हमारी यह नई मुहिम भी इसी भरोसे को दर्शाती है।

द वूम्ब के सीओओ हेवल पटेल ने कहा, स्मिथ एंड जोन्स अदरक-लहसुन पेस्ट मार्केट में सबसे आगे है। आज जब लोग इस पेस्ट को एक आम राशन के सामान की तरह देखते हैं, तब स्मिथ एंड जोन्स के पास ग्राहकों को जागरूक करने का एक बेहतरीन मौका था। हम उन्हें यह बताना चाहते थे कि असली स्वाद देने वाले अच्छे अदरक-लहसुन पेस्ट की पहचान कैसे की जाए। टेस्ट गजब के ब्रांड वादे के तहत बनी यह फिल्म दिखाती है कि कैसे सही अदरक-लहसुन पेस्ट, लाजवाब और स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए सबसे सही आधार तैयार करता है।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने होम अप्लायंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट दिवाली ऑफर्स की घोषणा की

पटना (दैनिक नवसंदेश) एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने एक शानदार दिवाली मनाने के लिए एक्सक्लूसिव ऑफर्स और एलजी के भरोसे के साथ अपने दिवाली कैंपेन, सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट की घोषणा की। ये फेस्टिव ऑफर्स चुनिंदा होम अप्लायंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर उपलब्ध हैं, जिनके फायदे घर को अपग्रेड करना आसान और ज्यादा फायदेमंद बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

दिवाली ऑफर्स के तहत ग्राहक इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं : चुनिंदा मॉडल्स पर चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स के साथ 26 प्रतिशत (30,000 तक) का कैशबैक । चुनिंदा मॉडल्स पर 888 से शुरू होने वाली फिक्स्ड ईएमआई। चुनिंदा मॉडल्स पर जीरो डाउन पेमेंट, और शेष राशि ईएमआई के जरिए देय । चुनिंदा एलजी टीवी पर 3 साल की वारंटी । चुनिंदा साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर पर14,190 तक का फ्री मिनी रेफ्रिजरेटर। चुनिंदा वॉटर प्यूरीफायर मॉडल्स पर पहले साल के पैकेज के तहत 4,200 की फ्री मेंटेनेंस। कंप्रेसर पर 10 साल की वारंटी । एलजी बेस्टकेयर एएमसी पर 30 प्रतिशत तक की छूट।

इस लान्च के अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए, संजय चितकारा, को-चीफ सेल्स और मार्केटिंग अफिसर ने कहा-हम उस भरोसे से बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं जो भारतीय परिवारों ने सालों से हम पर जताया है। अपने सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट कैंपेन के जरिए, हमारा लक्ष्य आकर्षक कैशबैक, आसान ईएमआई विकल्प, जीरो डाउन पेमेंट और एक्सटेंडेड वारंटी की पेशकश करके इस त्योहारी सीजन को और भी ज्यादा फायदेमंद बनाना है, ताकि अधिक से अधिक परिवार आसानी से अपने घरों में लेटेस्ट अपग्रेड्स ला सकें। हम अपने ग्राहकों को उनके निरंतर विश्वास के लिए धन्यवाद देते हैं और सभी को एक खुशहाल व समृद्ध दिवाली की शुभकामनाएं देते हैं।

साल 2026 एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक विशेष वर्ष रहा है। एलजी को वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, माइक्रोवेव और टीवी में भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड के रूप में मान्यता मिली है। इनोवेशन में उत्कृष्टता के लिए इसने इंडियाज टॉप अप्लायंस अवार्ड्स 2026 भी जीता है और इसे कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और होम अप्लायंसेज में भारत के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड के रूप में भी पहचाना गया है। यह प्रमोशन 15 नवंबर 2026 तक जारी रहेगा। ग्राहक इन ऑफर्स के बारे में ज्यादा जानकारी प्राप्त करने और इनका लाभ उठाने के लिए नजदीकी स्टोर्स या एलजी की वेबसाइट पर जा सकते हैं।

एआई स्मार्टफोन ने नोवा और पल्स सीरीज के लिए बिग बिलियन डेज की विशेष कीमतों की घोषणा

नई दिल्ली/पटना (दैनिक नवसंदेश) । एआई स्मार्टफोन ने फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2026 में नोवा और पल्स सीरीज के लिए उत्सवकालीन कीमतों की घोषणा की। 8,999 से शुरू होने वाली यह सिरीज स्वच्छ डिजाइन, दीर्घकालिक बैटरी और दैनिक उपयोग के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन प्र

रक्सौल में दवा दुकानों पर औषधि विभाग का बड़ा छापा

218 कोडीन सिरप व 1000 टेपेंटाडोल कार्टन जब्त, महावीर ड्रग एजेंसी संचालक गिरफ्तार, दुर्गा ड्रग में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

रक्सौल (एनएसबी)। सीमा क्षेत्र रक्सौल में प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ औषधि विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। सहायक औषधि नियंत्रक उदय बल्लभ के निर्देशन में औषधि नियंत्रकों की टीम ने ब्लक रोड सहित विभिन्न दवा दुकानों में छापेमारी कर लाखों रुपये मूल्य की अवैध एवं प्रतिबंधित दवाएं जब्त कीं। कार्रवाई के दौरान कोडीन आधारित दवाओं के साथ नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग होने वाली टेपेंटाडोल की 1000 कार्टून एवं कोडीन सिरप 218 बोतल भी बरामद की गईं। कार्रवाई के बाद दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। औषधि विभाग की टीम ने ब्लक रोड स्थित महावीर ड्रग एजेंसी में छापेमारी की। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में नारकोटिक श्रेणी की दवाएं मिलीं। इनमें कोडीन सिरप और टेपेंटाडोल समेत अन्य दवाएं शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इन दवाओं के भंडारण एवं बिक्री में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया था। मामले में रक्सौल थाना में दुकान संचालक ओमप्रकाश गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सहायक औषधि नियंत्रक उदय बल्लभ ने कहा कि नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार पर विभाग की कड़ी नजर है। विशेष रूप से कोडीन आधारित दवाओं और अन्य ऐसी दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए लगातार जांच और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों के विपरीत दवाओं का भंडारण या बिक्री करने वाले कारोबारियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। टीम ने इसके बाद दुर्गा ड्रग में भी छापेमारी की। यहां एनडीपीएस श्रेणी की दवाएं नहीं मिलीं, लेकिन स्टक, बिक्री एवं अभिलेखों से जुड़ी कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। टीम ने इसका विस्तृत प्रतिवेदन सहायक औषधि नियंत्रक को सौंप दिया है।कार्रवाई में ड्रग इंस्पेक्टर राकेश सिंह, नारायण चौधरी, विवेक कुमार एवं विनीता कुमारी सहित औषधि विभाग के अधिकारी-कर्मी शामिल थे। मौके पर रक्सौल डीएसपी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। विभाग ने संकेत दिया है कि जांच के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जा सकती है।



रक्सौल में दवा दुकानों पर छापेमारी के दौरान जांच-पड़ताल करते औषधि निरीक्षकों की टीम।

विधान परिषद चुनाव : मतदान कर्मियों को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

बैलेट बक्स संचालन से लेकर निर्वाचन नियमों की दी गई जानकारी

मोतिहारी (एनएसबी)। आगामी बिहार विधान परिषद सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर सोमवार को राजेंद्र सभागार, मोतिहारी में मतदान दल के पदाधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारी समेत मतदान दल पदाधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को हैंड्स-अन ट्रेनिंग के माध्यम से बैलेट बक्स के संचालन सहित मतदान प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित कर मतदान कर्मियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।वरीय प्रभारी प्रशिक्षण कोषांग सह अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार भारती, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग अभिराम, उप निर्वाचन पदाधिकारी अरेराज अरविंद सहित मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया। पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिनियम एवं नियमावली के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कोषांग के अनुसार द्वितीय प्रशिक्षण सत्र 15 अक्टूबर को आयोजित होगा। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 23 अक्टूबर को निर्धारित है।



प्रशिक्षण में उपस्थित लोग।

विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी जरूरी : राधा मोहन सिंह

मोतिहारी (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार को गांधी अडिटोरियम में 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का वर्चुअल संबोधन कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित लोगों ने सुना। कार्यक्रम में मोतिहारी के साथ ढाका एवं रक्सौल संगठन जिलों के जिलाध्यक्ष, विधायक, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए सांसद सह पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक और कार्यकर्ता का संकल्प है। भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास जारी है।उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन जनसेवा और राष्ट्रसेवा के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करता है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। बिहार में भी विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। लोगों ने सत्यनिष्ठा, जिम्मेदारी एवं सेवाभाव के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने तथा नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, खेल एवं सतत विकास के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता जताई।कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, ललन सहनी, विधायक राणा रणधीर सिंह, प्रमोद कुमार, ष्णनंदन पासवान, श्यामबाबू यादव, सचिंद्र प्रसाद सिंह, लालबाबू गुप्ता, पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



संबोधित करते राधा मोहन सिंह।

संक्षिप्त खबरें

मेहसी में बोलेरो पिकअप से 1144 लीटर स्प्रिट बरामद, दो गिरफ्तार

मोतिहारी(एनएसबी)। मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मेहसी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए बोलेरो पिकअप से 1144 लीटर स्प्रिट बरामद की है। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी पटना जिले के जमन बिगहा गांव के निवासी बताए गए हैं।मद्य निषेध चलंत दल, मोतिहारी के निरीक्षक इमरान अंसारी के नेतृत्व में टीम ने बथना स्थित सहनी लाइन ढाबा के सामने वाहन की जांच की। जांच के दौरान महिंद्रा बोलेरो पिकअप के डाले से 44 डब्बों में रखी कुल 1144 लीटर स्प्रिट बरामद हुई। कार्रवाई में सहायक अवर निरीक्षक विजय पंडित, संतोष कुमार, मद्यनिषेध सिपाही हाकिम आलम एवं अरविंद कुमार सहित बल के जवान शामिल थे। विभाग ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद स्प्रिट को लेकर पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग की टीम वाहन के माध्यम से खेप ले जाने के उद्देश्य की जांच कर रही है।

शौच के लिए निकली महिला की वज्रपात से मौत

तुरकौलिया (एसएनबी)। तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित दलित बस्ती में मंगलवार सुबह वज्रपात की चपेट में आने से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कपिलदेव मांझी की पत्नी जानकी देवी के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार जानकी देवी सुबह करीब पांच बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थीं। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतका के परिजनों को नियमानुसार सरकारी सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

बरियारपुर पूजा पंडाल का अग्निशमन विभाग ने किया निरीक्षण

दो निकास द्वार, अगिशमन यंत्र और बालू की बाल्टियां रखने का निर्देश

मोतिहारी (एनएसबी)। दुर्गापूजा को लेकर अगिशमन विभाग ने बरियारपुर में निर्माणाधीन पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। जिला अगिशमन पदाधिकारी मो. आरिफुज्जमा के नेतृत्व में टीम ने पंडाल की अगि सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन, संरचना की मजबूती और आपातकालीन निकास की जांच की।निरीक्षण के दौरान जिला अगिशमन पदाधिकारी ने पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंडाल में दो अलग-अलग और पर्याप्त चौड़ाई वाले निकास द्वार रखने को कहा, ताकि आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।उन्होंने पर्याप्त संख्या में अगिशमन यंत्र एवं बालू से भरी बाल्टियां रखने तथा विद्युत तारों पर ओवरलोडिंग नहीं करने का निर्देश दिया। पंडाल के अंदर धूम्रपान पर पूरी तरह रोक रखने को भी कहा गया। बड़े पंडालों के लिए अगिशमन विभाग से फायर एनओसी लेना अनिवार्य बताया गया।



निरीक्षण करते अधिकारी।

मठिया एनएच से मधुबन छावनी चौक तक जल निकासी की समस्या पर डीएम सख्त

एक माह में नाला निर्माण पूरा करने का निर्देश, ट्रांसफार्मर हटाने को कहा

मोतिहारी (एनएसबी)। मठिया एनएच से मधुबन छावनी चौक तक जल निकासी की समस्या को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने बुधवार को स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया।डीएम ने नगर निगम को सड़क से जल निकासी सुनिश्चित करने तथा संबंधित नाला का निर्माण एक माह के भीतर पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को नाला के ऊपर स्थित ट्रांसफार्मरों को अविलंब दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने को कहा।पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सड़क के उंचीकरण का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जहां आवश्यकता हो, वहां जल निकासी के लिए कलवर्ट बनाने को कहा गया। मुख्य सड़क पर होटल दिव्यराज के समीप भी कलवर्ट निर्माण का निर्देश दिया गया, ताकि नाले के पानी की निकासी सुचारू हो सके।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त आशीष कुमार, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।



निरीक्षण करते अधिकारी।

सेवा, सुशासन और पारदर्शिता का प्रतीक बनेगा विकसित भारत संकल्प सेवा चौक : राधा मोहन सिंह

मोतिहारी (एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षो के सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण की स्मृति में मोतिहारी में निर्मित 'विकसित भारत संकल्प सेवा चौक' पर बुधवार को 'सेवा ज्योति' का लोकार्पण सांसद सह पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया। गांधी अडिटोरियम से निकली 'सेवा ज्योति यात्रा' के चौक पहुंचने के बाद लोकार्पण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प सेवा चौक' केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का जीवंत प्रतीक है। यह चौक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षो की सेवा यात्रा और उनके नेतृत्व में देश में हुए व्यापक बदलावों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शासन की कार्यसंस्कृति को 'सत्ता से सेवा' की ओर परिवर्तित किया है। डिजिटल माध्यमों और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने का काम हुआ है। पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था को गांव-गांव और गरीब से गरीब व्यक्ति तक पहुंचाना नए भारत की पहचान बन रही है।सांसद ने कहा कि यह चौक प्रत्येक नागरिक को उसके कर्तव्यों और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी का स्मरण कराएगा। आत्मनिर्भरता अपनाने, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और 'वोकल फर लोकल' को जनआंदोलन बनाने में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सामूहिक संकल्प और जनभागीदारी से विकसित भारत का लक्ष्य साकार होगा। मौके पर प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, ललन सहनी, विधायक राणा रणधीर सिंह, प्रमोद कुमार, ष्णनंदन पासवान, श्यामबाबू यादव, सचिंद्र प्रसाद सिंह, लालबाबू गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, रक्सौल जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय, डिप्टी मेयर ड़ लालबाबू प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं जिलेवासी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित राधा मोहन सिंह व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

तिरहुत प्रमंडल स्तरीय विद्यालय कुश्ती में पूर्वी चंपारण का दबदबा

22 स्वर्ण समेत 30 पदक जीतकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

मोतिहारी (एनएसबी)। तिरहुत प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता की कुश्ती स्पर्धा में पूर्वी चंपारण के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 30 पदक अपने नाम किए। जिला कुश्ती टीम ने 22 स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्प्ट प्रदर्शन से टीम में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान पूर्वी चंपारण जिला कुश्ती संघ के सचिव रविश कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टीम के कोच मनखुश कुमार, साजन कुमार और उज्ज्वल कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दिया। चंपारण गुरु भगत गुरुजी ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष सुधाकर दुबे ने विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और टीम से जुड़े सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी आगे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी पूर्वी चंपारण का नाम रोशन करेंगे।

पिकअप से 44 गैलन कच्चा स्प्रिट बरामद, चालक-उपचालक गिरफ्तार

मोतिहारी (एसएनबी)। मद्य निषेध विभाग के चलंत दल ने मेहसी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पिकअप से 1144 लीटर कच्चा स्प्रिट बरामद किया है। मामले में चालक और उपचालक को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई की जानकारी सहायक आयुक्त, मद्य निषेध ओमप्रकाश ने दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि पटना से भारी मात्रा में कच्चा स्प्रिट मोतिहारी लाकर किसी कारोबारी को आपूर्ति की जानी है। सूचना के आधार पर निरीक्षक मद्यनिषेध सह चलंत दल प्रभारी मो. इमरान अंसारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने पुलिस मद्यनिषेध इकाई, पटना के सहयोग से पटना-मोतिहारी मुख्य मार्ग पर मेहसी थाना क्षेत्र स्थित सहनी ढाबा के समीप छापेमारी की।इस दौरान पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर 44 गैलन में करीब 1144 लीटर कच्चा स्प्रिट बरामद हुआ। मौके से पटना जिले के कादीरगंज थाना क्षेत्र के जमन बिगहा निवासी बिजेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र रितेश कुमार तथा घमंडी यादव के पुत्र मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में सामने आए अन्य कारोबारियों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई हैस छापेमारी टीम में सहायक अवर निरीक्षक विजय पंडित, संतोष कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 23 पदक जीते

चकिया(एनएसबी)। शहर के साहेबगंज रोड स्थित ट्रांसेनडेंस इंटरनेशनल स्कूल (टीआईएस) के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय कराटे एवं बक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 23 पदक जीते। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता जताई है।मोतिहारी स्थित खेल भवन में चार अक्टूबर को स्कूल गेम्स फेडरेशन अफ इंडिया चौंपियनशिप के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें टीआईएस के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न स्पर्धाओं में 23 पदक अपने नाम किए।खिलाड़ियों ने कराटे कोच तनवीर हयात खान के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारी की थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ उनमें अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।विद्यालय के अध्यक्ष नासिर जमाल, सचिव साएम नासिर तथा शिक्षकों ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के साथ मानसिक एवं शारीरिक अनुशासन की सीख देता है। खिलाड़ियों ने मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

एसआईआर के विरोध में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन, पुतला दहन

मेहसी(एनएसबी)। इंडिया गठबंधन की बिहार राज्य समन्वय समिति के आह्वान पर बुधवार को तेतरिया प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न घटक दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (ैप) को वापस लेने की मांग को लेकर जुलूस निकाला गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले दहन किए गए। फौजदार चौक से पीपरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी राजमंगल प्रसाद, बिहार प्रदेश युवा राजद उपाध्यक्ष संजय निराला, वीआईपी के तेतरिया प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार यादव तथा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राम कलेश्वर राय के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तेतरिया मुख्य चौक पहुंचे।सभा को संबोधित करते हुए गठबंधन नेताओं नैं ैप की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने आशंका जताई कि प्रक्रिया के कारण पात्र मतदाताओं के नाम प्रभावित हो सकते हैं। नेताओं ने चुनाव आयोग से प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने तथा सभी पात्र नागरिकों के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।राजमंगल प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता का वोट सर्वोपरि है। किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटना उसके मताधिकार को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने नैं ैप वापस लेने की मांग की।कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य उमेश प्रसाद, हरिहर ठाकुर, सुबोध कुमार, राजकिशोर प्रसाद, चंदन साहनी, कमलेश कुमार गुप्ता, इम्तेयाज अहमद, अमन कुमार यादव, विश्वनाथ विभाकर, बाबा यादव, सत्यपाल आर्य समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

इंडिया गठबंधन का प्रतिरोध मार्च चकिया-अरेराज में पुतला दहन

चकिया/अरेराज (एनएसबी)। ैप एवं कथित वोट चोरी के विरोध में इंडिया गठबंधन के आह्वान पर बुधवार को चकिया और अरेराज में नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध एवं जन-आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की गई। चकिया में मार्च के बाद सुभाष चौक पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुतले दहन किए गए। वहीं अरेराज में मुख्य चौक पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की गई।चकिया में मार्च का नेतृत्व राजद प्रखंड अध्यक्ष माधव मधुकर एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यकर्ता विभिन्न बैनर और तख्तियां लेकर शहर में मार्च करते हुए सुभाष चौक पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं नैं ैप की प्रक्रिया पर सवाल उठाए और कहा कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र नागरिक का नाम प्रभावित नहीं होना चाहिए। चुनाव आयोग से प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग की गई।अरेराज में मार्च उच्च विद्यालय के मैदान से शुरू होकर मुख्य चौक पहुंचा। यहां सभा में गठबंधन नेताओं नैं ैप एवं मतदाता सूची को लेकर पारदर्शिता की मांग की। नेताओं ने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता प्रभावित की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि मताधिकार की सुरक्षा लोकतंत्र की बुनियाद है और ैप के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।चकिया में श्रीबाबू यादव, परवेज आलम, गुड्डू यादव, सनी कुमार, भगनारायण यादव, जामी, सुरेंद्र राम, किरण कुशवाहा, भीम पांडे, जितेंद्र यादव, जयप्रकाश यादव, सोहन पासवान, खलील मियां, उमेश महतो, कुणाल गुप्ता, प्रसिद यादव व दीना यादव सहित अन्य मौजूद थे। अरेराज में ब्रजेन्द्र कुमार तिवारी, महेंद्र कुमार यादव, प्रिंस मिश्रा, रवींद्रनाथ तिवारी, कैलास यादव, नारायण मिश्रा, रंजन सहनी, बड़ाबाबू मिश्रा, धीरज राय, मिंटू राय, रजनीश ठाकुर, शैलेश ठाकुर, मस्तराम तिवारी, अवधकिशोर मिश्रा, नवल किशोर शुक्ला, रामबाबू सिंह, पंकज शाह, पंकज यादव, अफरोज आलम, यूसुफ अंसारी, राजौयर रहमान, सचिन पांडे, नीरज तिवारी एवं विजय उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

रेतवा नदी किनारे युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

तुरकौलिया(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर में रेतवा नदी के किनारे मंगलवार सुबह युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जयसिंहपुर खिरुआ बाजार निवासी भूलन साह के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। प्रथम ष्टया पुलिस हत्या के बिंदु पर जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार सोमवार रात करीब आठ बजे कुछ युवक दीपक को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। मंगलवार सुबह नदी किनारे शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रंजीत कुमार एवं दारोगा मनीष राज पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने थैस्-टीम को भी बुलाया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए।पुलिस के अनुसार शव पर चाकू से वार के निशान मिले हैं। घटनास्थल से खाने-पीने से संबंधित सामान और शराब की खाली पाउच भी मिली है। हालांकि, इन सामानों के आधार पर हत्या की वजह को लेकर पुलिस ने अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।पुलिस मृतक के साथ रात में गए युवकों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों और जांच के आधार पर घटना की वास्तविक वजह तथा संलिप्त लोगों की भूमिका स्पष्ट होगी।

एसआईआर के विरोध में निकाला जुलूस, मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीएम, राजद, कांग्रेस, सीपीआई, वीआईपी व आईआईपी के नेताओं और कार्यकत्ताओं ने बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में आक्रोश मार्च कर प्रदर्शन किया। कार्यकत्ताओं ने राजद के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मुन्ना के नेतृत्व में पुरानी बस स्टैंड से जुलूस निकालकर 'ज्ञानेश कुमार को भगाओ, लोकतंत्र बचाओ' और 'भाजपा भगाओ, देश बचाओ' सहित अन्य नारे लगाए। जुलूस दुर्गा स्थान चैक पहुंचा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया।


पुनरीक्षण के विरोध में आक्रोश मार्च।

सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम राज्य सचिव मंडल सदस्य सह सहरसा जिला सचिव रणधीर यादव ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए तथा फार्म-6 में भी छेड़छाड़ की गई। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर पर रोक नहीं लगाई गई और मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त नहीं किया गया तो इंडिया गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए चरणबद्ध आंदोलन को और तेज करेगा। कार्यक्रम में सीपीएम के इंद्रदेव प्रसाद इंदू, गुरुदेव शर्मा, यशोधर मंडल, उपेंद्र महतो, असफाक अंसारी, सुतीमलाल विश्वास, विजय मंडल, कारी मुखिया, पंकज, विष्णुदेव सादा, मुकेश मेहता व सुरेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकत्ता मौजूद थे। राजद, कांग्रेस और वीआईपी के भी बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

चुनाव आयोग ने एसआइआर के नाम पर भाजपा गठबंधन को पहुंचाई चुनावी लाभ : महागठबंधन

सहरसा शहर (एनएसबी)। बुधवार को इंडिया गठबंधन के राज्यव्यापी आह्वान पर महागठबंधन के कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय पर ज्ञानेश भगाओ-लोकतंत्र बचाओ मार्च निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी किया।

मौके पर माले नेता कुंदन यादव ने कहा कि चुनाव आयोग लोकतंत्र का महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थान है लेकिन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के द्वारा चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूची सुधार के नाम पर चलाए एसआइआर प्रक्रिया में व्याप्त गड़बड़ी ने आम मतदाताओं का चुनाव आयोग के प्रति भरोसा पूरी तरह उठ गया है. आम मतदात चुनाव आयोग के विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे है. जिसका जबाब आयोग को पूरी पारदर्शिता के साथ देना होगा. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने एसआइआर के नाम पर भाजपा गठबंधन को पूर्णरूपेण चुनावी लाभ पहुंचाया है जिसका मुद्दा विपक्ष ने शुरू से ही उठाते रहे है और उन्होंने एसआइआर प्रक्रिया को तत्काल रद्द कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर गिरफ्तार करे, एसआइआर के बाद जितने भी राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए है उसे रद्द कर फिर से चुनाव करवाने और मुख्य चुनाव आयुक्त के नियुक्ति प्रक्रिया को ठीक करने की मांग उठाई। मौके पर आरवाइए राष्ट्रीय पार्षद सह माले नेता कुंदन यादव, खेग्रामस नेता विक्की राम, वकील कुमार यादव, माले प्रखंड सचिव अशोक यादव उर्फ बटन, रमेश शर्मा, सागर कुमार शर्मा, अशोक कुमार सुमन, हरिबल्लभ मुखिया, बुलंती देवी, कांग्रेस नेता रंजन यादव, प्रखंड महेश यादव, सीपीआईएम अंचल सचिव कृष्णदयाल यादव, ब्रजेश वामपंथी, राजद एससी-एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भीम कुमार भारती, सरोज यादव, सुनील यादव, विधायक प्रतिनिधि राजा यादव, रंजीत यादव, शैलेन्द्र यादव, आईआईपी प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, मुकेश चैपाल, मो. मोहिउद्दीन, मो. गफ्फार, विवेक कुमार रिंकू, शंकर शशि, श्याम यादव, हरी यादव, जीवेन्द्र यादव, विपिन यादव, सोनू यादव, कुमोद कुमार, सुशील चैधरी सहित दर्जनों राजद, माले, आईआईपी व महागठबंधन के अन्य घटक दलों के कार्यकत्ताओं मौजूद रहे।


पुतला दहन करते महागठबंधन के कार्यकर्ता।

संक्षिप्त खबरें

महारस हाईस्कूल में रात्रि प्रहरी के एक पद पर होगी बहाली


फोटो कैप्शनः 8 स्कूल

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय महारस में रात्रि प्रहरी के एक पद पर नियोजन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से इसके लिए विज्ञापन जारी कर योग्य पुरुष अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी सूचना के अनुसार, अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ विद्यालय के पोषक क्षेत्र का स्थायी निवासी होना जरूरी है। इसके अलावा अभ्यर्थी का कम से कम मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उम्र सीमा 21 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि न्यूनतम ऊंचाई 160 सेंटीमीटर होनी चाहिए। आवेदन के साथ मुखिया या सरपंच द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, चयन के लिए माध्यमिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी। वहीं साक्षात्कार के लिए 30 अंक निर्धारित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 7 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2026 तक विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि बहाली से संबंधित विस्तृत जानकारी विद्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

11 अक्टूबर रविवार को होगा शारदीय नवरात्र का कलश स्थापन, स्थानीय बाजार को मजबूत बनाने की दिशा में कोशी चेम्बर ऑफ कॉमर्स की पहल

सहरसा शहर (एनएसबी)। स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित करने तथा बाजारों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कोशी चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत चेम्बर के सम्मानित सदस्य स्वयं दुकानों पर जाकर जागरूकता पोस्टर लगा रहे हैं और दुकानदारों से संवाद कर उन्हें संकल्प दिला रहे हैं कि वे अपनी दुकान के आगे की जमीन पर अतिक्रमण नहीं करेंगे, अपने आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखेंगे तथा ग्राहकों की सुविधा और आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखेंगे। चेम्बर के सदस्यों द्वारा स्वयं दुकानों तक जाकर इस सामाजिक अभियान में सक्रिय भागीदारी व्यापार जगत की सामाजिक जिम्मेदारी और शहर के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।चेम्बर का संदेश है कि ऑनलाइन को कहें ह्यनाह्न, अपने बाजार को कहें ह्यहाँह्न। स्थानीय बाजार केवल खरीद-बिक्री का स्थान नहीं, बल्कि रोजगार, व्यापार और शहर की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए स्थानीय व्यापार को मजबूत करना और ग्राहकों को बेहतर, स्वच्छ एवं सुविधाजनक बाजार उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कोशी चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने शहर के सभी व्यापारियों एवं नागरिकों से इस अभियान में सहयोग करने और स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं ग्राहक-हितैषी बाजार बनाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की है। आपका भरोसा कृ हमारी जिम्मेदारी।

मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर भाषण प्रतियोगिता में शिवम कुमार मिश्र जिले में प्रथम

सहरसा शहर (एनएसबी)। मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर देशभर के विद्यालय में बच्चों के मध्य भाषण व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सहरसा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखंडों के चयनित मेधावी बच्चों के बीच विकसित भारत विषय पर वक्तृता व भाषण प्रतियोगिता हुई।एकलव्या सेन्ट्रल स्कूल में सम्पूर्ण जिले से आगत प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। महिषी के आशो देवी प्यारे झा उच्च विद्यालय के 12 वीं कक्षा के छात्र पूर्व प्राचार्य श्यामाकांत मिश्र व सरस्वती मिश्रा के पुत्र शिवम कुमार मिश्र ने सम्पूर्ण जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया।शिवम का चयन अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आगामी 10 अक्टूबर को शिवम पटना में राज्य भर से आए छात्रों के बीच सहरसा का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी सफलता पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, महिषी मुखिया सोनी कुमारी, सरपंच दुर्गा देवी समेत विद्यालय के प्रधानाध्यापक व अन्य सभी ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं व बधाई दी।शिवम की इस सफलता पर जिले भर व विशेषतः महिषी के लोगों, शिक्षकों, व आमजनों में प्रसन्नता व्याप्त है।


भाषण प्रतियोगिता में शिवम व अन्य।

असंगठित मजदूरों को नहीं मिल रहा सरकारी योजना का सहज लाभ : सुनील कुमार

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार प्रदेश भवन एवं पथ निर्माण मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की एक दिवसीय बैठक पुरानी बाजार नया टोला वार्ड नंबर 10 लखीसराय में आयोजित हुई। इस अवसर पर बिहार प्रदेश भवन एवं पथ निर्माण की प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार, जिलाध्यक्ष संतोष पासवान की उपस्थिति में जिला कमिटि गठन की प्रक्रिया के तहत जिलाअध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी, जिला उपाध्यक्ष ममता कुमारी,जिला मंत्री मुन्ना वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हिना कुमारी सहित जिला कार्य समिति सदस्य पद की घोषणा किया गया।बैठक की अध्यक्षता श्रीमती नेहा कुमारी ने किया एवं बिहार प्रदेश भवन एवं पथ निर्माण की प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होने कहा कि संगठन में शक्ति है। संगठन देश हित में सदैव निष्ठावान रहकर मजदूरों का भला करने वाला हो।

5 दिन बाद भी सपना कुमारी मौत मामले में गिरफ्तारी नहीं, पति ने पुलिस से लगाई गुहार

सौरबजार (सहरसा) (एनएसबी)। पत्नी की मौत के मामले में मामला दर्ज होने के करीब 15 दिन बाद भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने से परेशान पति प्रवीण कुमार ने सौरबजार थाना पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।


मृतक सपना कुमारी।

पति प्रवीण कुमार ने बताया कि 12/09/26 को पत्नी सपना कुमारी की हत्या कर दिया जिसको लेकर सौरबजार थाना में लिखित आवेदन दिया और कार्रवाई की मांग किया। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना समझ से परे है। आवेदन में पति ने बताया है कि उसकी पत्नी 12 सितंबर को तीन बच्चों के साथ अपने ससुराल चन्दौर स्थित अपने घर में सोई थी। अगले दिन 13 सितंबर की सुबह करीब पांच बजे उसे मोबाइल के माध्यम से पत्नी का शव घर में फंदे से लटके होने की सूचना मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आवेदनकर्ता के अनुसार, घटना के अगले दिन 14 सितंबर को घर पहुंचने पर उसने मामले की जानकारी ली। आवेदन में एक नामजद व्यक्ति बबला कुमार पर पत्नी के साथ गलत हरकत कर हत्या करने और शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया गया है। पति का दावा है कि घटना से पहले उक्त व्यक्ति का उसके घर आना-जाना था और घटना के बाद से वह फरार है। आवेदन में यह भी बताया गया है कि मृतका का मोबाइल नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है, ताकि कॉल डिटेल की जांच कर घटना से जुड़े लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा सके। पति ने आशंका जताई है कि आरोपितों द्वारा उसके साथ भी कोई अप्रिय घटना की जा सकती है। पति ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच करते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी और उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि घटना के बाद से परिवार परेशान है और न्याय की उम्मीद में पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगा रहा है। वहीं दूसरी ओर तीन मासूम बच्चे 10 वर्षीय सुरभि सुमन, 6 वर्षीय प्रेम उद्गार शर्मा, एवं 2 वर्षीय दिव्यांशू शर्मा को आखिरकार न्याय कब मिलेगा ये बड़ा सवाल है।

पुतला दहन कर इंडिया गठबंधन ने जताया विरोध, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकत्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रखंड कार्यालय से निकाले गए आक्रोश मार्च के दौरान कार्यकत्ताओं ने मुख्य सड़क स्थित ब्लॉक चैक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ह्वोट चोर गद्दी छोड़ह्व और ह्वमुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा दोह्व समेत कई नारे लगाए।

कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की। साथ ही बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों की जांच कराने तथा गड़बड़ी प्रमाणित होने की स्थिति में संबंधित चुनावों को रद्द कर पुनः चुनाव कराने की मांग उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान ने संयुक्त रूप से की। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव जनता के मताधिकार का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं, राजद प्रखंड अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के मत की निष्पक्षता सर्वोपरि है। उन्होंने चुनाव से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रदर्शन में सीपीआई सचिव उमेश पोद्दार, राज्य परिषद सदस्य विजय यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रौशन सदगोप, आईआईपी प्रखंड अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा, वीआईपी प्रखंड अध्यक्ष बद्री मुखिया, झारखंडी यादव, कांग्रेस जिला युवा महासचिव बन्टी कुमार यादव, केशव कुमार, रमन कुमार रमन, रफी उज्मा, ज्यकिशोर महाशय, पवन यादव, रंजन कुमार (माले), प्रशांत कुमार, कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष शाहीन आलम, प्रदीप कुमार, मो. आजम, मनोज, सत्यनारायण सिंह, पंकज कुमार, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकत्ता मौजूद रहे।


आक्रोश मार्च के दौरान इंडिया गठबंधन।

सोनवर्षा पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक को किया गिरफ्तार

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान लगमा गांव निवासी अजित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 376 पीस प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है, जिसकी कुल मात्रा 37.6 लीटर बताई गई है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कफ सिरप ले जाने में इस्तेमाल किए जा रहे ई-रिक्शा को भी जब्त किया है। इस संबंध में सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अजित कुमार को प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ पकड़ा। बरामद कफ सिरप और ई-रिक्शा को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों पर पुलिस की नजर है और सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।


बरामद 376 पीस प्रतिबंधित कफ सिरप।

मखाना मजदूर के आशियाने आग से जलकर राख हजारों की संपत्ति जले

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। शाहपुर पंचायत अन्तर्गत हरीपुर लदारी गांव में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से अचानक आग लगने से मखाना कारोबारी एवं मजदूर का अस्थाई घर सहित घरेलू सामान, नगदी व उपकरण जलकर राख हो गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार भागलपूर जिला के नवगछिया गांव निवासी निवासी रंजीत कुमार साहपूर के हरीपुर गांव में जमीन लीज पर लेकर मखाना की खेती करता है। उसने अपने मजदूरों के रहने के लिए मखाना के खेतों के बीच एक कच्चा घर बना रखा था। मंगलवार की रात सभी मजदूर अपने घर चले गए थे इसी दौरान सुने पडे में घर में अज्ञात कारणों से आग लग गया।जबतक लोगों को पता चला तबतक घर सहित घर में रखें दैनिक उपयोग कि सभी वस्तु अनाज कपडा फर्नीचर, बर्तन सहित सभी सामिग्री जलकर राख हो गया।

भाजपा द्वारा पटेल मैदान में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन, सेवा ज्योति संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत

सहरसा शहर (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी सहरसा द्वारा पटेल मैदान में बुधवार को विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह के संचालन में संपन्न हुई। साथ ही सेवा ज्योति रथ यात्रा अभियान के तहत सेवा संकल्प चैक का नामकरण कर ज्योति जलाई गई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की सेवा संकल्प के तहत मोदी जी का लाइव वर्चुअल मीटिंग को लोगों ने सुना।


विकसित भारत संकल्प सभा में भाजपा नेता।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शीला पंडित विधान पार्षद, पूर्व मंत्री डॉ0 आलोक रंजन, मेयर नगर निगम बैन प्रिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ राम नरेश सिंह, जिला प्रभारी सुनील कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन प्रसाद चैधरी, नीरज गुप्ता, डॉ शैलेंद्र कुमार प्रदेश प्रवक्ता, संजीव भगत, रितेश रंजन, जिला महामंत्री भैरव झा, अनमोल भगत, जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी राजीव रंजन शाह, कार्यक्रम संयोजक युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरजीत सिंह कुशवाहा मंच पर उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने आगत अतिथियों का अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वंदेमातरम के गायन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ एवं राष्ट्र गान से समापन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, रिंकी देवी, पुजा सिंह राठौर, रंजना गुप्ता, सुगामनी देवी, जिला मंत्री पंकज पाठक, मुकेश मानस, अभिषेक पांडेय, जिला मिडिया प्रभारी सुमित सिन्हा, कुमार अमर ज्योति, बिपीन कुशवाहा, शशी सोनी नगर अध्यक्ष आशिष गुप्ता ने पाग चादर से सभी को सम्मानित किया। सभा के बाद पटेल मैदान से शीला पंडित के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प सेवा चैक तक सेवा ज्योति यात्रा निकाली गयी पटेल मैदान के बगल में विकसित भारत संकल्प सेवा चैक का नामकरण कर सेवा ज्योति स्थापित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रंगोली बनाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश के सीएम से मिले सिमरी बख्तियारपुर के विधायक संजय कुमार सिंह, बाबा मटेश्वर धाम आने का दिया आमंत्रण

सहरसा शहर (एनएसबी)। सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक सिंह ने मिथिला की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप मुख्यमंत्री जी को सम्मानित किया तथा अपनी कर्मभूमि सिमरी बख्तियारपुर पधारने के लिए सादर आमंत्रित किया। भेंट के दौरान क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र बाबा मटेश्वर धाम के विकास, धार्मिक महत्त्व तथा इसकी पहचान को व्यापक स्तर पर स्थापित करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। विधायक संजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री जी को बाबा मटेश्वर धाम की महिमा, क्षेत्र की धार्मिक आस्था और मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया। उन्होंने सिमरी बख्तियारपुर की धरती पर आगमन कर बाबा मटेश्वर धाम में भगवान महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सिमरी बख्तियारपुर आने के निमंत्रण पर सकारात्मक आश्वासन दिया और बाबा महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री जी के इस आश्वासन से क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। विधायक संजय कुमार सिंह ने इस मुलाकात को अपने लिए विशेष एवं भावनात्मक क्षण बताते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से जनसभा में आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा से विजय प्राप्त करने के बाद लखनऊ में पुनः उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त करना उनके लिए गौरव का विषय है। यह मुलाकात बाबा मटेश्वर धाम के विकास, सिमरी बख्तियारपुर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा मिथिला की गौरवशाली परंपरा को व्यापक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और स्मरणीय अवसर रही।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलते विधायक।

संक्षिप्त खबरें

स्व रामविलास पासवान के पुण्यतिथि पर होगें कई कार्यक्रम

खगड़िया। लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक, पद्मभूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि शहरबन्नी स्थित उनके पैतृक आवास पर मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।इस अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

करीब दस घंटे गुल रही बिजली, उपभोक्ता परेषान

गोगरी। अनुमंडल क्षेत्र में बिजली की आंख-मिचौली से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई। बुधवार को सुबह करीब सात बजे बिजली गुल हुई, जिसके बाद लगभग नौ बजे महज आधे घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बहाल हुई। इसके बाद फिर बिजली गायब हो गई और शाम करीब चार बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। करीब दस घंटे तक बिजली बाधित रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं रहने से घरों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हलकान रहे। वहीं, बिजली आधारित कारोबार और घरेलू कामकाज भी प्रभावित हुआ।इस संबंध में जेई ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 33 केवी लाइन में समस्या आने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। तकनीकी समस्या को दूर कर बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल कर दी गई है।

खेलने के दौरान छात्र घायल

खगड़िया। जिला मुख्यालय के खेल भवन स्थित में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कब्बडी खिलाड़ी छात्र कुणाल कुमार रजक घायल हो गए। घायल छात्र के वी सी इंटर विद्यालय गौछरी के नौवीं क्लास का छात्र बताया गया। वे अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहा था। घायल छात्र को चित्रगुप्त नगर थाना पुलिस द्वारा उसे इलाज के सदर अस्पताल लाया गया। उसके साथी खिलाड़ी ने बताया कि अचानक नाक में लगी चोट से काफी खून बह रहा है। चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद उसपर लगातार निगरानी की जा रही है।

बलैठा के आंगनबाड़ी केन्द्र में चोरी

बेलदौर। थाना क्षेत्र के बलैठा पंचायत स्थित नारदपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 89 में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामले को लेकर केंद्र की सेविका गायत्री देवी ने बेलदौर थाने में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में सेविका ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने केंद्र का ताला तोड़ दिया और अंदर रखे एक गैस सिलेंडर, एक बोरी दाल, दो बोरी चावल और केंद्र की कई आवश्यक पंजियां चोरी कर ली। घटना की पुष्टि करते हुए बेलदौर के प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि पीड़ित सेविका की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही चोरों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का किया गया पुतला दहन

बेलदौर। प्रखंड स्तरीय महागठबंधन द्वारा एसआईआर के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। वही महागठबंधन नेताओं का आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर बिहार, बंगाल, असम, हरियाणा, महाराष्ट्र एवं गोवा राज्यों में चुनाव से पहले गलत ढंग से लगभग साढ़े 13 करोड़ मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दो अन्य निर्वाचन अधिकारियों की बात को दरकिनार करते हुए मनमानी तरीके से काम किया है।इसी के विरोध में ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, छूटे हुए वैध मतदाताओं का नाम पुनः मतदाता सूची में दर्ज करो के नारे के साथ कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध मार्च निकाला। यह मार्च थाना चौक से बाजार होते हुए काली स्थान चौक तक निकाला गया, जहां मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया गया।प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व सीपीआई नेता रविंद्र कुमार यादव,राजद प्रखंड अध्यक्ष अरुण यादव,सीपीआई शैलेंद्र वर्मा, कामरेड विनय कुमार सिंह, घनश्याम कुमार एवं वीआईपी के नेताओं ने किया।मौके पर अंचल मंत्री सुरेश सिंह, नारायण साह, जोगेंद्र सिंह, गणेश सिंह सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी महागठबंधन दलों के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा काल पूर्ण होने पर निकली सेवा ज्योति यात्रा

खगड़िया (एनएसबी)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा शहीद प्रभु नारायण चंद्रशेखर नर्सिंग कलेज एवं हस्पिटल, परमानंदपुर, खगड़िया के परिसर में सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघन भगत ने की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन एवं संदेश का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे जिले के विभिन्न मंडलों एवं प्रखंडों से पहुंचे भाजपा के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने गंभीरतापूर्वक सुना। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद प्रभु नारायण चंद्रशेखर नर्सिंग कलेज एवं हस्पिटल, परमानंदपुर के परिसर से हुआ। यहां से भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता सेवा ज्योति यात्रा के रूप में परमानंदपुर चौक की ओर रवाना हुए।यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने जनसेवा, राष्ट्रसेवा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प से जुड़े संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। यात्रा में सेवा ज्योति मशाल विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शहीद प्रभु नारायण चंद्रशेखर नर्सिंग कलेज सह अस्पताल के डायरेक्टर स्वामी विवेकानंद ने अपने हाथों में सेवा ज्योति मशाल लेकर यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा के परमानंदपुर चौक पहुंचने के बाद वहां सेवा ज्योति मशाल स्थापित की गई। सेवा ज्योति यात्रा के अवसर पर परमानंदपुर चौक का नामकरण विकसित भारत संकल्प सेवा चौक के रूप में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने तथा जनसेवा के कार्यो को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षो के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा से जुड़े संदेशों को भी कार्यकर्ताओं के बीच रखा गया। प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा और सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षो का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, जनसेवा और विकास के प्रति समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में देश में विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दिशा में कार्य हुए हैं और भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। भाजपा बिहार प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी कुमार राघवेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को नई दिशा मिली है। सेवा ज्योति यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री के सेवा भाव, राष्ट्र के प्रति समर्पण और विकसित भारत के संकल्प से जुड़े संदेश को समाज के विभिन्न वर्गो तक पहुंचाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघन भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षो के जनसेवा काल ने सेवा, सुशासन और विकास को सार्वजनिक जीवन में प्रमुख विषय बनाया है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए संगठन के माध्यम से जनसेवा के कार्यो में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा और राष्ट्रसेवा के संकल्प को समाज तक पहुंचाने का माध्यम है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्वनी सिंह, जिला महामंत्री ड़ इंदु भूषण कुशवाहा, जिला महामंत्री नीतीश कुमार, नंदू शाह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, सुनील चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, प्रीति प्रिया, ममता देवी, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जिला मंत्री नवीन सिन्हा, विजय यादव, कुंदन सिंह, धर्मवीर जायसवाल, जिला प्रवक्ता ई धर्मेंद्र यादव, मनीष चौधरी, गौरव राज आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम में भाजपा नेता व अन्य।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

गोगरी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने की। बैठक में पूजा पंडालों, मेला स्थल एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेला एवं पूजा स्थलों पर पहुंचते हैं। ऐसे में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा पूजा स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने तथा सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों से बचने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पूजा के दौरान डीजे पर प्रतिबंध रखने तथा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शांति समिति के सदस्यों से भी प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि अथवा अप्रिय सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस-प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ठाकुर, अंचलाधिकारी अमीर हुसैन,नगर परिषद के पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।

महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

गोगरी (एनएसबी)। बिहार कुम्हार प्रजापति समवन्य समिति के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ एनडीए गठबंधन की नवनिर्वाचित विधान पार्षद शीला पंडित ने मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होकर जिले विभिन्न प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं को जागरूक की। मानसी प्रखंड के अमनी गाँव, चौथम के कैथी सरैया, ओर बैलदौर प्रखंड के केंजरी गाँव में शीला पंडित ने उपस्थित होकर सैंकड़ों महिलाओं को संबोधित करते हुए एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में भाग लेने की भी अपील की, एवं महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात बताई। उन्होंने कहा की एनडीए गठबंधन की सरकार महिलाओं के लिए बहुत सारे योजना लाये हुए हैं, जिसका फायदा आप लोगों को मिल सकता है। उन्होंने प्रजापति सामाज के साथ साथ अतिपिछड़ा वर्ग सामाज को एक होने की भी अहवान किया। मौके पर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल पंडित, वरीय उपाध्यक्ष सिकन्दर आजाद, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश प्रजापति,सचिव नटवरलाल सुमन, रमेश चन्द्र सुर्या, राजेश पंडित, दिनेश पंडित, सुबोध पंडित, गणेश प्रजापति, ईश्वर चन्द्र पंडित, डा अवधेश कुमार पंडित, डाउमेश पंडित, मनोज कुमार पंडित, पंकज कुमार पंडित, रामकुमार पंडित, रामप्रवेश पंडित,वकील पंडित, प्रेमजीत प्रजापति, रंजीत पंडित, रोहित पंडित, आदि दर्जनों सभी प्रखंडों के सदस्य पदाधिकारी उपस्थित थे।वहीं शीला पंडित को बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के द्वारा जगह जगह फुल मालाओं से स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में शीला पंडित व अन्य।

हर तीन साल पर मिट्टी जांच कर लेना चाहिए : जितेन्द्र

महेशखूंट (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के राजधाम में इफ्को के तत्वाधान से रिफर्म उत्सव 2026 के अंतर्गत क्षेत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैज्ञानिक षि विज्ञान केन्द्र ड जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी इफको प्रिंस भास्कर, रणवीर कुमार, मृत्युंजय कुमार,हिमांशु कुमार समेत क्षेत्र के किसान सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समेकित पोषण प्रबंधन, जैव उर्वरकों, नवीन उर्वरक जैसे नैनोयूरिया नैनो डीएपी, मिट्टी जांच और जैविक खेती पर केंद्रित रहा। ड जितेंद्र के द्वारा किसानों को जागरूक किया गया कि मिट्टी जांच से खेत की अवस्था और जरूरत का पता चलता है। हर तीन साल पर मिट्टी जांच कर लेना चाहिएं। वैकल्पिक उर्वरक जैसे नैनो डीएपी, जय उर्वरक, एमपी के कंसोर्टिया, नैनो यूरिया को अपनी खेती में जोड़ना चाहिए।साथ में रासायनिक उर्वरक को कम करना चाहिएं। नैनो यूरिया दानेदार यूरिया का बेहतर विकल्प है जिसका इस्तेमाल छिडकाव के द्वारा होता है। एक एकड़ खेत के लिए पाँच सौ एमएल का इस्तेमाल होता है जिसमें छिड़काव का घोल चार एमएल प्रति लीटर पानी के दर से होता है। दूसरा, नैनो डीएपी का दो समय पर व्यवहार किया जाता है। प्रथम बीज शोधन या जड़ शोधन में, जिसमें पाँच एमएल प्रति किलो बीज के दर से इस्तेमाल होता है। दूसरा फसल की बुआई के पैंतालीस दिन बाद जब पाँच से छह पत्ती निकल आती है तब एक छिड़काव किया जाता है जिसमें छिड़काव का घोल चार एमएल प्रति लीटर के दर से बनाया जाता है। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी किसानों के खेत में काफी प्रभावित साबित हुई है।

जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

खगड़िया (एनएसबी)। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधि शाखा, अभिलेखागार, जिला पंचायती राज कार्यालय, जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जिला अभियोजन कार्यालय, जिला आरटीपीएस कार्यालय, जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, स्थापना शाखा, नजारत शाखा, जिला नजारत, जिला आपूर्ति कार्यालय, नीलाम शाखा सहित अन्य कार्यालयों का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में 'साफ-सफाई, कार्यालयों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, फाइलों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण, कार्यालय सामग्री के उचित रख-रखाव तथा आगंतुकों के बैठने के लिए समुचित एवं सुविधाजनक व्यवस्था' सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने दायित्वों का 'ससमय एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन' करने तथा कार्यालय व्यवस्था को बेहतर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने का निर्देश दिया।



-निरीक्षण करते डीएम।

खगड़िया के छह खिलाड़ियों का बिहार गतका टीम में चयन, विधायक बबलू मंडल ने किया सम्मानित

खगड़िया(एनएसबी)। जिले के खेल जगत के लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि खगड़िया के छह प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन बिहार गतका टीम में हुआ है। चयनित खिलाड़ी श्रीनगर में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 10वीं नेशनल सीनियर गतका चौंपियनशिप में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में खगड़िया के खिलाड़ियों के चयन से जिले के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। बिहार टीम में चयनित खिलाड़ियों में राज कुमार, राज कुमार, हर्ष कुमार, मनीष कुमार, किशन कुमार, इंद्रराज कुमार और गुड़िया कुमारी शामिल हैं। छहों खिलाड़ियों के बिहार टीम में चयन पर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने उन्हें सम्मानित कर उनकी हौसला-अफजाई की। इस अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खगड़िया के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है कि उनकी प्रतिभा को उचित मंच, बेहतर मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। विधायक ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करने का महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने कहा कि खगड़िया के खिलाड़ी लगातार विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और बिहार के लिए पदक जीतकर लौटें। साथ ही, उन्होंने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में हरसंभव प्रयास करने की बात कही। बिहार गतका टीम में चयन की खबर से खिलाड़ियों के परिजनों, प्रशिक्षकों और स्थानीय खेल प्रेमियों में भी खुशी का माहौल है। लोगों ने सभी छह खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



खिलाड़ियों के साथ विधायक।

संक्षिप्त खबरें

सीपीआई के द्वारा निकाला गया प्रतिरोध मार्च,पुतला दहन

चौथम (एनएसबी)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की ओर से करुआ गांव से करुआ मोड़ चौक तक प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, पुरानी वोटर लिस्ट से चुनाव कराओ और वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाए। मार्च के बाद करुआ मोड़ चौराहा पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। पुतले में आग पार्टी नेता जोगिंदर शर्मा ने लगाई। करुआ मोड़ चौराहा पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीपीआई बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के दबाव में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा एसआईआर लागू किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, जिससे लोगों को मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त मिलकर लोकतंत्र एवं संविधान का गला घोंटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने एसआईआर के बाद विभिन्न राज्यों में हुए चुनावों को लेकर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में बदलाव के जरिए भाजपा को सत्ता में पहुंचाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में विपक्षी दलों, छात्र एवं नौजवान संगठनों द्वारा देशभर में आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफा देने तथा वोटर लिस्ट से हटाए गए मतदाताओं के नाम पुनः जोड़कर चुनाव कराने की मांग की। सभा को अंचल मंत्री अनिल सिंह सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर सत्यनारायण सिंह, अख्तर अली, पीर मोहम्मद, डोमन अली, चंद्रभूषण सिंह, अनिल प्रसाद, अशोक शाह, शतन राम, भुलेश्वर पटेल, चंदेश्वरी शर्मा, सरवन यादव, निलेश कुमार सिंह, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद रिजवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

खगड़िया में आज ट्रक मालिकों की महाआमसभा, जिलाध्यक्ष का होगा चुनाव

बालू-गिट्टी की टन के हिसाब से बिक्री, ओवरलोडिंग और अवैध चालान समेत कई मुद्दे रहेंगे प्रमुख

खगड़िया (एनएसबी)। जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के नेतृत्व में जिले के आम ट्रक मालिकों की महाआमसभा आयोजित की जाएगी। आमसभा में संगठन के जिला नेतृत्व को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय के साथ-साथ जिले के ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आमसभा में खगड़िया जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष का चुनाव भी कराया जाएगा। बिहार ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव दीप नारायण सिंह 'दीपक' ने बताया कि आमसभा का उद्देश्य जिले के आम ट्रक मालिकों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं पर सामूहिक रूप से विचार करना और संगठन को और मजबूत करना है। आमसभा में बालू एवं गिट्टी की मंडियों में टन के हिसाब से पारदर्शी बिक्री व्यवस्था लागू कराने का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया जाएगा। ट्रक मालिकों का कहना है कि वास्तविक वजन के आधार पर माल की बिक्री होने से खरीद-बिक्री में पारदर्शिता आएगी और वाहन मालिकों को भी उचित व्यवस्था मिल सकेगी। बैठक में ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर भी चर्चा होगी। ट्रक मालिकों का कहना है कि निर्धारित क्षमता के अनुसार माल परिवहन सुनिश्चित होना चाहिए और नियमों का पालन कराने की कार्रवाई पारदर्शी एवं समान रूप से होनी चाहिए। आमसभा में अवैध अथवा अनियमित माइनिंग चालान से जुड़े मामलों पर भी चर्चा की जाएगी। ट्रक मालिक संगठन की ओर से मांग रखी जाएगी कि वैध कागजात और निर्धारित प्रक्रिया के तहत चलने वाले वाहनों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो तथा माइनिंग चालान व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। आमसभा का सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा खगड़िया जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा। संगठन से जुड़े आम ट्रक मालिकों की मौजूं में सर्वसम्मति अथवा निर्धारित प्रक्रिया के तहत जिला नेतृत्व का निर्णय लिया जाएगा। आमसभा में बिहार ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सह अल इंडिया मोटर्स ट्रांसपोर्ट कांग्रेस, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष दीप नारायण सिंह 'दीपक' की उपस्थिति भी रहेगी। दीप नारायण सिंह ने कहा कि संगठन का उद्देश्य जिले के ट्रक मालिकों की समस्याओं को एकजुट होकर उठाना और उनके हितों से जुड़े मुद्दों पर संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी तरीके से पक्ष रखना है।आमसभा में बालू-गिट्टी की टन के हिसाब से बिक्री, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण, माइनिंग चालान में पारदर्शिता, ट्रक मालिकों की अन्य स्थानीय समस्याओं तथा संगठन को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर महत्वपूर्ण प्रस्ताव लिए जाने की संभावना है।

अस्पताल भवन के उद्घाटन से पहले ही कई जगहों पर दरारें

विधायक ने जांच को लेकर डीएम को लिखा पत्र

परबत्ता (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सियादतपुर अगुवानी पंचायत के डुमरिया बुजुर्ग स्थित अतिरिक्तप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वर्षो पूर्व निर्मित अस्पताल भवन के उद्घाटन से पहले ही कई जगहों पर दरारें आने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर भवन की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। विधायक ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि अतिरिक्तप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भवन का निर्माण कई वर्ष पूर्व कराया गया था, लेकिन अब तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका है। वहीं, स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से पहले ही भवन के कई हिस्सों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विधायक ने भवन की उच्चस्तरीय तकनीकी गुणवत्ता की जांच के लिए जांच समिति गठित कर शीघ्र स्थल निरीक्षण कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि जांच के दौरान निर्माण कार्य में किसी तरह की अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पायी जाती है, तो संबंधित अधिकारी, अभियंता और संवेदक के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय व कानूनी कार्रवाई की जाये। विधायक ने भवन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पाये जाने के बाद विधिवत उद्घाटन कराने तथा स्वास्थ्य विभाग की निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर आम लोगों के लिए इसे शीघ्र चालू कराने की भी मांग की है। पत्र में जांच की तिथि और समय की पूर्व सूचना ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया है। पत्र की प्रतिलिपि सिविल सर्जन, खगड़िया को भी भेजी गयी है।

जीविका से जुड़कर रिंकी देवी बनी आत्मनिर्भर

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के सदर प्रखंड के बेला-सिमरी पंचायत की रिंकी देवी जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी। बताया जाता है कि रिंकी देवी के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। सीमित आय के कारण परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करना कठिन था। जीविका से जुड़ने के बाद उनकी मेहनत और रुचि को देखते हुए उनका चयन सतत् जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत किया गया। योजना के माध्यम से उन्हें किराना दुकान शुरू करने में सहायता मिली। दुकान के सफल संचालन से उनकी आय में वृद्धि हुई और परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया। जीविका से जुड़ने के बाद रिंकी देवी को समूह के मार्गदर्शन से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलने लगा, जैसे नल-जल योजना , स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12,000 की सहायता, बच्चों के लिए छात्रवृत्ति,प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, राशन कार्ड और मनरेगा जब कार्ड मिला। आज रिंकी देवी अपने छोटे से किराना व्यवसाय के माध्यम से परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में योगदान दे रही हैं। जीविका ने उनके जीवन में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की नई उम्मीद जगाई है।

संक्षिप्त खबरें

घेराबंदी कर हथियार तस्कर पवन को दबोचा

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अथमलगोला थाना क्षेत्र में एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए कथित हथियार तस्कर पवन को घेराबंदी कर पकड़े जाने की सूचना है। कार्रवाई के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

दुर्गापूजा को लेकर प्रशासन सख्त, पंडाल से प्रतिमा की ऊंचाई तक तय मानक

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गापूजा को लेकर बाढ़ अनुमंडल सभागार में प्रशासनिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूजा समितियों को पंडाल की ऊंचाई अधिकतम 40 फीट रखने तथा प्रतिमा की ऊंचाई 20 फीट से अधिक नहीं रखने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। लाउडस्पीकर बजाने के लिए अनुमंडल स्तर से अनुमति लेना अनिवार्य बताया गया। बैठक में विधि-व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता, अगि सुरक्षा समेत कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की।

मोकामा में 1000 लीटर देसी शराब नष्ट

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस की नजर से बचने के लिए शराब कारोबारियों ने मोकामा में देसी शराब बनाने का अनोखा ठिकाना बना रखा था। थाना क्षेत्र में पेड़ पर मचान तैयार कर अवैध शराब का कारोबार चलाए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान करीब 1000 लीटर देसी शराब नष्ट की गई तथा शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को भी नष्ट किया गया। पेड़ पर बने मचान और उसके आसपास चल रही गतिविधियों को देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। कार्रवाई की भनक लगते ही धंधे से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस अब इस अवैध कारोबार के पीछे जुड़े लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। कार्रवाई के बाद शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

कक्षा में पंखा टूटकर गिरा तीन छात्राएं घायल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा प्रखंड के मध्य विद्यालय पंचमहाला में बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब कक्षा में लगा पंखा अचानक टूटकर छात्राओं के ऊपर जा गिरा। हादसे में कक्षा छह में पढ़ने वाली तीन छात्राएं घायल हो गईं। घटना के बाद विद्यालय परिसर में मौजूद शिक्षक एवं अन्य छात्र-छात्राओं में भी चिंता की स्थिति उत्पन्न हो गई। बताया जा रहा है कि छात्राएं कक्षा में बैठकर पढ़ाई कर रही थीं। इसी दौरान छत से लगा पंखा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। पंखे की चपेट में आने से तीन छात्राओं को चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने घायल छात्राओं को संभाला तथा उनके उपचार की व्यवस्था की। छात्राओं को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की जानकारी सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही छात्राओं के अभिभावकों में भी चिंता बढ़ गई। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों ने सवाल उठाते हुए कहा कि कक्षाओं में लगे पंखे, विद्युत उपकरण और अन्य संसाधनों की समय-समय पर जांच एवं मरम्मत जरूरी है। यदि उपकरणों की नियमित जांच होती रहे तो इस तरह की दुर्घटनाओं की आशंका को काफी हद तक कम किया जा सकता है। हादसे के बाद विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था तथा कक्षा में लगे विद्युत उपकरणों की स्थिति को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। विद्यालय प्रबंधन के स्तर से घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही अन्य कक्षाओं में लगे पंखों और विद्युत उपकरणों की स्थिति की जांच कराए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। विद्यालय बच्चों के लिए शिक्षा का केंद्र होने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वाला स्थान भी है। ऐसे में किसी भी विद्यालय में जर्जर अथवा खराब विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। घटना के बाद संबंधित विभाग द्वारा विद्यालय में लगे पंखों और विद्युत व्यवस्था की जांच कराकर आवश्यक मरम्मत अथवा खराब उपकरणों को बदलने की कार्रवाई किए जाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

मासूमगंज स्कूल में एमडीएम चावल मामले की जांच शुरू

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ प्रखंड की नवादा पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मासूमगंज में मध्यान भोजन योजना के चावल को ले जाने का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने इसे पकड़ लिया था। मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि चावल किस परिस्थिति में विद्यालय से बाहर ले जाया जा रहा था और इसमें किसकी जिम्मेदारी बनती है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

महागठबंधन का प्रदर्शन, फूंका पुतला

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में बुधवार को महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बाढ़ कचहरी परिसर में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की नीतियों को जनहित के विपरीत बताते हुए उसमें बदलाव की मांग की। इस दौरान विभिन्न घटक दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के कारण कचहरी परिसर में कुछ देर तक राजनीतिक गतिविधियां तेज रहीं।

लोकतंत्र बचाओ के नारों से गूंजा जमालपुर इंडिया गठबंधन ने किया विरोध प्रदर्शन

इंडिया गठबंधन का जोरदार प्रदर्शन, पीएम मोदी,अमित शाह व मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन



प्रदर्शन करते महागठबंधन के लोग।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के आह्वान पर बुधवार को जमालपुर में गठबंधन के सहयोगी दलों ने संयुक्त रूप से जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। लोकतंत्र की रक्षा और कथित तानाशाही शक्तियों के विरोध में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के पुतले का दहन किया।विरोध प्रदर्शन का शुभारंभ मारवाड़ी धर्मशाला परिसर से हुआ। कार्यक्रम का संयुक्त नेतृत्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष साईं शंकर, राजद नगर अध्यक्ष बमबम यादव, भाकपा (माले) अंचल सचिव कामरेड मुरारी प्रसाद, आईआईपी प्रखंड अध्यक्ष अमित रंजन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव शर्मा एवं राजद प्रखंड अध्यक्ष कौसर फैयाज ने किया।धर्मशाला से निकला विरोध जुलूस बराट चौक, शनि मंदिर एवं अवंतिका मोड़ होते हुए जुबली वेल चौराहे पर पहुंचा। यहां सभा आयोजित करने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता तिरंगा झंडे और बैनर के साथ शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो ज्ञानेश भगाओ-लोकतंत्र बचाओ, वोट चोर गद्दी छोड़ो सहित विभिन्न नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया।कार्यक्रम के दौरान जुबली वेल चौक सहित जुलूस के मार्ग पर पुलिस प्रशासन की तैनाती रही। राजद नेता राजेश रमन उर्फ राजू यादव ने कहा भाजपा वाले वोट चोरी तहत मुख्यमंत्री और मंत्रालय का पद चोरी कर लिए मतदाता सूची में अगर एक बार नाम चला जाए तो उसको बिना नोटिस के हटाया नहीं जा सकता। प्रदर्शन में मंटू यादव, प्रतिमा चौरसिया,आईआईपी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र ताती,सपा नेता मनोज क्रांति, रविकांत झा, कांग्रेस नेता राजकुमार मंडल, ब्रह्मदेव चौरसिया फूल कुमारी,आशा देवी, रुक्मिणी देवी, सुनीता देवी,बृजमोहन तांती, कुंदन तांती, गोरेलाल सिंह, विनय यादव सहित दर्जनों मौजूद थे।

टेल लैंप की अतिरिक्तजिम्मेदारी के विरोध में लोको रनिंग स्टाफ का प्रदर्शन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। अल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन, जमालपुर शाखा की ओर से तीन सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को क्रुलोबी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। अध्यक्ष राजीव कुमार के नेतृत्व और सचिव प्रेम प्रकाश के संचालन में आयोजित प्रदर्शन में कर्मचारियों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।एसोसिएशन नेताओं ने कहा कि एलपी और एएलपी पर टेल लैंप की अतिरिक्तजिम्मेदारी थोपने वाले आदेश का लंबे समय से विरोध किया जा रहा है। रनिंग कर्मचारियों पर अतिरिक्तकार्यभार डालना उचित नहीं है। वहीं, पीएलबी की गणना 28,440 रुपये के आधार पर करने तथा केएमए एरियर की बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई। अध्यक्ष व सचिव ने कहा कि वर्ष 1990 से 2025 के बीच रेलवे की परिसंपत्तियों में काफी वृद्धि हुई है। ट्रैक लंबाई में करीब 26 प्रतिशत, यात्री डिब्बों की संख्या में लगभग तीन गुना, माल डिब्बों में 57 प्रतिशत और लोकोमोटिव की संख्या में करीब 74 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसके बावजूद सात हजार रुपये मासिक सीलिंग के आधार पर पीएलबी की गणना करना कर्मचारियों के वास्तविक बोनस अधिकार का हनन है।उन्होंने कहा कि वेतन और जीवन-यापन की लागत में लगातार वृद्धि हुई है, इसलिए पीएलबी की गणना सीमा में संशोधन जरूरी है। सरकार ने मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो एसोसिएशन आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। आंदोलन का असर रेल परिचालन पर भी पड़ सकता है। धरना में विजय कुमार, गौतम कुमार, रंजन कुमार, पंकज कुमार, दीपक कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

दुर्गापूजा से पहले सड़कों पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गापूजा को लेकर शहर में चहल-पहल बढ़ने लगी है। चौक-चौराहों से लेकर बाजार तक दुकानें सज गई हैं। इसके साथ ही कई दुकानदारों ने सड़क की जमीन तक दुकान का सामान फैलाकर अतिक्रमण कर लिया है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। बुधवार को नगर परिषद प्रशासन की ओर से ऐसे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया।अभियान की शुरुआत जुबली बेल चौक से हुई। इसके बाद सदर बाजार, जनता मोड़ होते हुए भारत माता चौक तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान कई दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया, जबकि सड़क पर बढ़ाकर लगाए गए दुकानों के हिस्से को हटाया गया। नगर परिषद कर्मियों ने दुकानदारों को सड़क की सीमा में सामान नहीं लगाने की हिदायत भी दी।इधर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी,सीओ और थाना प्रभारी की अनुपस्थिति शहर में चर्चा का विषय बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना था कि पर्व के दौरान शहर में भीड़ बढ़ने के कारण अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी जरूरी थी। जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति में अभियान में लगे कर्मचारी ही कार्रवाई करते नजर आए। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की निगरानी के अभाव में अभियान प्रभावी होने के बजाय महज कागजी खानापूर्ति तक सीमित रहा। लोगों ने दुर्गापूजा तक लगातार अभियान चलाकर मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने की मांग की। मौके पर जेई कुमार राहुल कुमार, नाजीर रितेश कुमार, ष्ण मुरारी वकील यादव, गौतम कुमार, ज्ञान हुसैन कुमार, एसआई रमेश कुमार मौजूद थे।

इटहरी पंचायत के नए परिसीमन की मांग, ग्रामीणों ने सौंपा प्रस्ताव

18 वार्डों वाली पंचायत को दो हिस्सों में बांटकर नई पंचायत गठित करने की उठी आवाज, आमसभा में सर्वसम्मति से पारित हुआ प्रस्ताव

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। इटहरी ग्राम पंचायत के नए परिसीमन और अलग पंचायत के गठन की मांग जोर पकड़ने लगी है। महेशपुर, नाथटोला, कल्याणटोला एवं पेरुमंडलटोला के ग्रामीणों ने आमसभा आयोजित कर इटहरी पंचायत के पुनर्गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में आयुक्त मुंगेर प्रमंडल, जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जमालपुर बीडीओ एवं अंचल अधिकारी को आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों की ओर से दिए गए आवेदन में पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या 10745, दिनांक 20 जुलाई 2026 का हवाला देते हुए कहा गया है कि इटहरी पंचायत में वर्तमान में कुल 18 वार्ड हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार पंचायत की कुल आबादी 15,716 है। ग्रामीणों के अनुसार वार्ड संख्या एक से नौ तक को एक इकाई तथा वार्ड संख्या 10 से 18 तक को दूसरी इकाई के रूप में परिसीमित किया जाए तो दोनों क्षेत्रों की आबादी क्रमशरू 8,593 और 7,123 होगी। ऐसे में पंचायत का पुनर्गठन कर नई पंचायत के गठन का आधार तैयार किया जा सकता है।ग्रामीणों का कहना है कि महेशपुर, नाथटोला, कल्याणटोला एवं पेरुमंडलटोला के लोगों की आमसभा में पंचायत के विघटन और नए परिसीमन के आधार पर अलग पंचायत गठित करने को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आमसभा के प्रस्ताव और विभागीय अधिसूचना के आलोक में मामले की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है।आवेदन के साथ आमसभा में पारित प्रस्ताव की छायाप्रति भी संलग की गई है। ग्रामीणों में भोला मंडल, गीता देवी, रंजीत मंडल, रणवीर कुमार, अशोक कुमार, भानु कुमार, अजीत कुमार समेत अन्य लोग शामिल हैं।

डांट के बाद युवक ने फांसी लगाने की कोशिश की,समय रहते बचाया गया

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के नयागांव वार्ड संख्या छह में मंगलवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाने की कोशिश की। हालांकि परिजनों और आसपास के लोगों की तत्परता से समय रहते उसे बचा लिया गया। आनन-फानन में युवक को जमालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।बताया जाता है कि नयागांव वार्ड छह निवासी आकाश कुमार, पिता स्व रघु प्रसाद साह, को उसकी मां ने किसी बात को लेकर घर में डांट-फटकार लगाई थी। इसके बाद वह कमरे में चला गया। कुछ देर बाद परिजनों को उसके फांसी लगाने की आशंका हुई। सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता वशिष्ठ कुमार भी मौके पर पहुंचे। परिजनों और आसपास के लोगों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला तो आकाश को फांसी लगाने की कोशिश करते पाया। इसके बाद तत्काल उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया।परिजनों के अनुसार, आकाश आर्थिक तंगी को लेकर भी तनाव में था। उसकी मां ने घटना की सूचना सामाजिक कार्यकर्ता वशिष्ठ कुमार को फोन पर दी थी, जिसके बाद तत्काल मदद पहुंची।जमालपुर पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी ड़ अशोक पासवान ने बताया कि युवक को अस्पताल लाए जाने के बाद आवश्यक जांच और प्राथमिक उपचार किया गया। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है और चिकित्सकीय निगरानी में उपचार जारी है।घटना के बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

मुंगेर ने जमालपुर को 2-0 से रौंदा, वॉलीबाल लीग पर जमाया कब्जा

जेएसए मैदान में मुंगेर का जलवा, जमालपुर को 2-0 से हराकर बना चैंपियन





विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रेलवे के जेएसए मैदान में बुधवार को वलीबल लीग टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुंगेर और जमालपुर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे पर बढ़त बनाने का प्रयास किया। मैच के दौरान अंकों का उतार-चढ़ाव जारी रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में लगातार अंक जुटाते हुए मुंगेर की टीम ने जमालपुर को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मुंगेर के खिलाड़ी राजन को बेस्ट प्लेयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रेल इंजन कारखाना के सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल, विशिष्ट अतिथि सीनियर प्रोफेसर राजीव कुमार, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष अनीता वर्णवाल व डिप्टी डक्टर अभ्युदय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सहायक खेल पदाधिकारी संतोष कुमार एवं गुड़िया ने पौधा भेंट कर किया।विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रफी प्रदान करते हुए सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने कहा कि रेलवे में खेल की नई परंपरा शुरू हुई है। जेएसए मैदान में विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार आयोजन किए जा रहे हैं।मैच में रेफरी की भूमिका प्रवीण शंकर सिंह एवं महेश कुमार ने निभाई। मौके पर खेल पदाधिकारी प्रीतम कुमार, डिप्टी अभिनव कुमार, डिप्टी सौरभ कुमार, रेल अधिकारी अभिषेक कुमार, रवि राजपूत, ड. जेके प्रसाद, लाल साहब सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

अनंत सिंह के रुख से जेडीयू में सियासी हलचल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। राजनीति में कई बार एक बयान केवल बयान नहीं रहता, बल्कि उसके पीछे संगठन, संबंध और राजनीतिक समीकरणों की कई परतें दिखाई देने लगती हैं। पटना तक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह का रुख इन दिनों इसी तरह की राजनीतिक चर्चा का विषय बना हुआ है। जदयू के मौजूदा विधान पार्षद एवं प्रत्याशी नीरज कुमार के मुकाबले जन सुराज प्रत्याशी ड़ अनुज सिंह के समर्थन की घोषणा के बाद बाढ़-मोकामा से लेकर पटना तक राजनीतिक हलकों में इस घटनाक्रम को लेकर अलग-अलग चर्चाएं चल रही हैं। अनंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से अनुज सिंह के समर्थन की बात कही है और नीरज कुमार के पक्ष में समर्थन नहीं करने का अपना रुख स्पष्ट किया है। दूसरी ओर, जदयू ने अपने संगठनात्मक कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों को जारी रखा है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से यह सवाल राजनीतिक विमर्श में सामने आ रहा है कि पार्टी के भीतर इस स्थिति को किस रूप में देखा जा रहा है और आने वाले दिनों में संगठनात्मक स्तर पर क्या तस्वीर सामने आती है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम को केवल 'विरोध' और 'समर्थन' के दो शब्दों में समेटना शायद उचित नहीं होगा। इसके पीछे स्थानीय राजनीतिक संबंध, व्यक्तिगत राजनीतिक समीकरण, संगठनात्मक अनुशासन और चुनावी रणनीति जैसे कई पहलू जुड़े हुए हैं। खुद अनंत सिंह ने भी अपने हालिया बयानों में नीरज कुमार के साथ मतभेद को व्यक्तिगत बताते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति व्यक्तिगत सम्मान की बात कही है।

चुप्पी को समर्थन या विरोध मानना उचित नहीं

इस घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू स्थानीय जदयू नेताओं की सार्वजनिक भूमिका भी है। अनंत सिंह के रुख के बाद बाढ़-मोकामा क्षेत्र में पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की गतिविधियों पर राजनीतिक नजरें टिकना स्वाभाविक है। हालांकि, किसी नेता का सार्वजनिक रूप से बयान नहीं देना अपने आप में उसके समर्थन अथवा विरोध का प्रमाण नहीं माना जा सकता। राजनीति में संगठनात्मक निर्णय कई स्तरों पर लिए जाते हैं। कई बार स्थानीय नेता सार्वजनिक टिप्पणी से बचते हुए पार्टी नेतृत्व के आधिकारिक निर्णय की प्रतीक्षा करते हैं। कभी-कभी चुनावी परिस्थितियों में अनावश्यक बयानबाजी से बचना भी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हो सकता है। इसलिए स्थानीय नेताओं की चुप्पी के पीछे किसी एक कारण को निश्चित मान लेना तथ्यपरक ष्टि से उचित नहीं होगा। यही कारण है कि इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राजनीतिक चर्चा और आधिकारिक निर्णय के बीच अंतर बनाए रखा जाए। जब तक पार्टी नेतृत्व की ओर से कोई स्पष्ट निर्णय या कार्रवाई सामने नहीं आती, तब तक केवल राजनीतिक अटकलों के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

व्यक्ति, संगठन और चुनावतीनों के बीच संतुलन की चुनौती

पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि यहां मुकाबला केवल दो उम्मीदवारों के बीच नहीं, बल्कि अलग-अलग राजनीतिक समर्थन और व्यक्तिगत संपर्कों के बीच भी दिखाई दे रहा है। जदयू ने नीरज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि जन सुराज ने ड़ अनुज सिंह को मैदान में उतारा है। अनंत सिंह द्वारा अनुज सिंह के समर्थन की घोषणा ने इस मुकाबले को राजनीतिक चर्चा के केंद्र में ला दिया है। हालांकि, चुनाव का अंतिम निर्णय मतदाताओं के हाथ में होता है। किसी नेता का समर्थन, किसी दल का संगठन या किसी उम्मीदवार का व्यक्तिगत प्रभावइनमें से किसी एक को परिणाम का आधार मानना उचित नहीं है। तक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता अपने मुद्दों, उम्मीदवारों की छवि, संपर्क और राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए अपना निर्णय लेते हैं। यही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है कि राजनीतिक समर्थन बदल सकते हैं, समीकरण बदल सकते हैं और नेताओं के बीच मतभेद भी हो सकते हैं, लेकिन अंतिम निर्णय मतदाता का होता है।

जदयू के लिए संगठनात्मक संदेश भी महत्वपूर्ण

अनंत सिंह का रुख जदयू के लिए संगठनात्मक ष्टि से चर्चा का विषय जरूर है। एक ओर पार्टी ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी तैयारी शुरू की है, दूसरी ओर पार्टी के ही एक विधायक ने दूसरे उम्मीदवार के समर्थन की सार्वजनिक घोषणा की है। ऐसे में संगठन के सामने राजनीतिक संवाद और अनुशासन के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती दिखाई देती है। जदयू की ओर से पार्टी अनुशासन और गठबंधन की नीति के अनुरूप चुनावी तैयारी पर जोर दिए जाने की बात सामने आई है। ऐसे में आगे पार्टी नेतृत्व की ओर से क्या राजनीतिक या संगठनात्मक कदम उठाया जाता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। यहां यह भी समझना जरूरी है कि किसी राजनीतिक दल में मतभेद होना अपने आप में संगठन के टूटने का प्रमाण नहीं होता। लोकतांत्रिक दलों में अलग-अलग नेताओं के बीच राजनीतिक मतभेद और स्थानीय स्तर पर अलग समीकरण सामने आ सकते हैं। महत्वपूर्ण यह होता है कि संगठन उन मतभेदों को किस प्रकार संवाद और निर्णय की प्रक्रिया से संभालता है।

बाढ़-मोकामा की राजनीति पर भी नजर

अनंत सिंह का प्रभाव क्षेत्र मुख्य रूप से मोकामा और आसपास की राजनीति से जुड़ा रहा है। इसलिए उनके किसी सार्वजनिक राजनीतिक रुख का बाढ़-मोकामा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनना स्वाभाविक है। लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि स्थानीय राजनीतिक प्रभाव को पूरे पटना तक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के निर्णय से सीधे जोड़कर नहीं देखा जाए। पटना तक निर्वाचन क्षेत्र का दायरा व्यापक है और यहां विभिन्न क्षेत्रों के मतदाता मतदान करते हैं। इसलिए किसी एक क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण का प्रभाव कितना और किस रूप में पड़ेगा, इसका आकलन चुनावी प्रक्रिया के बाद ही किया जा सकता है। राजनीतिक विश्लेषण का आधार भी यही होना चाहिए कि तथ्य अलग हों, दावे अलग हों और अनुमान अलग। इससे न केवल खबर की विश्वसनीयता बनी रहती है, बल्कि पाठकों को भी पूरे घटनाक्रम को समझने का अवसर मिलता है।

रंगोली में सजे मोदी सरकार की योजनाओं के रंग, दिखा सेवा और राष्ट्र निर्माण का संदेश

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत जमालपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में बुधवार को 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति और जीविका दीदियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यो और उपलब्धियों को रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया।रंगोली के जरिए योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के साथ सेवा, विकास और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। आकर्षक रंगोली लोगों के बीच चर्चा और आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि कला के माध्यम से सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यो को लोगों तक पहुंचाने की पहल प्रभावी है।इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी यामशील गौतम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता मनीष दयाल गोस्वामी, भाजपा नेत्री सह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की पदाधिकारी रीमा दौलत, वार्ड पार्षद वीरेंद्र कुमार भुट्टो, वार्ड पार्षद अमित कुमार, प्रेम शंकर पाठक, सोनू पोद्दार, युवराज कुमार, उत्तम सिंह, राजीव कुमार सिंह, इंद्रजीत आहूवालिया समेत दर्जनों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सेवा, समर्पण, विकास और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। आयोजकों ने कहा कि 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' के माध्यम से जनसेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को समाज के बीच मजबूत करने का प्रयास किया गया है।

सोनपुर मंडल में ओबीसी संगठन की प्रथम अनौपचारिक बैठक आयोजित

'कर्मचारी हितों से जुड़े 42 मुद्दों पर हुई चर्चा 21 मामलों का तत्काल समाधान'

सोनपुर (एन एसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में ओबीसी संगठन की प्रथम अनौपचारिक बैठक आज दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक सभा कक्ष, सोनपुर में मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओबीसी संगठन के अध्यक्ष एवं सचिव सहित संगठन के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान ओबीसी संगठन से संबंधित कर्मचारियों के विभिन्न विषयों एवं समस्याओं से जुड़े कुल 42 मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। सकारात्मक संवाद एवं आपसी विचार-विमर्श के उपरांत 21 मुद्दों का तत्काल समाधान करते हुए उन्हें बंद किया गया। शेष मुद्दों पर भी आवश्यक विचार-विमर्श किया गया तथा नियमानुसार उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने पर सहमति बनी। बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों से संबंधित विषयों पर सार्थक संवाद, बेहतर आपसी समन्वय एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। मंडल प्रशासन एवं ओबीसी संगठन के प्रतिनिधियों के बीच सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों के समाधान हेतु प्रभावी संवाद एवं समन्वय को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक के सफल आयोजन से कर्मचारियों से संबंधित विषयों के समाधान की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुगम बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल हुई है। सोनपुर मंडल प्रशासन द्वारा कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों पर संवाद एवं समन्वय के माध्यम से नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है।



बैठक में उपस्थित लोग।

संक्षिप्त खबरें

गढ़सिसई में दुगार्पूजा की तैयारियां तेज, गीता चौधरी अध्यक्ष और मुकेश कुमार बने सचिव

विद्यापतिनगर। एनएसबी। गढ़सिसई गांव में दुगार्पूजा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पूजा के सफल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से दुगार्पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें गीता चौधरी को अध्यक्ष, मुकेश कुमार को सचिव तथा दीनबंधु कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में पूजा को भव्य स्वरूप देने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पंडाल निर्माण, आकर्षक सजावट, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल और भीड़ नियंत्रण समेत विभिन्न बिंदुओं पर रणनीति तैयार की गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि पूजा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो, इसके लिए सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपकर कार्य किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गीता चौधरी और सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि दुगार्पूजा को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना समिति की प्राथमिकता होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बैठक में अभिनाश भारद्वाज, अरविंदर कुमार सिंह, चमन कुमार, आदर्श कुमार, लोकेश्वर कुमार, गोपाल जी ठाकुर, संजीत कुमार, कुंदन कुमार, हर्ष कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों में पूजा को लेकर उत्साह देखा गया। लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया।

मऊ बाजार में शराब के खिलाफ कार्रवाई, 8.280 लीटर विदेशी शराब जब्त

विद्यापतिनगर। एनएसबी। थाना क्षेत्र के मऊ बाजार में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के मकान से ऑफिसर च्वाइस एलीट व्हिस्की के 180 एमएल के 46 टेट्रा पैक बरामद किए। जब्त शराब की कुल मात्रा 8.280 लीटर बताई गई है। पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर की सुबह करीब 8:40 बजे थानाध्यक्ष सूरज कुमार को सूचना मिली कि मऊ बाजार निवासी सतीश गुप्ता उर्फ टुनटुन, पिता स्व. योगेंद्र गुप्ता, अपने घर में अवैध विदेशी शराब रखकर उसकी खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम सशस्त्र बल के साथ मऊ बाजार पहुंची। स्थानीय चौकीदार की सहायता से पुलिस ने सतीश गुप्ता के मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के अंदर चौकी के नीचे रखे उजले रंग के प्लास्टिक के झोले से 46 टेट्रा पैक विदेशी शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने सतीश गुप्ता उर्फ टुनटुन को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। शराब का भंडारण, बिक्री, निर्माण, सेवन एवं परिवहन कानूनन अपराध है। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

विधान परिषद चुनाव को लेकर राजद ने बनाई रणनीति, स्नातक मतदाताओं से संपर्क अभियान चलाने का निर्णय

रोसड़ा। एनएसबी। शहर स्थित राजद नेता बबलू शर्मा के आवास पर बुधवार को दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर राजद की बैठक सह मतदाता मिलन समारोह आयोजित किया गया। बैठक में प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक स्नातक मतदाताओं के बीच सघन जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष रामस्वार्थ यादव ने की, जबकि संचालन वरीय नेता सत्यविंद पासवान ने किया। विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र सहनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती एवं वरीय नेता सत्यविंद पासवान ने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक पहुंचकर स्नातक मतदाताओं से संपर्क करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत करने का अवसर है। जनहित, छात्र हित एवं बिहार हित में राजद प्रत्याशी अनिल झा को समर्थन देने की अपील की गई। प्रत्याशी अनिल झा ने कहा कि रोसड़ा के कार्यकताओं द्वारा दिए गए सम्मान और समर्थन के लिए वे आभारी हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्नातक मतदाताओं का समर्थन मिला और वे विधान परिषद पहुंचे तो स्नातक बेरोजगारों, छात्रों एवं युवाओं की समस्याओं को सदन में मजबूती से उठाएंगे।

67 वर्षीय मरीज के पूरे मुंह में सफल दंत प्रत्यारोपण, चिकित्सकों ने जताई खुशी

समस्तीपुर। एनएसबी। शहर के चीनी मिल परिसर स्थित अपोलो डेंटल में 67 वर्षीय मरीज के पूरे मुंह में दंत प्रत्यारोपण की सफल प्रक्रिया पूरी की गई। संस्थान के निदेशक सह मुख्य दंत चिकित्सक डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने आधुनिक दंत चिकित्सा तकनीक के माध्यम से मरीज के खोए हुए दांतों के स्थान पर कृत्रिम दांत लगाए। डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि सफल उपचार के बाद मरीज को दोबारा सामान्य रूप से खाने, बोलने और मुस्कुराने का आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि किसी मरीज को खोए हुए दांतों के स्थान पर दांत उपलब्ध कराकर उसे सामान्य जीवन जीने का आत्मविश्वास देना चिकित्सकीय टीम के लिए खुशी और संतोष की बात है। उन्होंने कहा कि दांत केवल चेहरे की सुंदरता बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भोजन चबाने और पाचन प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आधुनिक दंत चिकित्सा में डेंटल इंप्लांट खोए हुए दांतों की जगह कृत्रिम दांत लगाने का महत्वपूर्ण उपचार विकल्प है। डॉ. ज्ञानेंद्र के अनुसार डेंटल इंप्लांट कृत्रिम दांत की जड़ जैसी संरचना होती है, जिसे जबड़े की हड्डी में लगाया जाता है। इसके ऊपर विशेष जोड़ और कृत्रिम दांत लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि मरीज का विश्वास और चेहरे पर लौटती मुस्कान ही चिकित्सकीय टीम के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उपचार में डॉ. फारुख आजमी, डॉ. दयानंद कुमार, डॉ. प्रभात रंजन तथा नर्सिंग स्टाफ धर्म देव यादव, सतीश सिंह, शबनम, काजल कुमारी एवं शिवम कुमार ने सहयोग किया।

बिरौली स्कूल में वन्य जीव सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों ने बनाए पक्षियों के घोंसले

पूसा। एनएसबी। प्राथमिक विद्यालय ग्रामीण प्रतिष्ठान, बिरौली में वन्य जीव सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शिक्षक सूर्य प्रकाश ने की। इस दौरान रंगोली और स्लोगन के माध्यम से बच्चों को वन्य जीव संरक्षण एवं प्रकृति की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। प्रधान शिक्षक सूर्य प्रकाश ने बच्चों को बताया कि भारत में प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्य जीव सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने वन्य जीवों के संरक्षण, उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा और जैव विविधता बनाए रखने में आम लोगों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में इस वर्ष के वन्य जीव सप्ताह के थीम ह्यआवासों को जोड़ना, फलता-फूलता वन्य जीवह्न के माध्यम से बच्चों को बताया गया कि वन्य जीवों के सुरक्षित आवास और प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण उनके अस्तित्व के लिए आवश्यक है।बच्चों ने घोंसलों के माध्यम से पक्षियों के प्रति प्रेम और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने का संकल्प भी लिया। शिक्षिका आशियाना के नेतृत्व में इको क्लब के बच्चों ने वन्य जीव सप्ताह के अवसर पर आकर्षक रंगोली बनाई। रंगोली और स्लोगन के माध्यम से वन्य जीवों एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश दिए गए। कार्यक्रम में शिक्षिका ललिता कुमारी, प्रीति कुमारी, मीना कुमारी, रंजू कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

निजी स्कूल के बस चालक पर नाबालिग छात्रा से दुर्व्यवहार का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के एक चौक के समीप मंगलवार को निजी विद्यालय की 12 वर्षीय छात्रा के साथ बस चालक द्वारा कथित रूप से अनुचित व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद छात्रा की मां ने कल्याणपुर थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि छात्रा की मां द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में आरोपित बस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विकसित भारत के संकल्प के साथ भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

समस्तीपुर। एनएसबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर संकल्प अभियान के तहत सरकारी बस स्टैंड परिसर में विकसित भारत संकल्प सभा के लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में आम लोगों के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के अनुभवों को साझा करते हुए सेवा, संगठन और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण तथा देश को बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को दोहराया और कार्यकताओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री



राजभूषण निषाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने को बेमिसाल और अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सार्वजनिक जीवन सेवा और राष्ट्र समर्पण की भावना से प्रेरित रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा समस्तीपुर उत्तरी एवं दक्षिणी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी एवं शशिधर झा ने संयुक्त रूप से की। मौके पर राधा मोहन शर्मा, एमएलसी डॉ. तरुण कुमार, विधायक वीरेंद्र पासवान, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह, शशिकांत आनंद, महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, मुख्य प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी जगदेव राम, वीरेंद्र यादव, विमल कुमार गोलू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के बाद सरकारी बस स्टैंड से सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। रथ पर सवार अतिथियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पटेल मैदान गोलंबर तक पहुंचे। इस दौरान कार्यकताओं ने विकसित भारत के संकल्प को लेकर लोगों के बीच जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद नेताओं ने पटेल मैदान में आयोजित रंगोली कार्यक्रम का अवलोकन भी किया।

वोट चोरी के आरोपों को लेकर महागठबंधन का हुंकार मार्च, पीएम समेत तीन नेताओं का पुतला फूंका

दलसिंहसराय। एनएसबी। वोट चोरी, लोकतंत्र और संविधान पर कथित हमले के विरोध में इंडिया महागठबंधन के कार्यकताओं ने सोमवार को दलसिंहसराय में हुंकार मार्च निकाला। महावीर चौक से निकला मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए एनएच-28 तक पहुंचा। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। कार्यकताओं ने ह्यवोट चोरी बंद करोह्न और ह्यलोकतंत्र पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगेह्न जैसे नारे लगाए।

सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष मो. जाबीर हुसैन, उदयकेतु चौधरी, नीलम देवी, उदय कुमार, विनोद कुमार समीर, राज दीपक एवं शंकर राम



ने चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाए। नेताओं ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए चुनाव आयोग की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना जरूरी है।

मौके पर चंदन प्रसाद, नितीश कुमार, प्रमोद राय, नंद किशोर महतो, मो. इफ्तेखार, मो. गबर सहित महागठबंधन के कई नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

आरबी कॉलेज में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम, लगाए गए 100 पौधे

दलसिंहसराय। एनएसबी। अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण पखवाड़े के तहत बुधवार को आरबी कॉलेज, दलसिंहसराय के भूगोल विभाग की ओर से नगर परिषद के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं माधुरी कुमारी, नेहा कुमारी एवं निधि कुमारी की सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद अतिथियों एवं महाविद्यालय के शिक्षकों ने परिसर में 100 पौधे लगाए। नगर परिषद दलसिंहसराय की सभापति प्रतिनिधि सुशील सुरेखा, उपसभापति प्रतिनिधि कुणाल चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार, नगर प्रबंधक कमलेश कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी आयुष कुमार एवं नगर नियोजन पदाधिकारी प्रभा कुमारी मौजूद रहे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर वाद-विवाद, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। वाद-विवाद में विद्यार्थियों ने जल-जीवन-हरियाली, जलवायु परिवर्तन, बिहार में बाढ़ एवं सुखाड़, पर्यावरण संरक्षण और आपदा जोखिम न्यूनीकरण जैसे विषयों पर विचार रखे। चित्रकला प्रतियोगिता में ह्यहरित बिहार, सुरक्षित बिहारह्न, ह्यजल बचाएं, जीवन बचाएंह्न, ह्यजलवायु परिवर्तन और हमारा भविष्यह्न, ह्यआपदा से बचाव—सुरक्षित बिहारह्न तथा ह्यजल, जंगल और जमीन—सतत बिहार की पहचानह्न जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। रंगोली प्रतियोगिता में भी पर्यावरण एवं आपदा जागरूकता से जुड़ी आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हरीश सामरिया ने किया।



विभागाध्यक्ष डॉ. जवाहर लाल ने कार्यक्रम की विषय-वस्तु एवं रूपरेखा प्रस्तुत की। आयोजन सचिव डॉ. हरीश सामरिया तथा सह-आयोजक डॉ. निभा कुमारी रहीं। मौके पर डॉ. राजकिशोर, डॉ. धीरज कुमार पांडेय, डॉ. अपूर्व सारस्वत, डॉ. संजय कुमार सुमन, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. मुकेश कुमार झा, डॉ. सोहित राम, डॉ. सुनील कुमार साह, डॉ. धीरज कुमार, डॉ. मिथिलेश कुमार सहित अन्य प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी, स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में इंडिया गठबंधन का प्रतिरोध मार्च

सात को प्रखंड और आठ को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन

समस्तीपुर कार्यालय/एनएसबी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में इंडिया गठबंधन के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत बुधवार को पूसा प्रखंड के बिरौली चौक पर प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ह्यज्ञानेश भगाओ, लोकतंत्र बचाओह्न के नारे लगाए। मार्च के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का संयुक्त पुतला दहन कर विरोध जताया गया। बिरौली चौक पर आयोजित सभा की



अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष शिवराम ठाकुर ने की, जबकि संचालन भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने किया। सभा के दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं ने एसआईआर को तत्काल निलंबित करने, मतदाता सूची से हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम तत्काल बहाल करने तथा चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की वर्तमान व्यवस्था में बदलाव करते हुए नियुक्ति समिति में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने की मांग की। साथ ही एसआईआर के बाद हुए चुनाव को रद्द कर पुनः निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग भी नेताओं ने उठाई।

सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले जिला कमेटी सदस्य रौशन कुमार ने कहा कि एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से पात्र लोगों के नाम हटाए जाने से उनके मताधिकार पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, उन्हें तत्काल बहाल किया जाना चाहिए। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के साथ निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली में लोकतांत्रिक जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

कांग्रेस जिला महासचिव डॉ. एन.के. आनंद ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा जरूरी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सभी लोकतांत्रिक शक्तियों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। इस दौरान वीआईपी प्रखंड उपाध्यक्ष उपेंद्र शाह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कन्हैया ठाकुर, भाकपा-माले नेता रौशन कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, राजाराम सिंह, दिनेश राय, मुकेश कुमार, राजीव कुमार, शिवानु कुमार, राजीव कुमार सिंह, अखिलेश ठाकुर, अजय कुमार, श्याम सुंदर मिश्रा, वैद्यनाथ शर्मा, प्रशांत कुमार, गुलजार अहमद, विजय कुमार राम, मिथिलेश कुमार, मो. इश्तियाक, सोनेलाल महतो, प्रभात कुमार दास, शिवचंद्र राम, सत्येंद्र कुमार, नीरज कुमार, धीरज कुमार समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

8 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बताया कि 8 अक्टूबर को समस्तीपुर जिला मुख्यालय में भी विरोध मार्च एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे और मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

वोट के अधिकार को लेकर महागठबंधन का प्रदर्शन, पीएम समेत तीन नेताओं का पुतला दहन

समस्तीपुर। एनएसबी। राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत बुधवार को समस्तीपुर प्रखंड मुख्यालय के जितवारपुर चांदनी चौक पर इंडिया महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। प्रदर्शन के दौरान महागठबंधन कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन एवं राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती सहित अन्य नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों के बीच गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रदर्शन में विनोद कुमार राय, राजद जिला प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर सहित महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।



वन महोत्सव पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश, विद्यार्थियों ने लगाए पौधे

समस्तीपुर। एनएसबी। 77वें वन महोत्सव के अवसर पर वन विभाग के मार्गदर्शन में आशा सेवा संस्थान एवं राष्ट्रीय युवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पोदार इंटरनेशनल स्कूल, समस्तीपुर में पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला सह पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और पौधारोपण के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत-अभिनंदन के बाद वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, विद्यालय के प्राचार्य अखौरी नील किशोर सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार एवं अमित कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि जैव विविधता को बनाए रखने



में प्रत्येक पेड़-पौधे और जीव-जंतु की महत्वपूर्ण भूमिका है। पर्यावरण संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरूआत घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र से होनी चाहिए। जल, जंगल और जमीन का संरक्षण किए बिना आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल, जल संरक्षण, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अखौरी नील किशोर सिन्हा ने की, जबकि संचालन अमित कुमार वर्मा ने किया। उप प्राचार्य चंदन कुमार ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक राजकुमार राय एवं राहुल कुमार सहित पोदार इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। बुधवार को पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 के अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक, विधि-व्यवस्था, गया द्वारा प्रेतशिला में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की चेकिंग, ब्रीफिंग एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अरवल (एनएसबी)। 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर ई-रिक्शा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार जिले में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से ई-रिक्शा के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ई रिक्शा के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को बालिकाओं के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह एवं लैंगिक भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश आमजनों तक पहुँचाया जा रहा है। इसी क्रम में करपी बाजार, किंजर बाजार, अतौला बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा मनोरंजक एवं प्रभावी ढंग से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बालिकाओं की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आमजनों को बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शिक्षा एवं समान अवसर उपलब्ध कराने की अपील की गई।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

अरवल (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अरवल जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस पदाधिकारियों द्वारा पूजा समितियों एवं आम नागरिकों से अपील की गई कि दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निदेर्शों का पालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। साथ ही, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, जुलूस एवं विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


शांति समिति की बैठक में भाग लेते लोग।

लायंस क्लब, गयाजी द्वारा विश्व सेवा सप्ताह अंतर्गत निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

गयाजी (एनएसबी)। बुधवार को लायंस क्लब, गयाजी द्वारा विश्व सेवा सप्ताह अंतर्गत निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन स्थानीय आई. एम. ए. हॉल में किया गया। इसी कार्यक्रम के साथ पूरे सप्ताह में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का समापन किया गया। ज्ञात रहे कि इस अवधि में विभिन्न स्थानों पर कई प्रकार की सेवाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जयंती के अवसर पर चैक के समीप राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर के किया गया। दूसरा कार्यक्रम होटल मंत्रा रीजेंसी के निकट आयोजित किया गया जिसमें पितृपक्ष मेला में पधारे तीर्थ यात्रियों को चाय एवं बिस्किट प्रदान किया गया। तीसरे दिन प्रभावती अस्पताल में रोगियों के बीच फल वितरित किया गया। चैथे दिन हरियाणा भवन, विष्णुपद में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों को निःशुल्क परामर्श एवं औषधि वितरित किया गया। साथ ही ब्लड शुगर एवं डायबिटीज जांच किया गया। पांचवें दिन गांधी मैदान में उपस्थित लोगों के बीच डायबिटीज जागरूकता हेतु पर्चा वितरित किया गया। आज अंतिम दिन दंत चिकित्सा शिविर के साथ साप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का समापन किया गया। लायंस क्लब द्वारा विश्व भर में प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के पहले सप्ताह में विभिन्न सामाजिक और सेवा के कार्य किए जाते हैं। सारे कार्यक्रमों में लायंस क्लब, गया जी के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष लायन विनय वर्मा, लायन डॉ. नन्द किशोर गुप्ता, लायन राजीव शर्मा, लायन जावेद यूसुफ, लायन डॉ. अभिषेक मृणाल, लायन संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष लायन नीरज कुमार, लायन अतहरुल हक, लायन अजय कुमार आदि मौजूद थे।



सीयूएसबी शिक्षा पीठ की ओर से गया कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ की ओर से शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गयाजी में विद्यार्थियों के लिए बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देशन तथा शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. धनंजय धीरज ने आईसीटी आधारित लर्निंग को वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक सरल, प्रभावी, रोचक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में सहायक है। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल उपकरणों एवं तकनीकी संसाधनों के दक्षतापूर्वक उपयोग के लिए प्रेरित किया।

वोट चोरी के आरोप के खिलाफ इंडिया गठबंधन कार्यकताओं ने चुनाव आयोग का फूंका पुतला

टिकारी। कोंच प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने कथित वोट चोरी के विरोध में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव, सांसद प्रतिनिधि किशोर यादव, युवा नेता सूचित यादव, परसावां पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार, विनोद यादव, रामकुमार सहित इंडिया गठबंधन के प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इस दौरान कार्यकताओं ने चुनाव आयोग पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया। समाजसेवी किशोरी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों के बीच सवाल उठ रहे हैं।



15 दिवसीय पितृपक्ष मेला की व्यवस्थाओं की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। जिला प्रभारी मंत्री, गया जिला-सह कृषि मंत्री, बिहार सरकार विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को जिला अतिथि गृह, गयाजी में जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया सुशील कुमार के साथ पितृपक्ष मेला 2026 के दौरान तीर्थयात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं प्राप्त फीडबैक की समीक्षा की।



शेष बचे दिनों में तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश

समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेला अब समापन की ओर है। इसके बावजूद शेष बचे दिनों में व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित पदाधिकारी निरंतर मेला क्षेत्र का निरीक्षण एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते रहें, ताकि देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उन्होंने तीर्थयात्रियों के लिए बनाए गए विभिन्न आवासन स्थलों की नियमित जांच कराने तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवासन स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध रहनी चाहिए। मंत्री ने शहरी क्षेत्र एवं मेला क्षेत्र में खुले में मांस-मछली की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित कराने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेला क्षेत्र एवं शहर में कहीं भी खुले में मांस-मछली की बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए शहर एवं मेला क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता को और बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्याऊ सुचारू रूप से संचालित रहें तथा कोई भी प्याऊ बंद नहीं रहना चाहिए। स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेला में लाखों की संख्या में तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने शेष बचे दिनों में भी तीर्थयात्रियों को निरंतर एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

टिकारी एसडीएम के खिलाफ जांच के आदेश, बेलबन ठाकुरबाड़ी मामले से जुड़ा है विवाद

टिकारी (एनएसबी)। टिकारी अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन के विरुद्ध बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला टिकारी के प्रसिद्ध बेलबन ठाकुरवाड़ी से जुड़ा हुआ है। इस संबंध में बेलबन ठाकुरवाड़ी के महंत अमरजीत दास ने एसडीएम टिकारी के खिलाफ विभाग में परिवाद पत्र दायर किया था। परिवाद पर संज्ञान लेते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव उमेश प्रसाद ने ज्ञापांक 17905, दिनांक 29-09-2026 द्वारा गया के जिला पदाधिकारी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि परिवाद में लगाए गए आरोपों की विस्तृत जांच कर जांच प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाए। बता दें कि बेलबन ठाकुरवाड़ी का मामला लंबे समय से चर्चा में है। महंत अमरजीत दास द्वारा की गई इस शिकायत के बाद अब प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है।

जलवायु संकट के समाधान में युवाओं की भूमिका अहम

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राजनीति विज्ञान विभाग और ह्यद क्लाइमेट एजेंडाह्य के संयुक्त तत्वावधान में क्लाइमेट माइंडफुलनेसः अंडरस्टैंडिंग द साइकोलॉजी ऑफ यूथ इन बिल्डिंग सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण संकट के प्रति जागरूक कर उन्हें सतत भविष्य के लिए तैयार करना था।



मविवि में ह्यक्लाइमेट माइंडफुलनेसह्य पर संगोष्ठी संपन्न

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए आईआईएम, बोधगया की निदेशक प्रो. विनीता एस. सहाय ने ह्यरियूज एंड रिसाइकिलह्य (पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण) की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सतत विकास के लिए संसाधनों का उचित इस्तेमाल ही सबसे प्रभावी उपाय है। प्रो. सहाय ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जलवायु संकट जैसी वैश्विक चुनौती के समाधान में अपनी नेतृत्वकारी भूमिका निभाएं।

मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डी.के. केशरी ने अपने वक्तव्य में पांच प्रमुख ग्रीन हाउस गैसों के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक तापमान वृद्धि और जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों को रेखांकित करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को भीषण संकट का सामना करना पड़ेगा। संगोष्ठी के दौरान एक अहम घोषणा की गई कि मगध विश्वविद्यालय का राजनीति विज्ञान विभाग और ह्यद क्लाइमेट एजेंडाह्य मिलकर छात्रों व शोधार्थियों को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगे। इस पहल का उद्देश्य आने वाले वर्षों में जलवायु संकट के व्यावहारिक और प्रभावी समाधान खोजना है। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम् ने भी अपने महत्त्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

इससे पूर्व, आयोजन सचिव व सहायक प्रोफेसर अविनाश कुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए कॉन्सेप्ट नोट प्रस्तुत किया। उन्होंने पर्यावरण को लेकर पश्चिमी उपयोगितावादी दृष्टिकोण और इसके उलट आपसी निर्भरता पर आधारित समन्वित दृष्टिकोण के अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि पूर्ण ह्यमाइंडफुलनेसह्य, करुणा और जागरूकता के माध्यम से युवाओं को ह्यक्लाइमेट लीडरह्य के रूप में तैयार करना ही इस संगोष्ठी का लक्ष्य है।

सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार ने सामाजिक मनोविज्ञान में ह्यजैव-प्रेरकह्य की अवधारणा को जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में बेहतरीन ढंग से समझाया। वहीं, संगोष्ठी के संयोजक प्रो. घोष ने शोधार्थियों को पर्यावरण नीति पर गहन शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान, प्राणीशास्त्र, मानविकी, समाजशास्त्र और प्रबंधन समेत कई विषयों के विद्वानों के साथ ह्यद क्लाइमेट एजेंडाह्य की प्रतिनिधि सुश्री एकता सिंह ने भी हिस्सा लिया। अंत में श्री रवि ने सभी अतिथियों और वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में विभाग की टीम लीड सानिया, शोधार्थी दीपक कुमार, पंकज कुमार, हर्ष तथा गायन टीम की चांदनी व रोक्शार सहित अन्य छात्रों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

डी-कम्प्रेशन यूनिट की स्थापना को लेकर चयनित भूमि का डीएम ने किया निरीक्षण

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा पीएनजी सिटी गैस वितरण परियोजना के अंतर्गत डी-कम्प्रेशन यूनिट की स्थापना हेतु अरवल अंचल अंतर्गत अरवल सिपाह पंचायत में चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा चयनित स्थल की भौगोलिक स्थिति, भूमि की उपलब्धता, पहुंच पथ एवं परियोजना की स्थापना से संबंधित आवश्यक पहलुओं का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से भूमि से संबंधित अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना के लिए आवश्यक भूमि संबंधी प्रक्रिया एवं अन्य औपचारिकताओं को नियमानुसार पूरा करते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। उल्लेखनीय है कि पीएनजी सिटी गैस वितरण परियोजना के तहत आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित किए जाने की दिशा में डी-कम्प्रेशन यूनिट की स्थापना एक महत्वपूर्ण पहल है। परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र में पाइपलाइन आधारित गैस वितरण व्यवस्था को विकसित करने की दिशा में प्रगति होगी। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते डीएम।

सेवा सेतु शिविर में पदाधिकारियों ने सुना लोगों की समस्याएं

अरवल (एनएसबी)। जिले के सभी प्रखंडों में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना तथा पात्र लाभुकों को सरकारी सेवाओं से जोड़ना रहा। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, पात्र लाभुकों से संबंधित आवेदन प्राप्त करने, आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने तथा संबंधित सेवाओं के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा आमजनों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा सेवा सेतु शिविर के माध्यम से प्रशासन एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सरकारी सेवाओं को लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। शिविर के दौरान आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो तथा आमजनों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया जा सके। आयोजित सेवा सेतु शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति निम्नवत रही अरवल प्रखंड में कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 62 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। कलेर प्रखंड में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 23 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया तथा 25 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। करपी प्रखंड में कुल 138 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 29 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया तथा 109 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। कुर्था प्रखंड में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 23 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया तथा 25 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 25 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया तथा 03 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके।


सेवा शिविर में आए लोग।

सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निष्पादन को लेकर डीएम ने किया समीक्षा

अरवल (एनएसबी)। सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की जिलाधिकारी ने की समीक्षा- जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा पंचायतों में आयोजित विभिन्न सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा शिविरों में प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति, संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई तथा निष्पादित आवेदनों की गुणवत्ता की जानकारी ली गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं शिकायत का नियमानुसार, पारदर्शी एवं सही तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। केवल आवेदन को निष्पादित दिखाना उद्देश्य नहीं है, बल्कि संबंधित आवेदक की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

जिला पदाधिकारी द्वारा निष्पादित आवेदनों से संबंधित लाभार्थियों से स्वयं संवाद कर फीडबैक भी प्राप्त किया गया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों की समस्याओं एवं अनुभवों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा यह जानकारी ली कि उनके द्वारा दिए गए आवेदन पर संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से उनकी समस्या का समुचित समाधान हुआ है अथवा नहीं। लाभार्थियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिन मामलों में अभी भी किसी स्तर पर कार्रवाई अपेक्षित है, उनका प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सहयोग शिविर का मूल उद्देश्य आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभप्राप्त करने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना है। अतः शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक योग्य आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई हो तथा आमजन को त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जा सके।


समीक्षा करते डीएम।

एसआईआर के विरोध में इंडिया गठबंधन ने निकाला विरोध मार्च

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं व कार्यकताओं ने एसआईआर के विरोध में विरोध मार्च निकाला। मार्च प्रखंड परिसर से शुरू होकर बाजार होते हुए बस स्टैंड पहुंचा, जहां सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका गया।

मोदी-शाह व मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि स्क्फ़ के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाकर उनके मताधिकार को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार दिया है और इस अधिकार की रक्षा करना लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लंबे समय से एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराते रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं से लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।सभा को राजद के डिंपल यादव, राजा, जयनाथ यादव तथा माले के त्यागी जी और सुरेंद्र प्रसाद ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने स्क्फ़ को लेकर अपनी आपत्तियां रखते हुए मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की मांग की।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड के कलेर थाना क्षेत्र के ठाकुर बिगहा गांव के समीप बुधवार की सुबह पुलिस ने अवैध बालू लदे एक सोनालिका ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक वाहन को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। इस संबंध में कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दाउदनगर की ओर से एक ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लादकर ठाकुर बिगहा की ओर लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त स्थान पर वाहन जांच अभियान शुरू किया। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कलेर पुलिस द्वारा अवैध बालू के परिवहन, शराब कारोबार तथा वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में तीन महिलाएं गिरफ्तार

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड के पहलेजा गांव में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक टीम पर पथराव करने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में मेहंदिया पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों महिलाएं मामले की दो नामजद एवं एक अप्राथमिकी अभियुक्त बताई जा रही हैं। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद तीनों को जेल भेज दिया।

द्वितीय अपीलीय प्राधिकार में कुल 10 आवेदन निष्पादित

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)। जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर द्वारा द्वितीय अपीलीय प्राधिकार में कुल 10 आवेदन का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। अपीलार्थी हरे राम, मोहल्ला भूसंडा, मानपुर के द्वारा लोक भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में वाद किया गया है सुनवाई के क्रम में अंचलाधिकारी मानपुर द्वारा बताया गया कि भूमि रैयती खाते प्लॉट की है, जिला पदाधिकारी के द्वारा आवेदक को सक्षम न्यायालय में जाने की सलाह दिया गया है। अपीलार्थी राजेश सिंह, बारा बोधगया के द्वारा निजी जमीन की मापी एवं सीमांकन के बाबजूद दूसरे विपक्षी द्वारा जबरन कब्जा रखा हुआ है, डीएम ने अंचलाधिकारी बोधगया को निर्देश दिए हैं कि परिवादी की उपस्थिति में पीलरिंग करवाये। अपीलार्थी गोपाल सिंह, बलिया केवाल कला डुमरिया के आवेदक ने मकान एवं जमीन पर दखल कब्जा दिलाने हेतु मामला दायर किया था, आज सुनवाई में बताया गया कि अपर समाहर्ता गया द्वारा आदेश पारित है जिसपर आवेदक ने असंतोष जाहिर किया है, आवेदक को बताया गया कि अपीलीय न्यायालय में अपना वाद दायर कर सुनवाई कर सकते हैं।



जदयू का 'फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद'कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर हिलालपुर स्थित संत जॉन्स एकेडमी के प्रांगण में जदयू का 'फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद'कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार विशेष रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा और प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा का गंगा किनारे बसे बिहार के 12 जिलों - बक्सर, भोजपुर, सारण,पटना, वैशाली, समस्तीपुर,बेगूसराय, लखीसराय,मुंगेर,खगड़िया, भागलपुर और कटिहार में संवाद निर्धारित है,जो इस संधि के कारण सबसे अधिक प्रभावित है। इस मौके पर वैशाली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विधायक श्री सिद्धार्थ पटेल, विधायक श्री महेंद्र राम, प्रदेश महासचिव श्री जागेश्वर राय, प्रदेश महासचिव सह कार्यक्रम प्रभारी श्री शंभू कुशवाहा, जिला अध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र सिंह, विजय सहनी,रोबिन सिंहा,सुदेश कुमार मुन्ना सिंह,संतोष कुशवाहा, अरविन्द राय , पंकज पटेल,शक्ति किशोर, नीरज कुमार ,अमरनाथ चौधरी, हरिहर सहनी,राम सिंह, श्याम राय, सुनील कुमार, त्रिविक्रम सिंह,मोनिका सिंह, इंद्रजीत राय, विक्की कुशवाहा, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारीगण और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान इस विषय पर पाटी द्वारा तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म खास तौर से दिखाई गई।साथ ही विस्तृत जानकारी के लिए पम्फलेट भी बांटा गया। अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा ने कहा कि 1996 में भारत और बांग्लादेश के बीच हुई यह संधि भारत के , खासकर बिहार के हित में नहीं है, इसलिए इसका नवीनीकरण नहीं होना चाहिए और अगर कोई संधि होती भी है तो बिहार की 2050 तक की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जदयू का अभियान किसी के खिलाफ नहीं है, यह बिहार के हक और भविष्य की बात है। बिहार की जल जरूरतों पर गंभीरता से विचार का समय आ गया है। फरक्का बराज और इस संधि के कारण बिहार को पिछले तीन दशकों से पर्यावरणीय और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।हमारे नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी लम्बे समय से इस विषय को लेकर बिहार की चिंता सामने रखते रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि फरक्का बराज और फरक्का जल संधि से बिहार को दोतरफा नुकसान हो रहा है। जहाँ फरक्का बराज के कारण गंगा में गाद जमा होने से उसका तल ऊचा हो गया है और उसके कारण हमें हर साल बाढ का सामना करना पड़ता है, वहीं फरक्का जल संधि के कारण हमें अपने हिस्से का पानी भी बांग्लादेश को देना पड़ता है और इस कारण हमारे कई जिलों में सूखे की स्थिति आ जाती है। इस अंतरराष्ट्रीय संधि का 73% बोझ अकेला बिहार उठा रहा है, ये बिहार के साथ अन्याय है।

फरक्का बराज और फरक्का जल संधि से बिहार को दोतरफा नुकसान-जदयू



संक्षिप्त खबरें

महनार में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विरोध में राजद ने किया प्रदर्शन

मदन चौक पर कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग



महनार/एनएसबी। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में राजद कार्यकताओं ने बुधवार को महनार बाजार के मदन चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान राजद कार्यकताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। राजद नेता अभय कुमार राय, नप सभापति रमेश कुमार राय, जवाहर साह, निर्भय कुमार राय, मो. इरशाद आदि ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। नेताओं ने आरोप लगाया कि पूरे देश में भाजपा की सरकार वोट चोरी कर-के बनाई गई है। कार्यकताओं ने कहा कि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इन मामलों की जिम्मेदारी लेते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा देने की मांग की।

जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने जननी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति का भ्रमण किया

हाजीपुर/एनएसबी। जीविका दीदियों को सशक्त बनाने के लिए जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने जननी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दीदियों के उत्साहवर्धन हेतु उनके साथ पापड़ बेले और



उसका स्वाद भी चखा। डीएम ने केला चिप्स, पापड़, लहठी, मोमबत्ती और मिट्टी की मूर्तियों के उद्यमों को देखा। उन्होंने कहा कि ये उद्यम दीदियों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। 1553 समूहों से जुड़ी केला उत्पाद कंपनी का अवलोकन किया। जानकारी के अनुसार, आभा कुमारी ने सरस मेले में केला उत्पाद बेचकर 14 हजार कमाए। दीपा कुमारी मिट्टी की मूर्ति से सालाना 4 लाखकमा रही हैं। प्रतिभा मिश्रा लहठी से 15 हजार महीना कमा रही हैं।सिंकू देवी मोमबत्ती और श्वेता कुमारी पापड़ से अच्छी आमदनी कर रही हैं। डीएम ने सभी दीदियों को व्यवसाय का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अगमकुआं में गांजा के साथ पकड़ाया

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना के छोटी पहाड़ी टीओपी की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए गांजा के साथ एक आरोपित को पकड़ा है. थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि पकड़ाये गये युवक के पास से पुलिस दस किलो गांजा बरामद किया है. गिरफ्तार युवक से पूछताछ के आधार पर पुलिस टीम गांजा के धंधे में शामिल अन्य धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

पटना सिटी/एनएसबी। गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय में चौक थाना के किला रोड निवासी कृष्णा राय के पुत्र राधे राय ने न्यायलय में आत्मसमर्पण किया है.थानाध्यक्ष राजकिशेर कुमार ने बताया कि एनडीपीसी एक्ट मे दर्ज प्राथमिकी में आरोपित राधे राय फरार चल रहा था. पुलिस की टीम गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश बना रही थी. इसी बीच उसने न्यायलाय में आत्मसमर्पण किया है.थानाध्यक्ष के अनुसार आरोपित राधा के खिलाफ चौक थाना में दस मामले दर्ज है.

रखरखाब को ले कटेगी दो फीडर की बिजली

पटना सिटी/एनएसबी। पावर सब स्टेशन मीना बाजार से जुड़े 11 केबी महाराजगंज फीडर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक व पश्चिम दरवाजा फीडर साढ़े 11 बजे से डेढ़ बजे तक गुरुवार को बंद रहेगी. गुलजारबाग प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मो सज्जाद अंसारी ने बताया कि रखरखाब कार्य कराने को लेकर फीडर बंद रहेगा. फीडर से जुड़े पश्चिम दरवाजा, सादिकपुर पुलिस चौकी,बेलवरगंज,फायर स्टेशन बेलवरगंज,ओल्ड सिटी कोर्ट,नौजर कटरा व दुर्गा चरण लेन,मीना बाजार निगम ऑफिस,चैलीटाड़,कुर्मी टोला,महाराजगंज,बकरिया टोला,डंका इमली गायघाट व सिटीकोर्ट गायघाट समेत अन्य मुहल्लों में बिजली बंद रहेगी.

मकान से दो लाख की संपत्ति चोरी

पटना सिटी/एनएसबी। चौक थाना क्षेत्र के लाल इमली बाग साधू राम अखाड़ा मुहल्ला निवासी चुन्नी देवी के बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने दो लाख रुपये से अधिक संपत्ति चोरी की है. पीड़ित की ओर से चौक थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी है. इसके आधार पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है. पीड़िता ने बताया कि वो मकान में ताला बंद कर गुड़ की मंडी स्थित बेटी के घर गयी थी. वापस लौटी तो देखा कि ताला टूटा हुआ है.चोरों ने बक्सा में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपये से अधिक के सोने-चांद के आभूषण और 25 हजार रुपये नगद अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है. पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है.

गले से उड़ाया सोने का चेन

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना के जीरो माइल के पास ऑटो पर सवार हुए पाटलिपुत्र थाना के महेश नगर रोड नंबर एक निवासी कौशल कुमार के गले से सोने का चेन उड़ा लिया है. पीड़ित की ओर से थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है. इसके आधार पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है. पीड़ित ने शिकायत में पुलिस को बताया है कि बस से उतर कर बोरिंग रोड जाने के लिए ऑटो में बैठा था. जिसमें पहले से दो यात्री सवार थे. रास्ते में चालक ने उतार दिया. जब देखा तो चेन गायब है. गायब चेन की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है. पुलिस छानबीन की बात कह रही है.

अधिवक्ता संघ का चुनाव पर आज,कल होगा मतगणना

पटना सिटी/एनएसबी। अधिवक्ता संघ पटना सिटी का चुनाव गुरुवार को मतदान और नौ अक्तूबर शुक्रवार को मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा होगी. चुनाव पदाधिकारी कंचन कुमार एवं तीन सदस्यीय कमेटी सदस्य सत्येन्द्र नाथ पाण्डेय, संजय कुमार और शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि संघ के सत्र 2026--28 के पदाधिकारियों के लिए होने वाले चुनाव अधिवक्ताच संघ के पुराने भवन में सुबह नौ बजे से चार बजे तक वोटिंग होगी. इसके लिए वोटिंग के दौरान दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती रहेगी. बार काउंसिल से आब्जर्बर की उपस्थिति में रहेगे. संघ के प्रस्तावित चुनाव में अध्यक्ष का एक पद, महासचिव एक पद, उपाध्यक्ष के तीन, ट्रेजरर के एक पद, संयुक्त सचिव और सहायक सचिव के तीन -तीन पद, आंडिटर के दो पद और कार्यकारिणी सदस्य के सात एवं वरीय कार्यकारिणी सदस्य के पांच पदों पर 68 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. जबकि 727 मतदाता है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के कार्यकाल के 25 वर्ष पूरे होने कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर के एसडीओ रोड कुशवाहा आश्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण एवं विकसित भारत का संकल्प सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के पश्चात शहर में ज्योति सेवा रथ यात्रा निकाली गई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सेवा के कार्यकाल के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दक्षिणी अजय कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता और नए भारत का शिल्पकार है और उनके दीर्घायु एवं स्वास्थ्य जीवन की प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी का राष्ट्र प्रथम का संकल्प और 145 करोड़ देशवासियों के कल्याण के लिए उनका जीवन दर्शन भारत के सपनों को पूरा करने की प्रेरणा देता है। उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण में नए मानक स्थापित कर रहा है ।हाजीपुर के माननीय विधायक अवधेश



सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शिता और देश को दी गई सही दिशा की तारीफ की। हमारा देश 140 करोड़ का देश है यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इसके सजग प्रहरी है एवं वह हमारे देश के गरीबों के मसीहा है। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान सम्मान बढ़ा है और देश की जनता हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर अटूट विश्वास करती है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संजय सहाय, पूर्व विधायक सतीश यादव ,पूर्व सांसद वीरचंद्र पासवान ,राज्यसभा सांसद शिवेश राम, मंत्री लखिदर पासवान, लालगंज विधायक संजय सिंह, डॉ ज्योति ,सुनील दास, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह, बबीता सिंह , मिथिलेश तिवारी,जिला मंत्री पप्पू शर्मा, पूनम गुप्ता, विजय कुशवाहा, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कल्याणी कुशवाहा, , जिला मीडिया प्रभारी रंजीत बाबुल आदि बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

इंडिया गठबंधन समन्वय समिति, द्वारा प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन किया गया

महुआ/एनएसबी। इंडिया गठबंधन समन्वय समिति, बिहार के तत्वावधान में आज महुआ गांधी चौक पर महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया।इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी महुआ के प्रखंड



अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष महुआ मुकुंदपुर, उत्कर्ष महाराज उर्फ बच्चा बाबू ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियादी व्यवस्था है और इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। उन्होंने संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने तथा देश में निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने की मांग की। कांग्रेस नेता राजू साह ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और विश्वसनीयता को बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों की जिम्मेदारी है।वहीं राजद नगर अध्यक्ष श्रीकांत यादव ने सभा को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा तथा निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम में राजद नेता अनिल गुप्ता, रामा शंकर यादव, प्रखंड अध्यक्ष नसीम रब्बानी, प्रखंड युवा अध्यक्ष रणविजय यादव, मोहम्मद सद्दाम, कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल मंत्री मोहन राय, पूर्व अंचल मंत्री सूरज राय, अक्सऋजिला अध्यक्ष आदर्श रंजन, कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार राम,पंकज कुमार सिंह, अनिल कुमार,विकास दास, मोहम्मद इरशाद सहित महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा है जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से इंडिया गठबंधन लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए अपनी आवाज मजबूती से उठाता रहेगा।

गोरौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

गोरौल/एनएसबी। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को गोरौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ,जिसकी अध्यक्षता महुआ अंचल पुलिस निरीक्षक रणवीर कुमार झा ने किया।मौके पर बीडीओ पंकज कुमार निगम, सीओ सीमा रंजन,थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने क्षेत्र में बन रहे दुर्गा पूजा पंडाल के संचालको से क्षेत्र के बारे में जानकारी हासिल किया।थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बीते वर्ष 28 जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी थी। पूजा स्थलों पर मेले का आयोजन होने के कारण काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को लेकर पूजा समितियों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि सभी पूजा समितियों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। उन्होंने पूजा समितियों को डीजे का प्रयोग नहीं करने की हिदायत देते हुए कहा कि पूजा के दौरान शांति व्यवस्था और सौहार्द का पूरा ध्यान रखा जाए।सभी पूजा पंडालों और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या विवाद की स्थिति में लोग तत्काल पुलिस आवर दण्डाधिकारी को सूचना दें पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। जगह जगह पुलिस व दण्डाधिकारी भी तैनात किए जायँगे।गोरौल के अंधारीगाछी, पिरोई के लक्ष्मी चौक पर रावण का पुतला दहन का भी कार्यक्रम पूर्व से होता आया है।ऐसे में समितियों की जबाबदेही ज्यादा है। स्वच्छ छवि के सदस्यों द्वारा निगरानी रखे।बीडीओ पंकज कुमार निगम ने कहा कि दुर्गा पूजा खुशी व हर्षोल्ल्लास का पर्व है।इसमें असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर होगा। मांस मछली के दुकान सड़क किनारे पूरे नवरात्र में बंद रहेंगे।नगर पंचायत गोरौल के पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी को को निर्देश दिया गया कि गोरौल चौक,कपूरी चौक सहित अन्य जगहों पर जहा पूरे दिन ऐसे दुकान खुले रहते है ।जिन्हें आगे से ढक कर रखे,ताकि नवरात्र करने बाले व्यक्ति को किसी तरह की असुविधा न हो। आमलोगों से अफवाह और सोशल मीडिया पर बिना पुस्टि की खबर पर ध्यान नही दे।ऐसा कोई कंटेंट दिखे तो तुरंत प्रशासन को सूचना दे।हलाकि सीओ सीमा रंजन ने कही कि पूजा पंडाल में पंडाल निर्माण हवादार बनावे,अग्निशामक की व्यवस्था रखे।मौके पर जदयू के जिला पार्षद रुवी देवी,प्रखंड प्रमुख मुन्ना कुमार,मुखिया शिव शंकर सिंह,पूजा पंडाल के सञ्चालक अजबलालराय, प्रभु सहनी,गणेश सहनी ,नगर पंचायत के राजकिशोर भी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

दुर्गा पूजा को ले थानास्तर पर शांति समिति की बैठक

होगा अनुमंडल स्तर की बैठक

पटना सिटी/एनएसबी। दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चौक थाना में थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति और पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक हुई। बैठक में थानाध्यक्ष सरकार के गाइडलाइन से समिति को अवगत कराते हुए पालन करने में सहयोग की अपील की. थानाध्यक्ष ने कहा कि पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ आग बुझाने के लिए बाल्टी में बालू भरकर रखना होगा. डीजे बजाने पर पूर्ण तरीके से रोक लगायी गयी है. बैठक का संचालन अपर थानाध्यक्ष सोनी कुमारी ने की. बैठक में राजेश शुक्ला टिल्लू,राजेश चौधरी,संजीव देवड़ा,प्रफ्फुल पांडे,विनय कुमार बिट्टू,संजीव सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे. इसी प्रकार से आलमगंज थना में भी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में शांति समिति व पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक हुई. बैठक में थानाध्यक्ष ने विधि व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने और विजर्सन स्थल भद्र घाट पर की तैयारी से अवगत कराया. दूसरी ओर अनुमंडलीय शांति समिति के सदस्यों की बैठक दस अक्तूबर को गायघाट स्थित गुलजारबाग स्टेडियम में आयोजित की गयी है.

पोस्टर तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित

पटना सिटी/एनएसबी। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकिसत भारत विषय पर पोस्टर तथा भाषण प्रतियोगिता गायघाट स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग मे हुई. प्रतियोगिता की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या प्रो श्रुति तेतरवे ने करते हुए विकिसत भारत में युवाओं की भूमिका को रेखाकिंत किया.कार्यक्र म का संचालन डॉ कुमारी मणि तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ कुमारी निमिषा ने किया. आयोजन में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे. इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में शामिल डॉ किरण कुमारी व डॉ संगीत विश्वनाथ ने 27 छात्रओं में ज्या नंदा,वैशाली बी परवीन को,भाषण प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ रंजु व डॉ विनीता ने पल्लवी, मीनाक्षी व आयशा को अंग्रेजी में और हिंदी में स्नेहा, प्रज्ञा, तनिशा तथा शैली,को विजेता घोषित किया.

महागठबंधन द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन और पुतला दहन

बिदुपुर/एनएसबी। महागठबंधन द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बिदुपुर में जुलुश निकाला गया साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह एव मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया। बिदुपुर प्रखंड कार्यालय परिसर से पुतला लेकर जुलुश के रूप में वोट चोर गद्दी छोड़,



ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, चुनाव आयुक्त हाय हाय,आदि नारे लगाते हुए मायाराम हाट तक गए और फिर नारे लगाते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर लौटे जहा पर खूब नारेबाजी की और पुतला में आग लगाया ।मौके पर सम्बोधित करते हुए राजद के प्रदेश महासचिव नागेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि एसआईआर के नाम पर चुनाव आयुक्त ने देश के 14 करोड़ वोटरों का नाम काट दिया है। जिसके कारण चुनाव के नतीजों में परिवर्तन हुआ है महागठबंधन मांग करती है कि जनून वोटरों का नाम जोड़ा जाए बिहार बंगाल का इलेक्शन रदद् किया जाए और ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दे। जबतक मांग पूरी नही होगी महागठबंधन के आंदोलन लगातार चलता रहेगा। मौके पर युवा राजद नेता उत्पल यादव, प्रखंड अध्यक्ष नित्यानंद सरोज, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर यादव, पूर्व प्रमुख जितेंद्र राय, राकेश रमन चौबे, कन्हैया सिंह, निर्दोष यादव, अजय यादव, सत्यप्रकाश यादव, देवराज सिंह, बैरिस्टर राय, सिप्रसाद राम, बिभा रानी माले के रमाशंकर भारती, गोपाल पासवान,रामबाबू भगत, अरविंद दास, राज कुमार राम आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

उचकागांव में फायरिंग और मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज शहर के जंगलिया और उचकागांव थाना क्षेत्र के उजरा नारायणपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर फायरिंग और जानलेवा हमला मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जिसे बुधवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उचकागांव थाना क्षेत्र के धर्मचक गांव में 20 अगस्त की देर रात दरवाजे के बाहर बैठी महिला यासमीन खातून पर गोपालगंज शहर के शबनम होटल के समीप स्थित एक जमीन के विवाद को लेकर की गई फायरिंग मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को उचकागांव थाना के दरोगा आनंद कुमार सिंह ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के जंगलिया वार्ड नंबर 15 निवासी जावेद आलम के रूप में की गई है। मामले में पीड़ित महिला यासमीन खातून के आवेदन पर गिरफ्तार आरोपित सहित सात नामजद व 20-25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। जबकि उचकागांव थाना क्षेत्र के उजरा नारायणपुर गांव में दरोगा टिंकू कुमार ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर खेत में दवा का कचरा फेंकने को लेकर दवा व्यवसाई और उनके बेटे पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के उजरा नारायणपुर गांव के आजाद आलम के रूप में की गई है। मामले में मेडिकल स्टोर संचालक प्रभुनाथ सिंह, उनके बेटा आदित्य कुमार के घायल होने के बाद आवेदन प्राप्त नहीं होने पर मामले में दरोगा नीतू कुमारी ने गिरफ्तार आरोपित सहित पांच नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपितों को पूछताछ के बाद बुधवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया।

दिल्ली में नीतीश ने लहराया परचम, पैरा बोसिया में जीता स्वर्ण पदक

बोसिया इंडिया फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन, गोपालगंज के खिलाड़ी की उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट प्रखंड के उचकागांव निवासी दिव्यांग पैरा बोसिया खिलाड़ी नीतीश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित दूसरे बोसिया इंडिया फेडरेशन कप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है।प्रतियोगिता का आयोजन नई दिल्ली स्थित राजपूताना राइफल्स इंडोर स्टेडियम में किया गया था।नीतीश की इस उपलब्धि से गोपालगंज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।प्रतियोगिता में नीतीश ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।उनकी सफलता की जानकारी मिलते ही उचकागांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्वजनों, खेल प्रेमियों और ग्रामीणों ने नीतीश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।नीतीश राष्ट्रीय स्तर के पैरा बोसिया खिलाड़ी हैं और इससे पहले भी विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं।अपनी सफलता पर नीतीश ने फोन पर कहा कि यह पदक केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के विश्वास और सहयोग का नतीजा है, जो हर कदम पर उनके साथ खड़े रहे।उन्होंने कहा कि उनका सफर अभी खत्म नहीं हुआ है, बल्कि यह एक नई शुरूआत है।देश और बिहार का नाम रोशन करने के लिए वह आगे भी पूरी मेहनत और लगन के साथ खेलते रहेंगे।

आवास सहायकों की बैठक में निर्माण कार्य पूरा कराने पर जोर

लाभुकों के आवास निर्माण की अद्यतन स्थिति की बीडीओ ने की समीक्षा



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय में बुधवार को आवास सहायकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित आवास से संबंधित योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की गई। बीडीओ ने सभी आवास सहायकों से क्षेत्र में आवास निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अधूरे आवासों को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया।बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आवास योजना के तहत चिन्हित प्रत्येक लाभुक को निर्धारित मानकों के अनुरूप आवास निर्माण पूरा कराना प्राथमिकता है। इसके लिए आवास सहायक लाभुकों से लगातार संपर्क करें और निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर उसका समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों ने आवास निर्माण शुरू नहीं किया है, उन्हें प्रेरित कर जल्द कार्य शुरू कराया जाए। वहीं, निमार्णाधीन आवासों की नियमित निगरानी करते हुए प्रगति की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में आवास सहायकों को क्षेत्र में सक्रिय रहकर पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने तथा लंबित कार्यों में तेजी लाने को कहा गया।

शराब लदी कार खंभे से टकराई, 293 लीटर शराब बरामद, तस्कर फरार



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट पुलिस ने थाना क्षेत्र के शीतल बरदाहा नहर पुल के समीप मंगलवार की शाम कार्रवाई करते हुए एक कार से 1469 टेट्रा पैक शराब बरामद की। वही कार्रवाई के दौरान चालक अंधेरे का फायदा उठाकर कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शराब समेत कार को जब्त कर लिया है।जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश की ओर से शराब की खेप कुचायकोट थाना क्षेत्र में लाई जा रही है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शीतल बरदाहा गांव के समीप वाहनों की जांच शुरू की।इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही एक संदिग्ध कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया।चालक पुलिस को चकमा देकर कार लेकर भागने लगा।पुलिस ने कार का पीछा किया।इसी दौरान शीतल बरदाहा नहर पुल के समीप कार अनियंत्रित होकर एक खंभे से टकरा गई।हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई।इसके बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें रखा 1469 टेट्रा पैक से 293.76 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब जब्त करने के साथ कार को भी कब्जे में ले लिया।फरार चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

'सेवा ज्योति यात्रा' में उमड़ा उत्साह, गोपालगंज एलिवेटेड कॉरिडोर से जुड़े शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की सेवाभावना एवं राष्ट्रसेवा के उपलक्ष्य में आयोजित ह्यसेवा ज्योति यात्राह्ण का गोपालगंज में भव्य आयोजन हुआ। गोपालगंज एलिवेटेड कॉरिडोर से बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सह बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्यजन यात्रा से जुड़े। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सेवाभाव को लेकर कहा कि ह्यदेश की सेवा का अवसर मेरे लिए सौभाग्य है। 25 वर्षों की यह यात्रा मेरे लिए पद की नहीं, बल्कि निरंतर सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यात्रा रही है।ह्व वहीं, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि ह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 25 वर्षों का सेवाकाल भारत के विकास, गरीब कल्याण और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की प्रेरणादायी गाथा है।

उचकागांव में एएनडीआईए समर्थकों ने मोदी, शाह व ज्ञानेश का फूंका पुतला



(प्रदर्शन करते महागठबंधन के सदस्य)



(पुतला दहन करते महागठबंधन कार्यकर्ता)

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड मुख्यालय पर बुधवार के दिन वोट चोरी मुद्दे को लेकर आईएनडीआईए गठबंधन द्वारा चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के क्रम में राजद प्रदेश महासचिव रूपेश कुमार यादव के नेतृत्व में आईएनडीआईए समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन उचकागांव मुख्यालय मोड से शुरू होकर उचकागांव प्रखंड मुख्यालय गेट तक किया गया। जहां समर्थकों ने चंदा चोर कहां मिलेगा बीजेपी के दफ्तर में, वोट चोर कहां मिलेगा बीजेपी के दफ्तर में, वोट चोर गद्दी छोड़ सहित प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। वहीं प्रखंड मुख्यालय पर तीनों का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह सदर विधानसभा प्रत्याशी ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के द्वारा देश के 14 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सत्ता हथियाई गई है। जिसको देखते हुए बिहार सहित सभी राज्यों में देशव्यापी वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन चल रहा है। जब तक ज्ञानेश कुमार पद से इस्तीफा नहीं देंगे विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज जिले के सभ प्रखंडों में समर्थकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वही कल जिला मुख्यालय में भारी संख्या में पहुंचे आईएनडीआईए समर्थकों एवं जनमानस के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर वीआईपी के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत बीन, राजद नेता मुकेश सिंह, राकेश तिवारी, भरत यादव, सुभाष तिवारी दरोगा यादव, चंद्रमा यादव, सत्तार अली, सुभाष यादव सहित काफी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने शुरू किया सेवा संकल्प अभियान



(मशाल जलाते मंत्री व अन्य)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के देश की सेवा को आज 25 वर्ष पूरे होने को लेकर देश भर में भारतीय जानता पार्टी 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत गोपालगंज में आयोजित 'सेवा ज्योति यात्रा' एवं 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री के सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प के साथ विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक और कदम सराहनीय रहा है। आज इस कार्यक्रम की शुरूआत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यजनसेवा से राष्ट्रसेवाह्ण को अपने जीवन का ध्येय बनाते हुए, प्रधानमंत्री जी ने हर चुनौती को अपनी तपस्या, साधना और अटूट संकल्पशक्ति से अवसर में बदला है। महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान व सशक्तीकरण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की इस महायात्रा को अभूतपूर्व गति मिली है, जो मोदी जी के नेतृत्व में एक सशक्त और समर्थ भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। हम संकल्पित हैं, हम सक्षम हैं और हम मिलकर ह्यविकसित भारतह्ण के सामूहिक स्वप्न को साकार करेंगे। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को संबोधित करते हुए कहा की भारत 140 करोड़ सपनों का, असीमित ऊर्जा का, अनगिनत आकांक्षाओं का राष्ट्र है। अब जब विकसित भारत बनाना है, तो हमें देश के लिए जीना होगा। हम बढ़ेंगे... तो देश के लिए, हम सीखेंगे... तो देश के लिए, हमारे संकल्प होंगे... देश के लिए, हमारा परिश्रम होगा... देश के लिए, जब हम ये भावना लेकर चलेंगे, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं रह जाएगा। वही गोपालगंज में इस कार्यक्रम में जुड़ने के लिए बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जनक राम, विधान पार्षद राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू, विधायक सुभाष सिंह, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामप्रवेश राय, गोपालगंज के प्रभारी दीपेंद्र सर्राफ की उपस्थिति रही। गोपालगंज के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गिरि ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम को भव्य एव दिव्य बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

वोट चोरी के खिलाफ प्रखंड मुख्यालयों पर महागठबंधन का प्रदर्शन



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर महागठबंधन के आह्वान पर गोपालगंज जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान महागठबंधन के कार्यकताओं ने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। कुचायकोट में प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राजद के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है और मतदाताओं के अधिकारों एवं चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट और संतोषजनक जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा संबंधित आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की। महागठबंधन नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में राजद, कांग्रेस, सीपीआई, वीआईपी, सी.पी.एम. तथा माले के कार्यकर्ता मौजूद थे।

कराटे में श्रेष्ठ चैबे ने जीता स्वर्ण, अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएगा दम

ईस्ट इंडिया जोन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन, दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट प्रखंड के खुटवनिया गांव निवासी सात वर्षीय छात्र श्रेष्ठ चैबे ने कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।पटना में दो से चार अक्टूबर तक आयोजित ईस्ट इंडिया जोन कराटे प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की ओर से हिस्सा लेते हुए श्रेष्ठ ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अब उसका चयन दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है।श्रेष्ठ की इस उपलब्धि से खुटवनिया गांव में खुशी का माहौल है।परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी सफलता पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।जानकारी के अनुसार, श्रेष्ठ के पिता चंद्रभान चैबे कोलकाता में परिवार के साथ रहकर नौकरी करते हैं। श्रेष्ठ उनका इकलौता पुत्र है और कोलकाता में दूसरी कक्षा में पढ़ाई करता है। बचपन से ही उसे कराटे खेलने में विशेष रुचि रही है। रिश्तेदार डॉ. लोकेश चैबे ने बताया कि श्रेष्ठ की प्रतिभा को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन की ओर से उसे कराटे का प्रशिक्षण दिलाया जाता है। नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर उसने ईस्ट इंडिया जोन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

उचकागांव में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्रों का हुआ चयन



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उचकागांव प्रखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रखंड स्तरीय भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में आयोजित भाषण प्रतियोगिता जिसका विषय था 1947 में विकसित बिहार में प्रखंड क्षेत्र की अलग-अलग विद्यालयों से 11 छात्राएं शामिल हुई। जिसमें बेहतर भाषण देने वाली तीन छात्राओं का चयन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर उत्क्रमित हाई स्कूल कपरपुरा की छात्रा सनम कुमारी, द्वितीय स्थान त्रिलोकपुर हाई स्कूल के छात्र मुस्कान कुमारी और तृतीय स्थान जयराम तिवारी हाई स्कूल दहीभाता की छात्रा आकृति कुमारी रही। जबकि मेरे सपनों का भारत विषय पर आयोजित प्रखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कक्षा 8 की छात्रा सोनाली कुमारी प्रथम, मध्य विद्यालय बालाहाता की छात्रा सुरभि कुमारी ने द्वितीय और मध्य विद्यालय साथी की छात्रा खुशी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्राओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बीईओ मनोज कुमार पंडित ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं आज गुरुवार के दिन जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर लेखापाल मुनमुन कुमार, प्रधान शिक्षक बीरबल प्रसाद, अमर कुमार, बशिष्ठ प्रसाद सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

बथुआ बाजार में महागठबंधन ने चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया प्रखंड के बथुआ बाजार में बुधवार को महागठबंधन के नेताओं व कार्यकताओं ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता पुतला लेकर पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए इंसाफ चैक पहुंचे। यहां नारेबाजी के बीच पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने चुनाव आयुक्त पर एक विशेष दल को लाभ पहुंचाने के लिए काम करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड राजद अध्यक्ष अली अकबर अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्त एक विशेष दल को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। राजद नेता भरत यादव ने कहा कि चुनाव आयुक्त के रवैये से लोकतंत्र की व्यवस्था निरंकुश होती जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता लोकतंत्र की बुनियादी जरूरत है।प्रदर्शन के दौरान पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, राजद नेता रघु यादव, माले नेता श्रीराम शर्मा, अभिषेक कुमार, अभय, जयराम यादव, गोल्डन मिश्रा, बुलेट यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी व्यक्त की। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान बथुआ बाजार के इंसाफ चैक के आसपास कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। बाजार में वाहनों की आवाजाही धीमी होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

एसआईआर के विरोध में महागठबंधन का मार्च, ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

ह्यज्ञानेश कुमार हटाओ, लोकतंत्र बचाओह्ण के लगाए नारे मतदाता अधिकार सुनिश्चित करने की मांग

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम काटे जाने के विरोध में महागठबंधन के आह्वान पर बुधवार को कुचायकोट बाजार के अस्पताल मोड़ पर ह्यज्ञानेश कुमार हटाओलोकतंत्र बचाओ मार्चह्ण निकाला गया।मार्च में शामिल कार्यकताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की मांग की।मार्च के बाद कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर विरोध जताया।इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना और उसके मतदान के अधिकार को सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।वक्ताओं ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों की जांच कराने तथा जिन योग्य मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, उन्हें पुनः शामिल करने की मांग की।कार्यक्रम में भाकपा-माले के नन्देश्वर राम, आरआर नशेमन, आरती देवी, योगेन्द्र बिन, अरविंद शर्मा, माधुरी देवी व विजय सहनी तथा कांग्रेस के आर. अंसारी, सतार अंसारी, मुकेश यादव, संत कुशवाहा, मुन्ना प्रसाद, विश्वकर्मा शर्मा और पीएन उपाध्याय सहित महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नटवा महावीरी अखाड़ा जुलूस में झड़प के मामले में 77 नामजद और 100 अज्ञात पर प्राथमिकी

कटेया (दैनिक नवसंदेश) पंचदेवरी प्रखंड के नटवा महावीरी अखाड़ा मेला में सोमवार को जुलूस के दौरान हुए विवाद और झड़प के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में 77 नामजद तथा करीब 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी अंचलाधिकारी, पंचदेवरी द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि नटवा स्कूल के समीप महावीरी अखाड़ा जुलूस के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया। देखते ही देखते विवाद झड़प में बदल गया। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने मौके से डीजे से संबंधित कई उपकरण और वाहनों को जब्त किया। जब्त सामान में डीजे बॉक्स, मिनी ट्वीटर, बेस, टॉप, मशीन, लेजर सहित अन्य उपकरण शामिल हैं।